CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 10 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 280 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित: राहुल गांधी पेज 2



पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग बाहर खेल टाइम्स



वाई क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं सम्पादकीय



खामेनेई ने दी ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत पेज 12

# बांग्लादेश हिंसा पर भारत की दो टूक

## विदेश मंत्रालय ने कहा: बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न निंदनीय, खतरे में सुरक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर चिंता जताई।

जायसवाल ने कहा कि हम लगातार देख रहे हैं कि चरमपंथियों की ओर से अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनके घरों और व्यवसायों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। यह चिंताजनक सिलसिला है। ऐसी सांप्रदायिक घटनाओं से तत्काल और



सख्ती से निपटना जरूरी है। ऐसी घटनाओं को व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता, राजनीतिक मतभेद या बाहरी कारणों से जोड़ने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। इस तरह की अनदेखी अपराधियों को और भी

- अमेरिकी संसद में पेश बिल पर भी प्रतिक्रिया दी
- शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर जताया विरोध

बेखौफ बनाती है और अल्पसंख्यकों के बीच खौफ और असुरक्षा की भावना को और गहरा करती है। अमेरिकी संसद में रूसी तेल की खरीद को लेकर 500 फीसदी टैरिफ का प्रावधान करने वाले विधेयक को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। हम प्रस्तावित विधेयक से अवगत हैं। हम घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों के व्यापक मुद्दे पर हमारा रुख सर्वविदित है। इस प्रयास में हम वैश्विक बाजार की बदलती परिस्थितियों और 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों दोनों से अवगत हैं कि इन्हें पूरा करने के लिए सस्ती ऊर्जा विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध हो। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त की।

# देश की आंतरिक सुरक्षा और मजबूत होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह कदम देश की काउंटर-आईईडी और आंतरिक सुरक्षा संरचना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

एनआईडीएमएस को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो आईईडी से संबंधित डेटा के संग्रह, समेकन और वितरण को व्यवस्थित करने में मदद करेगा। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान अमित



- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लॉन्च किया देश का पहला राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम

शाह ने कहा कि इंटर-एजेंसी समन्वय भी अब और बेहतर होगा। यह सही समय और सही जगह पर सही जानकारी पहुंचाने का एक बहुत प्रभावी तरीका होगा। एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों का विश्लेषण किया है और किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार किया है। आतंकवाद रोधी गतिविधियां, हाइजैकिंग विरोधी आपरेशन, बम निष्कासन की उन्नत प्रणाली और अब सभी एजेंसियों के साथ डेटा साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना ये सभी एनएसजी के महत्वपूर्ण कार्य हैं। एनएसजी के डायरेक्टर जनरल ब्रिघु श्रीनिवासन ने बताया कि पिछले 11 महीनों में एनएसजी ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस सिस्टम को तैयार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से संभव एक फरवरी को बजट

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हो सकता है। केंद्रीय बजट एक फरवरी, रविवार को पेश किया जा सकता है। संसद के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह संभावित कार्यक्रम संसदीय मामलों की कैबिनेट कमिटी ने बनाया है। इसके अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का पारंपरिक संबोधन साल के पहले संसद सत्र के पहले दिन होता है। दोनों सदन 29 जनवरी को नहीं मिलेंगे, क्योंकि उसी दिन बीटिंग रिट्रीट समारोह आयोजित होगा। संसद में 30 जनवरी को बैठक करेगी। उस दिन इकानॉमिक सर्वे पेश किया जा सकता है।

### हिमाचल में बस दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में 12 लोगों की मौत

**नाहन।** हिमाचल के सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ये बस कुपवी से शिमला जा रही थी। जो हरिपुरधार के पास 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार बस में 45 लोग सवार थे।

### लालू यादव, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** आगामी बिहार चुनाव के बीच आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय हो गए। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, धारा 120 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत आरोप तय कर दिए हैं।

### गुजरात के राजकोट में 12 घंटे में सात भूकंप आए

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में पिछले 24 घंटे में भूकंप के 7 झटके महसूस किए गए। झटके हल्के थे, जिससे किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इन झटकों की तीव्रता 2.7 से 3.8 के बीच दर्ज की गई। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

## आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई शर्मिला टैगोर के वकील को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया। उनके वकील ने कहा कि सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते।

दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से वहां है लेकिन कभी किसी को नहीं काटा। इस बात पर कोर्ट ने टैगोर के वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि क्या उस कुत्ते को हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर भी ले जाया गया है? सड़कों पर रहने वाले कुत्तों में अक्सर कीड़े-मकोड़े

**याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का किया विरोध**



**कहा: सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते, दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से है, कभी किसी को नहीं काटा**

होते हैं और हॉस्पिटल में ऐसे संक्रमित कुत्तों की मौजूदगी से भयावह स्थिति हो सकती है। क्या आपको इसकी समझ है? हम आपको इस बहस की वास्तविकता से अवगत कराएंगे। आप सच्चाई से बिल्कुल परे हैं और हॉस्पिटल में ऐसे कुत्तों को अच्छा दिखाने या महान साबित करने की कोशिश न करें। वहीं ऑल क्रिएचर्स ग्रेट एंड स्मॉल (एसीजीएस) संस्था की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस मामले में कानून पहले से मौजूद हैं, इसलिए कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जब संसद ने दखल नहीं दिया है, तो अदालत भी इसमें न आए। सिंघवी ने आगे कहा कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) अच्छे तो होते हैं, लेकिन वे कानून के सलाहकार होते हैं। किसी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स (जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाना चाहिए। सिंघवी ने अरावली केस का उदाहरण दिया, जहां पहले बनी समिति में ज्यादातर अफसर थे एक्सपर्ट नहीं। इसी वजह से उस फैसले पर दोबारा विचार करना पड़ा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर 2025 को अरावली पहाड़ियों को लेकर फैसला सुनाया था। उसके अनुसार 100 मीटर से ऊपर की ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही 'अरावली हिल्स' माना जाना था। 29 दिसम्बर 2025 को कोर्ट ने अपने फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि पहले एक्सपर्ट राय -शेष पृष्ठ दो पर

# चर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण में होगी CBI जांच

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने की संस्तुति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध व उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए अंकिता भंडारी प्रकरण की सीबीआई जांच कराए जाने की संस्तुति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है और आगे भी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी के साथ हुई इस अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की। मामले की



फाइल फोटो

- स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने लिया फैसला

गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई, जिसका परिणाम यह रहा कि विवेचना और ट्रायल के दौरान किसी भी अभियुक्त को जमानत नहीं मिल सकी। एसआईटी द्वारा गहन विवेचना के बाद अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की गई और निचली -शेष पृष्ठ दो पर

# नेहरू की गलतियां स्वीकार करना जरूरी: शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि नेहरू की गलतियों को स्वीकार करना जरूरी है, लेकिन देश की हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना पूरी तरह गलत और अनुचित है।

थरूर ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र-विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू-विरोधी हैं। नेहरू को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों और दृष्टिकोण की गहरी

- कहा: लेकिन हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना गलत, मोदी सरकार उनकी विरोधी

प्रशंसा करता हूं, लेकिन नेहरू की हर मान्यता और नीति का बिना आलोचना समर्थन नहीं कर सकता। थरूर केरल विधानसभा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव के चौथे संस्करण में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नेहरू भारतीय लोकतंत्र के संस्थापक थे। उन्होंने इसे मजबूती से स्थापित किया।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में आई-पीएसी कार्यालय पर ईडी की छापेमारी के विरोध में जादवपुर से हाजरा क्रॉसिंग तक एक विरोध रैली का नेतृत्व किया।

# मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव, मुझे छेड़ोंगे, तो छोडूंगी नहीं: ममता

**कोलकाता/नई दिल्ली।** प. बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई हैं। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो मैं इन्हें जनता के सामने पेश कर सकती हूं। ममता ने कहा कि कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और अमित शाह को भेजा। मैं आमतौर पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं, लेकिन अगर कोई मुझे छेड़ता है, तो मैं छोड़ती नहीं हूं। इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

- ईडी की रेड के बाद कोलकाता में रैली की
- कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ व हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाली

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार देर रात ई-मेल के जरिये जान से मारने की धमकी दी गई। ई-मेल में राज्यपाल को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोलकाता के पास साल्ट लेक इलाके से पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने धमकी क्यों दी और इसके पीछे क्या साजिश हो सकती है।

# सिर्फ एक कॉल की वजह से अटका व्यापार समझौता

वाशिंगटन, वार्ता

**डोनाल्ड ट्रम्प** ने जब से अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभाला है, तब से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का दबाव जारी है। इसी के साथ हालिया टिप्पणी में इस भार को और बढ़ाने की आशंका जताई है।

भारत के साथ चल रहे ट्रम्प के रिश्तों के बीच अब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत- अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अभी तक अंतिम रूप न दिए जाने के कारण पर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि



व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात नहीं की। उन्होंने दावे के साथ कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से ट्रम्प को फोन न करने के कारण यह समझौता अटका हुआ है। हावर्ड लुटनिक ने साफ कहा कि ट्रेड डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं, बल्कि पीएम मोदी का ट्रम्प को सीधे फोन नहीं करना है। ऑल-इन पॉडकास्ट में बोलते हुए अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने दावा किया कि ट्रेड डील की

- अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया

रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी को डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बात करनी थी। बकौल लुटनिक भारत सरकार इसके लिए सहज नहीं थी और आखिरकार यह कॉल नहीं की गई, जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया। इंटरव्यू में लुटनिक ने कहा कि चलिए साफ कर देता हूं, यह उनकी (ट्रम्प) डील थी, वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सब कुछ करते हैं। सब कुछ पहले से तय था, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ राष्ट्रपति ट्रम्प को फोन करना था। वे ऐसा करने में असहज महसूस कर रहे थे। पीएम मोदी ने फोन नहीं किया, इसलिए सौदा नहीं हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा विधायक विजय सिंह गौड़ पंचतत्व में विलीन हुए

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में विधान सभा क्षेत्र दुद्धी के दिवंगत विधायक विजय सिंह गोंड़ की अंत्येष्टि गमगीन माहौल के बीच शुक्रवार को गोंड़ीय आदिवासी परंपरा के अनुसार दी गई। उक्त परंपरा में शव को दफनाने का रिवाज है। लंबी बीमारी के बाद विधायक विजय सिंह गोंड़ ने एसजी पीजीआई लखनऊ में गुरुवार को अंतिम सांस ली थी। गोंड़ का पार्थिव शरीर गुरुवार को देर रात उनके दुद्धी स्थित आवास पर पहुंचा, जहां भारी संख्या में लोग मौजूद थे। आदिवासी नेता का शव शुक्रवार को उनके आवास पर आमजनता के दर्शनार्थ रखा गया जहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी तथा आमजनता के साथ ही जिलाधिकारी बीएन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कीया। दिवंगत नेता को प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ आनर भी पेश किया गया। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड भी दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

### रात्रि गश्त के दौरान फिसल जाने से एक सैनिक की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में तैनात हरियाणा के एक सैन्य कर्मी की रात्रि गश्त ड्यूटी के दौरान फिसलकर गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ शीरी कैंप में तैनात सेना की 46 राष्ट्रीय राइफल्स का जवान घटना के बाद बेहोश हो गया और उसे तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बारामूला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की चिकित्सा-विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सियासी दलों ने की बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज

## उप्र में मतदाता सूची से 2.89 करोड़ नाम हटने के बाद राजनीतिक दलों ने सक्रियता बढ़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची जारी किए जाने के बाद राज्य में सियासी दलों ने बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज कर दी है।




■ पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा

मसौदा सूची में 2.89 करोड़ नाम हटाए जाने के बाद एक माह की दावे एवं आपत्तियां (क्लेम्स एंड ऑब्जेक्शंस) अवधि के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा है। यह अवधि छह फरवरी तक चलेगी। अधिकारियों की मानें, तो इस प्रक्रिया में विशेष रूप से उन नए युवा मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिन्होंने एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी की है। इसके अलावा वे मतदाता जिनके नाम दस्तावेजों की कमी, अनमैप्ड स्थिति या गणना के दौरान बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) को अनुपस्थित या अप्राप्य पाए जाने के कारण हटाए गए थे, उन्हें भी दोबारा जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मतदाता नामांकन के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने अन्य दलों पर स्पष्ट बढ़त बना ली है। भाजपा ने अब तक 1121 आवेदन जमा किए हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने 26 और बहुजन समाज पार्टी ने केवल 19 आवेदन दिए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों और घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी इस फॉर्म के जरिए अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) प्रतिदिन 10 फॉर्म तक जमा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी तक इन दावों और आपत्तियों की सुनवाई और सत्यापन किया जाएगा, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च को प्रकाशित होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने उन पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर पूरी मशीनरी सक्रिय कर दी है, जिनके नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हो पाए। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की प्रतियां दी गई हैं और सभी मोर्चों व प्रकोष्ठों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बीएलओ के साथ समन्वय कर सूची की समीक्षा करें। पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 मतदाताओं के नाम जुड़वाने का लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पिछले महीने पार्टी की एक बैठक में लापता मतदाताओं का मुद्दा उठाया था। उन्होंने 14 दिसम्बर को कहा था कि ये आपके विरोधियों के मतदाता नहीं हैं, इनमें से 85 से 90 प्रतिशत हमारे मतदाता हैं।

# नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा यमुना में पांच सीवरेज परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता**

जल शक्ति मंत्रालय ने नमामि गंगे मिशन चरण-दो के तहत गंगा और यमुना नदियों की सफाई के क्रम में पांच प्रमुख सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में पांच सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के संचालन को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि इससे कई राज्यों में प्रदूषण उन्मूलन और नदी कायाकल्प प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

गंगा सफाई की योजनाओं के तहत शुरु की गई इन परियोजनाओं पर मंत्रालय का कहना है कि वित्त वर्ष के दौरान अब तक प्रमुख शहरी केंद्रों में सीवेज उपचार क्षमता को बढ़ाते हुए 9 परियोजनाएं चालू की गई हैं। दूसरी तमाही तक जिन परियोजनाओं का संचालन हुआ है, उनमें उत्तराखंड के उधम सिंह नगर तथा उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के साथ ही पश्चिम बंगाल के महेशतला और जंगीपुर शामिल है। मंत्रालय का कहना है कि नमामी गंगे मिशन के तहत इन 5 परियोजनाओं के चालू होने के साथ ही शुरू की गई कुल एसटीपी क्षमता 3,976 एमएलडी तक पहुंच गई है और चालू सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कुल संख्या अब 173 हो गई है। ये उपलब्धियां अनुपचारित सीवेज को नदियों में डालने से रोकने और शहरी स्वच्छता बुनियादी ढांचे में सुधार करने के मिशन के उद्देश्य का परिणाम है।

# विशाखा कमेटी की जांच में डा. रमीज दोषी, निष्कासन की सिफारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सामने आए लव जिहाद के मामले में विशाखा कमेटी ने रेजिडेंट डॉक्टर रमीज उद्दीन नायक उर्फ रमीज मलिक को दोषी पाया है। कमेटी की जांच में फिजिकल, इमोशनल और मेंटल हरासमेंट के आरोप सही पाए गए हैं। इसके बाद आरोपी डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है और उसके निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में प्रेस कांफ्रेस में विवि की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉक्टर रमीज उद्दीन अभी निलंबित चल रहे हैं। कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। सोनिया नित्यानंद ने कहा कि विवि में नीट के जरिए एमबीबीएस में प्रवेश होता है। यह प्रवेश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। इसलिए रमीज के निष्कासन की संस्तुति उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग से की है।

विवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आरएस कुशवाहा ने बताया कि जांच के दौरान रमीज एक बार कमेटी के सामने उपस्थित हुआ, लेकिन इसके बाद उसका मोबा. इल फोन लगातार स्विच ऑफ जाने लगा। रमीज के पिता ने कमेटी के समक्ष दावा किया कि उनका बेटा शादीशुदा नहीं है। इस दावे की पुष्टि के लिए कमेटी ने हलफनामा मांगा, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं किया गया। चीफ प्रॉक्टर सुरेश कुशवाहा ने बताया कि पीड़िता की सुरक्षा को देखते हुए 23 तारीख को उसे हॉस्टल में रहने का अनुरोध किया गया था। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त गार्ड भी तैनात किए गए थे। पहले तो दो दिन छात्रा के पिता ने भी शिकायत नहीं दर्ज कराई थी।

## भाजपा सरकार हर दिन कुचल रही आम लोगों की जिंदगी: राहुल गांधी

# देशभर में लोग भ्रष्टाचार वा अन्याय से पीड़ित

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ देशभर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह की

■ सरदार वल्लभभाई पटेल की झांकी बनाने के नाम पर हुए भ्रष्टाचार पर माफी मांगे भाजपा: कांग्रेस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला करते हुए आरा. ेप लगाया है कि उसके शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की 'डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार' का प्रतीक बन गई है।

गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, देश भर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरक. ारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है। भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। इनके सिस्टम में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यम वर्ग की जिंदगी सिफ आंकड़ा है और 'विकास' के नाम पर वसूली-तंत्र चल रहा है। उन्होंने देशभर की विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस 'अति महत्वपूर्ण व्यक्ति' को बचा रहा है। यह सरकार बताए कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड को भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। गांधी ने मध्य प्रदेश में देश की सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से लोगों की मृत्यु पर दुख जताया और कहा कि इंदौर में जहरीला पानी पीकर मौतें हों या गुजरात, हरियाणा, दिल्ली तक 'काले पानी' और दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें, हर तरफ बीमारियों का डर है। राजस्थान की अरावली हो या अन्य प्राकृतिक संसाधन, जहां-जहां अरबपतियों का लालच और स्वार्थ पहुंचा, वहां-वहां नियमों को रौंद दिया गया। पहाड़ काटे जा रहे हैं, जंगल उजाड़े जा रहे हैं और जनता को बदले में मिल रहा है धूल, प्रदूषण और आपदा। उन्होंने खांसी के सिरप से राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बच्चों की मौत को सरकार की लापरवाही बताया और कहा कि खांसी के सिरप से बच्चों की मौतें, सरकारी अस्पतालों में नवजातों पर चूहों का हमला और सरकारी स्कूलों की गिरती छतें, ये 'लापरवाही' नहीं, भ्रष्टाचार की सीधी मार है। पुल गिरते हैं, सड़कें धंसती हैं, ट्रेन हादसों में परिवार मिट जाते हैं और भाजपा सरकार हर बार वही करती है, फोटो-अप, ट्वीट और मुआवजे की औपचारिकता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि मोदी जी का 'डबल इंजन' चल रहा है, लेकिन सिफ अरबपतियों के लिए। आम भारतीयों के लिए ये भ्रष्टाचार की डबल इंजन सरकार विकास नहीं, तबाही की रफ्तार है, जो हर दिन किसी न किसी की जिंदगी कुचल रहा है।

### मोदी ने विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने भारत की गुटनिरपेक्षता और सामरिक स्वायत्तता की विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि श्री मोदी का नारा था, मैं देश नहीं झुकने दूंगा, लेकिन आज जो कुछ भी हो रहा है, वह इसके बिल्कुल उल्टा है। दो ताजा उदाहरणों में पहला है कि पांच साल से चीनी कंपनियों पर लगा प्रतिबंध हटाया जा रहा है। गलवान में भारतीय वीर सैनिकों ने जो आहुति दी, उनके बलिदान का अपमान तो मोदी जी ने पहले ही चीन को 'क्लीन चिट' थमाकर किया था।



**सेंसेक्स** 85683.30

**निफ्टी** 26140.75



**सोना रु.** 138450

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254620

प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन टूटे, सेंसेक्स 605 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 604.72 अंक (0.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 193.55 अंक यानी 0.75 फीसदी गिरकर 25,683.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का दो महीने का निचला स्तर है।

तेल एवं गैस, आईटी और सार्वजनिक बैंकों को छोड़कर अन्य सभी समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा, निजी बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांकों पर अधिक दबाव देखा गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत की गिरावट में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सनफार्मा, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयरों में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, हिदुस्तान यूनी. लिवर, पावरग्रिड और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर एक फीसदी से अधिक चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटरनल में भी तेजी रही।

# उप्र में आलू उत्पादन की स्थिति सुदृढ़, भण्डारण क्षमता पर्याप्त

**लखनऊ।** देश के प्रमुख आलू उत्पादक राज्यों में अग्रणी उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तरह इस बार भी आलू की अच्छी उपज होने की संभावना है, जिसको देखते हुए आलू के भंडारण के पर्याप्त उपाय कर लिए गए हैं। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में लगभग छह लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में आलू की खेती की जाती है।

उत्पादन की अधिकता के कारण उत्तर प्रदेश से देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी आलू की आपूर्ति की जाती है। नए आलू की आवक मंडियों में लगभग मध्य दिसम्बर से प्रारम्भ हो जाती है। नए आलू का छिलका पूर्ण रूप से परिपक्व न होने के कारण यह भण्डारण योग्य नहीं होता तथा मुख्यतः भोज्य आलू के रूप में उपभोग किया जाता है। मंडियों में नए आलू की अधिक आवक होने से मांग-आपूर्ति के सिद्धान्त के अनुसार बाजार भाव पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 2243 निजी शीतगृह संचालित हैं, जिनकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 192 लाख मीट्रिक टन है। वर्ष 2025 में लगभग 159 लाख मीट्रिक टन आलू का भण्डारण किया गया था, जबकि लगभग 33 लाख मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता अवशेष रूप में उपलब्ध रही। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में आलू भण्डारण के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। शीतगृहों में आलू भण्डारण का कार्य सामान्यत: मध्य फरवरी से आरम्भ होता है। उद्यान विभाग के निदेशक भानु प्रकाश राम ने आलू उत्पादक कृषकों को सलाह दी है कि वे अपनी उपज की खुदाई, विपणन एवं भण्डारण की समुचित योजना बनाएं तथा बाजार भाव की अनुकूलता के अनुसार आलू का विक्रय अथवा भण्डारण कर अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# चावल, चीनी नरमद्ध खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ चीनी भी सस्ती हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,852 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल औसतन 14 रुपये और मूंग दाल छह रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं उड़द दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। चना दाल और तुअर दाल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा पांच रिंगिट गिरकर 4,038 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.53 प्रतिशत की बढ़त में 49.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की कीमत 65 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और सूरजमुखी तेल 46 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल 22 रुपये और सरसों तेल दो रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत में टिकाव देखा गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785.40 रुपये, मसूर काली 8130.13 रुपये, मूंग दाल 1092.84 रुपये, उड़द दाल 10416.68 रुपये, तुअर दाल 10612.4 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2851.51 रुपये और चावल 3851.94 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3303.39 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.24 रुपये और गुड़ 4978.33 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

जरूरी है। सीनियर एडवोकेट महालक्ष्मी पावनी (एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट) ने कहा कि लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के लिए अपमानजनक बातें करते हैं। कह रहे हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुत्तों के माइक्रो-चिप लगवाने की सलाह भी ठीक है। इसकी कीमत 100-200 रुपये है। एक बार जब यह लग जाएगी, तो अगर कोई आक्रामक कुत्ता लोगों के पीछे भागता है। तो उसे ट्रैक कर ऑरेंज कैटेगरी में डाला जा सकता है। अगर काटने की घटना होती है, तो रेड फ्लैग लगाया जा सकता है। दूसरे देशों में यह कारगर है। इस पर जस्टिस मेहता ने कहा कि उन देशों की आबादी कितनी है? जरा प्रैक्टिकल बातें करें। टैगोर के वकील ने आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया और एग्रेसिव और नॉर्मल कुत्तों का पता लगाने के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने जैसे तर्क दिए। वकील ने कोर्ट में यह भी सुझाव दिया कि काटने वाले कुत्तों की पहचान के लिए कॉलर को रंग के आधार पर कोडित किया जाए, जैसे जॉर्जिया और अर्मेनिया जैसे देशों में होता है। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि इन देशों की आबादी कितनी है। वकील आप थोड़ा वास्तविक बातें करें।

**चर्चित अंकिता...**

अदालत द्वारा सुनवाई पूर्ण होने पर अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पूरे प्रकरण में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने आरंभ से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। साथ ही, हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिन पर जांच की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है और किसी भी तथ्य या साक्ष्य की अनदेखी नहीं की जाएगी।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अंकिता केवल एक पीड़िता नहीं थी, बल्कि वह हमारी भी बहन और बेटी थी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हाल ही में उन्होंने स्वयं स्वर्गीय अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात की, जिसमें बातचीत के दौरान उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अंकिता के माता-पिता के इस अनुरोध और उनकी भावनाओं का पूर्ण सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री धामी ने पुन: दोहराया कि राज्य सरकार पहले भी न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी पूरी दृढ़ता एवं संवेदनशीलता के साथ स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध रहेगी।

### कोडीन कफ सिरप मामले में मुख्य आरोपी के घर पुलिस का छापा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में गुरुवार को मंडुआडीह थाना क्षेत्र के मड़ौली निवासी मुख्य आरोपी प्रशांत उपाध्याय के घर कोतवाली, रामनगर और आदमपुर पुलिस ने घंटों छापेमारी की तथा जांच की। पुलिस को प्रशांत उपाध्याय घर पर नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जो शुभम जायसवाल से जुड़े नेटवर्क को पकड़ने में काफी मदद करेंगे। प्रशांत उपाध्याय की फर्म और शैली ट्रेडर्स के बीच किए गए लेन-देन की कड़ी को पुलिस तलाश रही है। राधिका इंटरप्राइजेज और राजेंद्र ड्रग एजेंसी के मालिक प्रशांत उपाध्याय को भी प्रतिबंधित कफ सिरप मामले से जुड़े काले कारोबार का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है। प्रशांत उपाध्याय के खिलाफ ड्रग विभाग द्वारा पहले ही कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रशांत उपाध्याय की कारोबारियों में अच्छी पैठ मानी जाती रही है।

# गो-आश्रय स्थलों पर मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम लागू

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गो-आश्रय स्थलों पर लगातार निगरानी, प्रबंधन और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।

अधिकारियों की मानें तो प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गो-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में भी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने की कार्रवाई प्रक्रिया में है। साथ ही प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है। योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन



के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गो-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और चंदौली में ए कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गोवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड अथवा अव्यवस्था के कारण किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

## गर्भपात के लिए पति की सहमति अनिवार्य नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि यदि कोई महिला गर्भधारण जारी नहीं रखना चाहती तो उसे मजबूर करना उसकी शारीरिक अखंडता (बॉडिली इंटेग्रिटी) का उल्लंघन है और इससे उसका मानसिक आघात बढ़ता है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने वैवाहिक कलह के मामले में 14 सप्ताह के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने वाली अलग रह रही पत्नी को भारतीय दंड संहिता की धारा 312 (गर्भपात कराना) के तहत दर्ज आपराधिक मामले से मुक्त कर दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) एक्ट में गर्भपात के लिए पति की सहमति अनिवार्य नहीं है। कानून का मुख्य उद्देश्य महिला के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर चोट पहुंचने से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक कलह की स्थिति में महिला को गर्भपात का अधिकार मान्य है, क्योंकि यह उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

# गहनों सहित दो सेंधमार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नंद नगरी पुलिस ने सेंधमारी के एक मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए इलेक्ट्रॉनिक सामान, सोने-चांदी के गहने और चोरी की स्कूटी बरामद हुई है।

पुलिस इनसे पूछताछ करके इनके सेंधमारी नेटवर्क में शामिल अन्य बदमाशों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के मुताबिक, मामले में गुरुवार रात को नंद नगरी के ई-ब्लॉक निवासी शिकायतकर्ता रविंदर कुमार ने उनके घर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। बताया कि अज्ञात चोर उनके घर से एक एलसीडी टीवी, एक होम थिएटर और सोने चांदी के गहने वाली एक तिजोरी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय सूत्रों की मदद से दोनों आरोपियों 32 वर्षीय आरिफ और 28 वर्षीय इरफान उर्फ इमरान उर्फ षजनीष की पहचान करके दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक स्कूटी, होम थिएटर, एलसीडी टीवी और सोने चांदी के गहने बरामद हुए। बाद में की गई रेड में पुलिस ने एक मंगलसूत्र का पेंडेंट और सोने के झुमके की जोड़ी भी बरामद कर ली। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अरीफ पहले भी दो मामलों में चोरी और झपटमारी में लिप्त रह चुका है, जबकि आरोपी इरफान के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज रहा है।

## 'आप' करती है बार-बार सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने का कार्य: महापौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए निगम सदन की बैठक में हुए घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की सदन बैठक में आम आदमी पार्टी की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना द्वारा सिख गुरुओं के अपमान के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पढ़ा जाना निर्धारित था। इसके साथ ही दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से चल रही अवैध पार्किंग की गंभीर समस्या पर भी महत्वपूर्ण चर्चा प्रस्तावित थी। प्रेस वार्ता के दौरान स्थायी समिति अध्यक्ष सुश्री सत्या शर्मा, नेता सदन श्री प्रवेश वाही, शिक्षा समिति के अध्यक्षता श्री योगेश वर्मा व अन्य पार्षद उपस्थित थे।

महापौर ने बताया कि जैसे ही सदन में नेता सदन श्री प्रवेश वाही ने आतिशी मार्लेना द्वारा सिख गुरुओं के अपमान के विरोध में निंदा प्रस्ताव पढ़ना प्रारंभ किया, वैसे ही आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने जानबूझकर हंगामा शुरू कर दिया। इस हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई और चर्चा को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह से अवगत थी कि उनकी नेता द्वारा सिख गुरुओं के प्रति आपत्ति. जनक टिप्पणी की गई है। इसी तथ्य से बचने और सदन में जवाबदेही से दूर रहने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी ने योजनाबद्ध तरीके से शोर-शराबा कर सदन की बैठक में व्यवधान उत्पन्न किया।

# नौकरों के सामने पर्सनल जानकारी बताना हानिकारक, शिमला से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस हमेशा मकान व दुकान मालिकों को बताती है कि अपने नौकर व अंजान के सामने अपने बैंक डिटेल व पर्सनल बातों को शेयर न करें। आपको शरीरिक व आर्थिक आदि नुकसान हो सकता है। ऐसा ही मामला द्वारका साउथ इलाके में हुआ। जब मालिक से बिना पूछे उसके खाते से नौकर मुन्ना कुमार ने तीन लाख 25 हजार नौ सौ 99 रुपये निकाल लिये। जिसको द्वारका साउथ पुलिस ने शिमला,हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 25 नवम्बर को शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके नौकर ने धोखे से उसके खाते से तीन लाख 25 हजार नौ सौ 99 रुपये निकाल लिये हैं। मामले में उस वक्त पता चला कि जब उसने किसी को पैसे देने की कोशिश की और अपर्याप्त बैलेंस के कारण ट्रांजेक्शन फेल हो गया, तो वह बैंक गया और पता चला कि रुपये उसके खाते से मुन्ना कुमार (उसके नौकर) के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। उसे नहीं पता था कि मुन्ना कुमार ने यह रकम कब ट्रांसफर की। जब उसने अपने नौकर मुन्ना कुमार को उसके मोबा. इल पर फोन किया, तो वह लगातार बंद आ रहा था।

आरोपी का पता लगाने के प्रयास किए गए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसएचओ राजेश कुमार साह के निर्देशन में पुलिस टीम ने बैंक डिटेल और नौकर की फोन लोकेशन निकाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। आरोपी के शिमला होने की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने उसे शिमला से उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसे हमेशा पता था कि शिकायतकर्ता के खाते में बड़ी रकम है। जब शिकायतकर्ता नेट बैंकिंग एक्टिवेट कराने बैंक गया, तो वह भी उसके साथ गया। उसने बताया कि उसने शिकायतकर्ता की नेट बैंकिंग की यूजर आईडी और पासवर्ड देख लिया था और उसे उसका मोबाइल पासवर्ड भी पता था।

कुछ समय बाद, उसने शिकायतकर्ता का मोबाइल लिया और खुद को बेनिफिशियरी के तौर पर जोड़ा और उसके अकाउंट से रुपये ट्रांसफर कर लिए और इस बारे में बैंक से आए मैसेज डिलीट कर दिए और दुकान से काम छोडकर चला गया। उसने बताया कि उसने सारा पैसा जुए में हार दिया था।

# सीएम ने रामभक्तों को अयोध्या धाम रवाना किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजनिवास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री जनसेवा सदन से रामभक्तों को प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना किया।

दिल्ली से अयोध्या की ओर प्रस्थान करने वाली इस यात्रा में लगभग 35 से 40 रामभक्त शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा भक्ति, श्रद्धा और सनातन मूल्यों से ओतप्रोत है। प्रभु श्रीराम की दर्शन यात्रा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करती है।इन सभी रामभक्तों को वाल्मीकि चौधरी सरपंच समिति की ओर से अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी श्रद्धालु अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें नव वर्ष के पहले ही महीने में प्रभु श्रीराम के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करना, उनके भव्य मंदिर में जाकर उनके चरणों में बैठना और अयोध्या नगरी की गलियों, कूचों और मंदिरों का दर्शन करना अपने आप में ही अलौकिक अनुभव है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण भारत की सनातन आत्मा को उसका स्वाभिमान लौटाने वाला एक ऐतिहासिक कार्य है। यह भव्य मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था की मर्यादा, परंपरा की प्रतिष्ठा और राष्ट्रचेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर है, बल्कि भारतीय संस्कृति, एकता और सनातन परंपराओं से जुड़ने का भी सशक्त माध्यम है।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री जनसेवा सदन से रामभक्तों को प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना करती हुईं।**

## एक नजर

### दरगाह फैज-ए-इलाही मस्जिद में अदा की गई जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद पर जुम्मे की नमाज भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच पढ़ी गई। 30 से 35 लोगों ने फैज ए इलाही मस्जिद में की नमाज अदा की। मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित दरगाह फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास मंगलवार को अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान शरारती तत्वों ने हिंसा कर दी थी। करीब 150 से 200 उपद्रवियों ने देर रात पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें क्षेत्र के थाना प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

### दिल्ली विधानसभा में प्रदूषण के मुद्दे पर आप सदस्यों का हंगामा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने सदस्यों ने दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें एवं आखिरी दिन शुक्रवार को प्रदूषण के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया, जिसके कारण अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप विधायक कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह और संजीव झा को मार्शल के जरिए बाहर निकलवा दिया और उन्हें पूरे दिन की कार्यवाही के लिए निलंबित कर दिया। आप के सदस्य शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इस पर श्री गुप्ता ने कहा कि आज प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा होगी, लेकिन पहले कुछ जरूरी काम निपटाया जाएगा, उसके बाद प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा करायी जाएगी, लेकर आप के सदस्य शांत नहीं हुए और हंगामा करते रहे। श्री गुप्ता ने आप के सदस्यों से बार बार शांत रहने की अपील की, लेकर आप के सदस्यों ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया।

इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सतीश उपाध्याय ने अध्यक्ष के समक्ष श्री झा के खिलाफ आपत्ति दर्ज करायी और कहा कि श्री झा ने अध्यक्ष के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया है और कहा है कि वह गुंडागर्दी से सदन चला रहे हैं। इस तरह की टिप्पणियों का अध्यक्ष को संज्ञान लेना चाहिए। इसके बाद श्री गुप्ता ने मार्शल के जरिए श्री झा को सदन से बाहर निकलवा दिया और पूरे दिन की कार्यवाही के लिए निलंबित कर दिया। आप के सदस्य इसके बावजूद शांत नहीं हुए तो श्री गुप्ता ने कुलद. ीप कुमार और जरनैल सिंह को भी मार्शल के जरिए बाहर निकलवा दिया और उन्हें भी पूरे दिन की कार्यवाही के लिए निलंबित कर दिया।

### मोबाइल टावर उपकरणों की खरीद-बिक्री में शामिल मास्टरमाइंड, साथी के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने चोरी के मोबाइल टावर उपकरणों की खरीद-बिक्री में शामिल अंतर-राज्यीय सिंडिकेट के मास्टरमाइंड को उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 130 रेडियो रिमोट यूनिट (आरआरयू) बरामद किए है जिनकी कुल कीमत लगभग दो करोड़ रुपए है। आरोपी इन यूनिट्स को स्क्रैप के तौर पर दुबई में अपने साथी को एक्सपोर्ट करने की योजना बना रहे थे।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि देश भर में मोबाइल टावरों से आरआरयू की बड़े पैमाने पर चोरी के बारे में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ने ऐसे इनपुट विक. सित किए जिनसे पता चला कि चोरी के आरआरयू दिल्ली के ट्रांस-यमुना इलाके में स्टोर और बेचे जा रहे थे, जिसका इस्तेमाल ट्रांजिट और स्टोरेज हब के रूप में किया जा रहा था। टीम ने लगातार निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के बाद, विभिन्न राज्यों से चोरी के आरआरयू प्राप्त करने में शामिल एक सिंडिकेट की पहचान की।इसी बीच विशिष्ट खुफिया जानक. ारी के आधार पर, एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर शिवराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम ने छापा मारकर धौला कुआं से आरोपी मास्टरमाइंड आफताब मालिक (28) और साथी रबनवाज / बॉबी (40) को गिरफ्तार कर लिया। आफताब मलिक को सरगना के तौर पर पहचाना, जो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान में काम करने वाले अपराधियों से चोरी के RRU खरीदता था, उन्हें शाहदरा के एक गोदाम में स्टोर करता था, और महिपालपुर के एक ट्रांसपोर्टर के जरिए उन्हें दुबई एक्सपोर्ट करने का इंतजाम करता था, और उन्हें गलत तरीके से स्क्रैप का सामान बताता था।

पुलिस पूछताछ के दौरान,आरोपियों ने बताया कि चोरी के आरआरयू अपने साथियों से लगभग 90,000 रूपये प्रति यूनिट के हिसाब से खरीदे गए थे। मिलने के बाद, उन्होंने इन आरआरयू को ट्रांसपोर्टर के निर्देशों के अनुसार पैक किया, और कस्टम क्लीयरेंस के लिए सामान को स्क्रैप दिखाने वाले जाली चालान भी लगाए। जांच में पता चला कि आफताब मलिक उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 10 ऐसे ही मामलों में शामिल था, जिसके कारण उसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया। उसके साथी रबनवाज को धारा 35(3) BNSS के तहत पाबंद किया गया।

## दुकान में की थी पांच लाख की चोरी , अरोपी नौकर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के महेंद्र पार्क थाने के स्टाफ ने दुकान में हुई पांच लाख रूपये की चोरी का मामला सुलझाकर आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने ,उसके पास से चोरी की गई एक लाख की नकद राशि और एक सोने की बाली बरामद की है। आरोपी ने आसान पैसा कमाने और शानदार जीवन शैली जीने के लिए अपराध किया था। दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 27.दिसंबर.2025 को महेंद्र पार्क थाने में चोरी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी।कॉल मिलने पर पुलिस स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा और शिकायत कर्ता से मिला।

# विजेंद्र गुप्ता ने राजा नाहर सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

**शाह टाइम्स संवाददात**

**नई दिल्ली।**"1857 के विद्रोह में राजा नाहर सिंह ने साहसिक और निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध दृढ़ प्रतिरोध किया और अंतत: राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी," यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज स्वतंत्रता सेनानी श्री राजा नाहर सिंह को दिल्ली विधान सभा में उनके शहीद दिवस अथवा बलिदान दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। गुप्ता ने आगे कहा कि राजा नाहर सिंह का बलिदान हमारी सामूहिक राष्ट्रीय स्मृति को निरंतर प्रेरित करता रहा है।"उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली तथा अन्य अनेक क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं। जैसा कि कहा जाता है कि शहीदों के चिताओं पर मेले लगते हैं, यही सतत स्मरण उन वीरों की सच्ची पहचान है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर किए,"।

बल्लभगढ़ के अंतिम शासक राजा नाहर सिंह के जीवन एवं बलिदान को स्मरण करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व करते समय राजा नाहर सिंह मात्र 32 वर्ष के थे। उन्होंने औपनिवेशिक सत्ता के आगे झुकने से इनकार किया और ब्रिटिश प्रभुत्व के विरुद्ध दृढ़तापूर्वक खड़े रहे। अंतत: 9 जनवरी 1858 को उन्हें चांदनी चौक में फाँसी दी गई। उनका राज्य जब्त कर लिया गया और संपत्तियाँ जब्त कर ली गईं, जो औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है।राजा नाहर सिंह के शहीदी दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो राष्ट्र के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का स्मरण कराता है। आज दिल्ली विधानसभा में अर्पित पुष्पांजलि उनके साहस, देशभक्ति और भारत की स्वतंत्रता के प्रति उनके अटूट समर्पण के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है तथा उन वीरों की अमर विरासत को सम्मानित करने के हमारे संकल्प का पुन: स्मरण कराती हैं।



**विजेंद्र गुप्ता ने राजा नाहर सिंह को बलिदान दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।**

## दूषित जल से बचाव संबंधी सावधनियां बरतने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जनजनित रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, डॉक्टरों ने जनता को दूषित जल एवं भोजन संबंधी सावधानी बरतने की सलाह दी है। दूषित जल का सेवन करने से डायरिया, उल्टी, बुखार, पेट दर्द, पानी की कमी, जॉन्डिस, टायफायड, कॉलरा, हेपेटाइटिस ए एवं ई के अलावा एमीबियॉसिस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

ऐसे रोगी अक्सर दस्त, उल्टी, कमजोरी महसूस होने, ऐंठन, कम पेशाब, मुंह सूखने और कुछ मामलों में आंखों एवं त्वचा में पीलेपन जैसी तकलीफ से भी ग्रस्त होते हैं। यदि ऐसे में उपचार न किया जाए, तो ये कंडीशंस तेजी से बिगड़ सकती हैं और जीवनघाती भी हो सकती हैं, खासतौर से बच्चों एवं बुजुर्गों तथा पहले से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों की हालत तेजी से बिगड़ सकती है।

डॉ. अभिषेक दीपक, सीनियर कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा ने कहा, जलजनित रोगों के शुरुआती लक्षणों को नजरंदाज करने पर ये रोग तेजी से बढ़ सकते हैं। लगातार डायरिया की शिकायत बनी रहने, उल्टी और तेजी बुखार या पेशाब की कम मात्रा ऐसे लक्षण हैं जिनकी ओर तत्काल ध्यान देना और मेडिकल सहायता लेना जरूरी होता है।

## आईएसएमएचएए राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय मानसिक स्वास्थ्य,एडवोकेसी और एक्शन सोसाइटी का राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन सामूहिक उत्तरदायित्व, सांस्कृतिक जड़ों और प्रणालीगत सुधार के सशक्त आह्वान के साथ आरंभ हुआ। वक्ताओं ने इसे एक एकल आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत बताया। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन डॉ. महेंद्र काबरा द्वारा दिए गए गहन एवं चिंतनशील स्वागत संबोधन से हुआ।

आरआर केबल और हेम फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी तथा सोसाइटी के मुख्य संरक्षक डॉ. काबरा ने रेखांकित किया कि भारत अपनी मानसिक स्वास्थ्य यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मानसिक स्वास्थ्य को साझा सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में देखा जाना चाहिए और यह शिखर सम्मेलन कार्रवाई, नैतिकता तथा दीर्घकालिक क्षमता निर्माण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सोसाइटी की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. चिनु अग्रवाल ने अपने निर्णायक अध्यक्षीय संबोधन में भारत के मानसिक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के समक्ष मौजूद नैतिक और नियामक चुनौतियों को स्पष्ट किया।

उन्होंने जागरूकता से आगे बढ़कर जवाबदेही की आवश्यकता पर बल देते हुए सशक्त शासन, नैतिक व्यवहार और जन-सुरक्षा की तात्कालिक जरूरत बताई।

# प्रकृति रक्षा, पर्यावरण चेतना एवं एकता का संदेश देगी राष्ट्रीय उत्तरायणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नॉर्थ एवेन्यू में सुखी परिवार फाउंडेशन के कार्यालय में आज 22वें राष्ट्रीय उत्तरायणी महोत्सव आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई।

उत्तरायणी आयोजन समिति की इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुखी परिवार फाउंडेशन के संस्थापक और सुप्रसिद्ध जैन संत डॉ. गणि राजेन्द्र विजय जी महाराज ने कहा कि उत्तरायण पर्व देश को आध्यात्मिक,सांस्कृतिक और सामा. जिक सभी दृष्टि से एकाकार करता है। पर्वतीय लोकविकास समिति ने दो दशक से इस महापर्व को प्रकृति,पर्यावरण और राष्ट्रीय एकता से जोड़कर राष्ट्रीय अभियान बनाया है। ऐसे जनजागरण इसके आयोजन यदि समाज और सरकार सब ओर से सहयोग पाएं तो व्यापक संदेश जाएगा।

पर्वतीय लोकविकास समिति के परामर्शदाता सीए राजेश्वर पैन्यूली ने कहा कि उत्तरायणी प्रकाश, ऊर्जा, ऊष्मा,उमंग,उत्साह और सकारात्मकता का पर्व है। धर्म,संस्कृति और राष्ट्र के विजन के साथ इसकी व्यापक अवधारणा अनुकरणीय है। नेपाल सिंह ने कहा कि उत्तरायणी अब उत्तराखंड का ही सर्वमान्य पर्व नहीं बल्कि देश का भी लोकप्रिय पर्व बन गया है। सुखी परिवार फाउंडेशन के महासचिव तपन प्रकाश ने कहा कि उत्तरायणी के राष्ट्रीय अभियान को इस बार ल्युटियन जोन में चर्चित और भव्य बनाना है।

पर्वतीय लोकविकास समिति के अध्यक्ष और राष्ट्रीय उत्तरायणी अभियान के संयोजक प्रो.सूर्य प्रकाश सेमवाल ने कहा कि हमने केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और दिल्ली सरकार के संस्कृति मंत्रालय को राष्ट्रीय उत्तरायणी की अवधारणा का प्रस्ताव महीने भर पूर्व भेज दिया था। 10 जनवरी को प्रेस क्लब में राष्ट्रीय उत्तरायणी अभियान पर प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई है। बैठक में पर्वतीय लोक. विकास समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मीना कंडवाल,वरिष्ठ समाजसेवी अमर जीत सिंह तनेजा,भाजपा नई दिल्ली मंडल के अध्यक्ष संजय तड़ियाल, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मवीर सिंह, दिनेश राजपूत,पत्रकार मुरार कंडारी, सामा. जिक कार्यकर्ता विश्व बडोला, अनीतानेगी,मंजूबिष्ट,सुषमा तड़ियाल और नेहा सिंह ने भी इस बैठक में उत्तरायणी आयोजन पर अपने विचार रखे।

## शिक्षा उपनिदेशक को दीं शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिला उत्तर पूर्वी नवनियुक्त शिक्षा उप निद. ेशक मोहम्मद शारिक को नव वर्ष के शुभ अवसर पर, अखिल भारतीय युवा मोर्चा संगठन के महासचिव आरिफ खान के साथ संगठन के पदाधिकारीयों ने उनके कार्यालय जाकर उन्हें मुबारकबाद व शुभकामनाएं दी, उपनिदेशक से स्कूलो में बच्चों की शिक्षा को लेकर विद्यालयों में कहां-कहां कमियां हैं उनसे वार्ता की गई उनहोने उन से कहा कि विद्यालयो से व पढ़ाई से संबंधित जो भी काम है उनको पूरा किया जाएगा बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों पर भी निगाह रखी जाएगी, अनुशासनहिंता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बच्चों को असुविधा ना हो उस पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चौटाला, लक्ष्मण सिंह सिसौदिया, अमान खान व अन्य साथी, गण मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी के खिलाफ जमकर हुआ विरोध प्रदर्शन



**गाजियाबाद।** हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में सैकड़ों समर्थकों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे और प्रशासन व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पिंकी चौधरी को साजिश के तहत गलत तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और यह कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक दबाव में की गई है।

प्रदर्शन के दौरान हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन हमेशा से हिंदू समाज के हितों और सुरक्षा के मुद्दों को मजबूती से उठाता रहा है। इसी वजह से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को निशाना बनाया जा रहा है। वक्ताओं ने दावा किया कि पिंकी चौधरी ने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया, इसके बावजूद पुलिस ने जल्दबाजी में कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया।

कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पिंकी चौधरी की तत्काल रिहाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि यदि जल्द रिहाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। संगठन के नेताओं ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला मुख्यालय परिसर और आसपास के इलाकों में पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। कुछ समय तक नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता शांतिपूर्वक लौट गए।

वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी कानून के दायरे में की गई है और मामले की जांच चल रही है। पुलिस के अनुसार कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले का माहौल कुछ समय के लिए गर्माया रहा, लेकिन प्रशासन की सतर्कता के चलते स्थिति नियंत्रण में बनी रही। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आगे इस मामले में क्या कानूनी कार्रवाई होती है और संगठन की मांगों पर प्रशासन क्या रुख अपनाता है।

# मिलन त्यागी ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुरादनगर क्षेत्र के गांव हिसाली निवासी मिलन त्यागी ने मात्र 22 वर्ष की आयु में बार काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।

मिलन त्यागी के पिता संजीव त्यागी ने बताया कि मिलन ने बेंगलुरु से बीबीए-एलएलबी की डिग्री प्राप्त की है तथा वर्तमान में ओ.पी. जिंदल यूनिवर्सिटी से एलएलएम की पढ़ाई कर रहे हैं। बीते माह मिलन ने बेंगलुरु में बार काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा दी थी, जिसमें उन्होंने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की।



संजीव त्यागी ने बताया कि कड़े संघर्ष और निरंतर मेहनत के बाद उनके पुत्र को यह सफलता मिली है। वहीं मिलन त्यागी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि आने वाले समय में वे कॉरपोरेट जगत में वकालत के माध्यम से अपनी सेवाएं देना चाहते हैं। मिलन की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पत्नी ने प्रेमी व भाई संग मिलकर की पति की हत्या

**चन्दौसी।** जनपद संभल में पत्नी द्वारा पति को प्रेमी संग मिलकर जान से मारने के संबंध में एक और मामला सामने आया है जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी व भाई के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पहले पति को फांसी का फंदा लगाकर जान से मारा गया और बाद उसके शव को दुर्घटना का रुप देने के लिए चलती बाइक से एक डीसीएम के आगे फेंक दिया। पुलिस जांच के उपरांत तीनों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक डा0 अनुकृति शर्मा द्वारा मामले का खुलासा किया गया।

बता दें कि 02 जनवरी 2026 को ग्राम पुरनपट्टी थाना जुनावई में एक अज्ञात शव (पुरुष) मिला था जिसकी शिनाख्त हेतु तीन टीम गठित कर फोटो पम्पलेट चस्पाकर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास किया गया था जिसमें उक्त शव की पहचान सनी पुत्र हीरालाल निवासी मौहल्ला ओढ़पुरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस के रुप में हुई जिसके उसकी पत्नी नेहा गौतम तथा भाई महादेव सिंह द्वारा तस्दीक किया गया। मृतक की पत्नी द्वारा अपने पति के अधिक शराब पीने के कारण दिल्ली काम के लिए निकलना तथा रास्ता भटकने के करण नशे में मृत्यु होने की संभावना होना बताया। 05 जनवरी को मृतक सनी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटना के कारण मृत्यु होना पाया गया। इसके अतिरिक्त उसकी पसलियां भी टूटी हुई पायी गयी तथा लीवर क्षतिग्रस्त पाया गया। अतः पुलिस द्वारा परि. जनों को शव सुपुर्द कर गहनता से जांच शुरु की। जांच में प्रथम दृष्टतः मृतक की पत्नी की संदिग्धता पायी गयी, जिसके बारे में परिजनों से वार्ता की गयी तो मृतक के बडेध भाई द्वारा पुष्टि करते हुए 08 जनवरी को मृतक की पत्नी नेहा, उसके साले अरुण तथा मृतक की पत्नी के प्रेमी रंजीत पुत्र कौजीराम निवासी ग्राम सैमला करनपुर थाना जुनावई जनपद संभल के नाम तहरीर प्रस्तुत की जिसके आधार पर मु0अ0सं0 08/2026 पंजीकृत किया गया।

बताया गया कि मृतक सनी की शादी 18 जून 2018 को नेहा से हुई थी। सनी गलत संगत में रहता था जिसके कारण शराब व जुआ का आदी हो गया था। सनी के ज्यादा शराब पीने व गलत आदतों की वजह से एक बार मथुरा से जेल गया जबकि दूसरी बार चोरी में थाना हाथरस गेट से जेल गया। जेल से आने के बाद उसने घर व घर का सारा सामान बेच दिया।

# सराफा कारोबारी पर गिरवी गहने हड़पने और मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में एक सराफा कारोबा. री और उसके दो बेटों पर गिरवी रखे गहने हड़पने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बसंतकुंज निवासी गौरव पाल ने शिकायत दी है। उनके अनुसार मार्च 2025 में उन्होंने संजयनगर स्थित आकाश ज्वेलर्स पर हीरे की अंगूठी और हीरे का ब्रेसलेट गिरवी रखा था, जिसकी कीमत लगभग 8.33 लाख रुपये बताई गई थी। इसके एवज में उन्हें 2.70 लाख रुपये मिले थे।




पीड़ित का आरोप है कि तय समय पर ब्याज सहित पूरी रकम चुकाने के बावजूद सराफ दीपक वर्मा और उनके बेटों हिमांशु वर्मा व आकाश वर्मा ने गहने वापस नहीं किए। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं, दोबारा दुकान पर आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पीड़ित ने घटना से जुड़े दस्तावेज और भुगतान से संबंधित साक्ष्य पुलिस को सौंपे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।एसीपी ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि आभूषण गिरवी रखते समय पूरी रसीद और लिखित शर्तें अवश्य लें।

# कैंप में 300 उद्यमियों ने रख-रखाव शुल्क जमा कराया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के साइट-4 स्थित इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन कार्यालय पर शुक्रवार को औद्योगिक भूखंड आवंटियों के लिए कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य रखरखाव शुल्क और लीज रेंट जमा कराना था। इसमें बड़ी संख्या में उद्यमी पहुंचे। करीब 300 उद्यमियों ने मौके पर ही अपना रखरखाव शुल्क जमा कराया, जबकि अन्य ने अपने बकाया की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर यूपीसीडा के सहायक अभियंता सतीश चौधरी, संदीप कुमार, रोहित श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, विनोद कुमार, अशोक चौधरी, मनोज तोमर, संजीव त्यागी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची से सैकड़ों नाम गायब, डीएम से शिकायत



**गाजियाबाद।** मुरादनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत रावलीकलां में पंचायत निर्वाचक नामावली से सैकड़ों मतदाताओं के नाम छूटने का मामला सामने आया है। इसको लेकर अधिवक्ता हरीश कुमार त्यागी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने की मांग की है।

पत्र में बताया गया है कि सितंबर और अक्तूबर 2025 में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया गया था। इस दौरान नए युवा मतदाताओं और विवाह के बाद पात्र हुई महिलाओं के नाम भी जोड़े गए थे।

दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में पंचायत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम सूची देखने पर ग्रामीणों को पता चला कि सैकड़ों पात्र मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज नहीं हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि वे राज्य निर्वाचन आयोग के प्रपत्र-2 के माध्यम से नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर रहे हैं, लेकिन तहसील मोदीनगर के चक्कर काटने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

## मतदाताओं का रखा जाएगा ध्यान

अधिवक्ता हरीश कुमार त्यागी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए और जिन मतदाताओं के नाम त्रुटिवश छूट गए हैं, उन्हें शीघ्र मतदाता सूची में शामिल किया जाए, ताकि वे अपने मताधिकार से वंचित न रहें। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं कटेगा। आपत्तियों का निस्तारण कर नाम जोड़े जाएंगे।

# मशीन की चपेट में आए बच्चे ने दम तोड़ा

**मोदीनगर।** नगर की लंकापुरी कॉलोनी स्थित डंपिंग ग्राउंड में मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए सात वर्षीय बच्चे ने मेरठ के अस्पताल में दम तोड़ दिया। जगत पुरी कॉलोनी निवासी कालिया का सात वर्षीय बेटा सुमित गुरुवार को लंकापुरी कॉलोनी स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास बकरी चराने गया था। इसी बीच कूड़ा एकत्र करने वाली मशीन की चपेट में आ गया। आरोप है कि मशीन चालक ने बच्चे को कूड़े के ढेर में दबाने का प्रयास किया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पुलिस कमिश्नरेट में 85 उपनिरीक्षकों के तबादले

**गाजियाबाद।** प्रशासनिक मजबूती और कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर जोन में 85 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर कर दिया गया। तबादला सूची के मुताबिक एक पिंक बूथ, चार हल्कों और 19 चौकियों पर नए प्रभारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा छह थानों के वरिष्ठ उपनिरीक्षक भी बदले गए हैं। डीसीपी नगर धवल जयसवाल ने कई उपनिरीक्षकों को थानों से हटाकर चौकी प्रभारी बनाया है, जबकि कुछ को चौकियों से थानों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे दरोगाओं को भी इस फेरबदल में इधर से उधर किया गया है।

तबादला सूची के मुताबिक क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की क्रॉसिंग रिपब्लिक चौकी पर देवेश कुमार सिंह, चौकी बाईपास पर सचिन कुमार, बहरामपुर चौकी पर दिनेश कुमार, नगर कोतवाली की घंटाघर चौकी पर संजीव कुमार, बजरिया चौकी पर राजेश कुमार, कैला भट्ठा चौकी पर अथर चौधरी, विजयनगर थाने की प्रताप विहार चौकी पर उमेश कुमार, वेव सिटी थाने की लालकुआं चौकी पर अंकित श्रीवास्तव, डासना चौकी पर धनंजय सिंह, दूधिया पीपल चौकी पर राहित गुप्ता, वेव सिटी पर कनिष्क, मधुबन बापूधाम थाने की मधुबन बापूधाम चौकी पर अंकिल, दुहाई चौकी पर विनीत कुमार, सिहानी गेट थाने की नेहरू नगर चौकी पर जय कुमार सरोहा, नासिरपुर चौकी पर राजीव कुमार, पटेल नगर चौकी पर प्रमोद कुमार, नंदग्राम थाने की सिहानी चुंगी चौकी पर आकाश कुमार राय, मोरटा चौकी पर नरेंद्र सिंह, गुलधर चौकी पर राघवेंद्र सिंह तथा कविनगर थाने की शास्त्रीनगर चौकी पर अंकित कुमार को प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में हर्षमणि त्रिपाठी को नगर कोतवाली के दूधेश्वरनाथ हल्का, धनंजय सिंह को वेव सिटी के डासना हल्का, ओमवीर सिंह के नंदग्राम थाने के नदंग्राम हल्का तथा अंशू सिंह को सिहानी गेट के पुराना बस अड्डा हल्का का प्रभारी बनाया गया है।

पुराना बस अड्डा पिंक बूथ पर रूबी उपाध्याय को प्रभारी बनाया गया है। वहीं, गिर्राज सिंह को मधुबन बापूधाम, सतेंद्र कुमार बघेल को सिहानी गेट, राहुल कुमार को वेव सिटी, ओमप्रकाश बघेल को क्रॉसिंग रिपब्लिक, भूपेंद्र कुमार को कविनगर तथा कपिल देव को नगर कोतवाली थाने का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है।

# सोशल मीडिया पर की टैंकरों से पेयजल आपूर्ति मांग

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन और टूटे कनेक्शन के चलते लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। इस कारण इंदिरापुरम के लोग अब टैंकरों से साफ पानी की मांग कर रहे हैं। न्यायखंड, अभय खंड, वसुंधरा, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, अर्थला, विक्रम एंक्लेव सहित कई इलाकों में पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हैं। इंदि. रापुरम निवासी कल्याण ने एक्स पर पोस्ट कर मरम्मत कार्य पूरा होने तक टैंकरों से साफ पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

उन्होंने लिखा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक निगम साफ पानी टैंकरों से उपलब्ध कराए। वहीं, अर्थला निवासी अंकित तोमर ने टूटे कनेक्शन से बहते गंदे पानी का वीडियो साझा किया है। विक्रम एंक्लेव निवासी रोहित वर्मा ने बताया कि करीब एक माह से लगातार गंदा पानी आ रहा है। जल निगम के महाप्रबंधक केपी आनंद ने बताया कि मरम्मत कार्य शुरू करा दिया है।

# कम क्षमता के एसटीपी प्लांट से सोसाइटी निवासी परेशान

**गाजियाबाद।** जिले की कई सोसाइटियों में मानकों के अनुरूप सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) नहीं होने से परेशानी हो रही है। इससे लोग गंदगी में रहने को मजबूर हैं। इसके चलते कई सोसाइटी में दूषित पानी की समस्या भी देखने को मिल रही। राजनगर एक्सटेंशन, क्रॉसिंग रिपब्लिक, सिद्धार्थ विहार, एनएच-नौ समेत ट्रांस हिंडन में करीब 400 ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी हैं। इनमें एसटीपी पर्यावरणीय मंजूरी के आधार पर लगाने होते हैं, लेकिन अधिकांश सोसाइटी के निवासियों और एओए का कहना है कि बिल्डरों ने सोसाइटी में क्षमता के हिसाब से एसटीपी नहीं लगाए। ये एसटीपी न तो उत्पन्न हो रहे सीवेज के गंदे पानी को पूरी तरह ट्रीट कर पा रहे हैं और न ही पर्यावरणीय मानकों पर खरे उतरते हैं। गौर कैस्केड, महागुनपुरम, आदित्य वर्ल्ड सिटी समेत कई बड़ी सोसाइटी के लोगों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रख एसटीपी लगाए गए हैं। अब लोग सोशल मीडिया पर वादे के मुताबिक एसटीपी लगवाने की मांग कर रहे हैं।

## परिषदीय स्कूलों में 24 जनवरी से सत्रीय परीक्षाएं

**गाजियाबाद।** जिले के 446 परिषदीय स्कूल और कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों में 24 जनवरी से सत्रीय परीक्षाएं होंगी, जो 31 जनवरी तक होंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में स्कूल खुलने पर बच्चों को तैयारी कराने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र छपवाने और अन्य सभी जरूरी तैयारियों में होने वाले खर्च का वहन प्रबंधन समिति के खाते से किया जाएगा। परीक्षा के बाद स्कूल छात्रों की प्रगति रिपोर्ट साझा करने के लिए अभिभावकों के साथ एक तय तारीख पर बैठक करेंगे।

# साइबर अपराधियों के आगे बेबस है पुलिस

**गाजियाबाद।** साइबर ठगों ने इंदिरापुरम क्षेत्र में रहने वाली श्रुति खंडेलवाल को शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 17 लाख 58 हजार 987 रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता का आरोप है कि ठग अब भी लगातार उन पर और रुपये ट्रांसफर करने का दबाव बना रहे हैं। मामले में साइबर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) केशव चौधरी के अनुसार, श्रुति खंडेलवाल वसुंधरा स्थित फ्रेंड्स सोसायटी की निवासी हैं। उन्होंने 15 अक्टूबर को "डीबीएस क्वॉलिटी स्टॉक रिकमेंडेड" नामक व्हाट्सएप ग्रुप जॉइन किया था। ग्रुप में रजत वर्मा




नामक युवक शेयर बाजार से जुड़ी जानकारी देता था और ग्रो व अपस्टॉक्स जैसे वैध प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग के टिप्स साझा करता था।

कुछ दिनों बाद आरोपी ने पांच से दस प्रतिशत तक मुनाफा दिलाने का दावा कर एक फर्जी मोबाइल एप "क्विकलिटी स्टॉक" के माध्यम से निवेश कराना शुरू कराया। शुरुआत में पीड़िता को कुछ लाभ दिखाया गया और थोड़ी रकम निकालने भी दी गई, जिससे उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद आईपीओ में निवेश कराने के नाम पर बड़ी रकम ट्रांसफर कराई गई।

जब पीड़िता ने अपने खाते से रुपये निकालने का प्रयास किया तो असफल रही। शिकायत करने पर ठगों ने खाते में दर्शाई जा रही रकम का 20 प्रतिशत यानी करीब 10 लाख रुपये जमा कराने की मांग की। इसके बावजूद निकासी नहीं हो सकी और ठग लगातार और रुपये ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगे।

पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरो. पियों के मोबाइल नंबरों की ट्रैकिंग शुरू कर दी है और बैंक खातों की जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मिलने वाले निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें।

# नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए यूपी टीम का हुआ चयन

**गाजियाबाद।** 43वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए यूपी की नेटबॉल टीम का चयन शुक्रवार को महामाया स्टेडियम में हुआ। इसमें यूपी की महिला टीम की कमान जिले की खिलाड़ी विभा कुमारी को सौंपी गई है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव शिलांकुर ने बताया कि 43 वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 11 से 14 जनवरी तक हैदराबाद में खेली जाएगी। इसके लिए महामाया स्टेडियम में उत्तर प्रदेश की महिला और पुरुष टीम का चयन किया गया। ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करने वाले को टीम में शामिल किया गया है।

# मंत्री ने किया मोदीनगर की कई योजनाओं का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पालिका द्वारा फफराना रोड पर नव-निर्मित सीसी रोड, रुक्मिणी मार्केट पार्किंग एवं पालिका परिसर में स्थापित "अमर शहीद स्मारक" का लोकार्पण असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार, के कर-कमलों द्वारा गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर चैनपाल सिंह (जिला अध्यक्ष), डॉ. मंजू शिवाच (विधायक, मोदीनगर) एवं विनोद वैशाली (चेयरमैन, नगर पालिका परिषद मोदीनगर) की विशेष उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, सभासदगण, अधिकारीगण के साथ-साथ वेद प्रकाश चौधरी, राहुल राणा, कपिल, आलोक कौशिक, दुष्यंत यादव, सोनू चौधरी, आदित्य बॉबी, ललित मित्तल, रजनीश चौधरी, प्रीतम सैनी, सोनू कुमार, जितेंद्र चौधरी, बलराज गुर्जर, किशन राज सेन, नीटू चौधरी, गुलाब सिंह, आलोक भारती, प्रदीप शर्मा, धर्मवीर मास्टर, अर्जुन नेहरा, संजय चौधरी, ललित त्यागी, स्वदेश जैन, पिंकी चौधरी, आकाश शर्मा, राकेश कर्दम, आशीष कश्यप, सागर गुप्ता, राजकुमार खुराना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए जनहित में ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।

# साकेत कोर्ट के स्टाफ मेंबर ने की खुदकुशी सुसाइड नोट में काम के दबाव का जिक्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के एक स्टाफ मेंबर ने शुक्रवार को कोर्ट कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक काम के दबाव के कारण गंभीर मानसिक तनाव में था।

मृतक की पहचान साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स में काम करने वाले हरीश सिंह महार के रूप में हुई। अधिकारियों के मुताबिक, उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने साफ तौर पर लिखा कि वह अपनी मर्जी से यह कदम उठा रहा है और उनके इस फैसले के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। सुसाइड नोट में महार ने कथित तौर पर बताया कि 'अहलमद' (कोर्ट का एक अधिकारी जो रिकॉर्ड रखने और न्यायिक कार्यवाही में मदद करने के लिए जिम्मेदार होता है) का पद संभालने के बाद ऑफिस के काम का दबाव बहुत ज्यादा हो गया था। मृतक ने लिखा कि इस पद को संभालने के बाद से ही उनके मन में आत्महत्या के विचार आ रहे थे, लेकिन उसनने यह सोचकर अपनी मानसिक स्थिति किसी के साथ शेयर नहीं की कि वह काम के बोझ से निपट लेगा। नोट से आगे पता चला कि महार 60 प्रतिशत विकलांग थे और उन्हें इस पद की जिम्मेदारियां बहुत मुश्किल लगती थीं। उन्होंने लिखा कि नौकरी की वजह से आखिरकार उनकी मानसिक सेहत खराब हो गई, जिससे वह दबाव में टूट गए। लगातार तनाव और लगातार ज्यादा सोचने की वजह से नींद न आना भी उनकी सेहत को प्रभावित करने वाले मुख्य कारण बताए गए। महार ने अपने आर्थिक भविष्य के बारे में भी चिंता जताई, यह कहते हुए कि समय से पहले रिटायरमेंट लेना उनके लिए सही विकल्प नहीं था। नोट के अनुसार, समय से पहले रिटायरमेंट का मतलब होगा कि वह 60 साल की उम्र तक अपनी बचत या पेंशन का फायदा नहीं उठा पाएंगे, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई। न्यायपालिका को संबोधित एक अपील में महार ने अनुरोध किया कि विकलांग व्यक्तियों को हल्की ड्यूटी दी जाए ताकि भविष्य में दूसरों को ऐसी ही पीड़ा न झेलनी पड़े। उन्होंने नोट में दोहराया कि उनका फैसला अपनी मर्जी का था और एक बार फिर जोर दिया कि उनकी मौत के लिए किसी को भी दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। साकेत कोर्ट के एक वकील ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस दुखद घटना के बारे में जानकर उन्हें गहरा सदमा लगा है। वकील ने कहा कि वह 60 प्रतिशत विकलांग थे। मुझे लगता है कि इस तरह की मुश्किल पोस्ट उस स्तर की विकलांगता वाले व्यक्ति के लिए सही नहीं हो सकती। लीगल कम्युनिटी के सदस्यों ने कोर्ट के बाहर विरोध- प्रदर्शन शुरू कर दिया है और कोर्ट स्टाफ के लिए न्याय और बेहतर काम करने की स्थितियों की मांग कर रहे हैं।

साकेत कोर्ट के एडिशनल सेक्रेटरी हितेश बैसला ने कहा कि हरीश नाम के एक कोर्ट क्लर्क ने ब्लॉक-1 की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। उसने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उसने लिखा है कि वह 60 प्रतिशत शारीरिक रूप से विकलांग था, उसकी उम्र लगभग 30-35 साल थी और काम के दबाव के कारण उसने यह कदम उठाया।

# हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा है कि हर घर तक स्वच्छ, समान और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने विधानसभा में नियम 270 के तहत जलापूर्ति के संबंध में अपने वक्तव्य में शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड भारत सरकार के सहयोग से हर घर तक स्वच्छ, समान और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्तमान समय में जल की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए जो चुनौतियां आ रही हैं, ये सब पिछली सरकार की वर्षों की उपेक्षा, अनिर्णय और देरी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने जल विभाग की कमान ऐसी विकट और उपेक्षित स्थिति में संभाली जो वर्षों की लापरवाही का शिकार थी। भाजपा सरकार को जर्जर जल ढांचा विरासत में मिला है। कुल 16 हजार किलोमीटर पाइप लाइन में से पांच हजार दो सौ मीटर से अधिक 30 साल से पुरानी पाइपलाइन है। दो हजार सात किलोमीटर पाइपलाइन 20 से 30 साल पुरानी है, जिसके कारण जगह-जगह रिसाव, पाइप फटना और प्रदूषण का खतरा और 45 प्रतिशत तक पानी बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2011 से प्रस्तावित बड़े सुधार प्रोजेक्ट चंद्रावल और वजीराबाद कमान क्षेत्रों के टेंडर रद्द करने और अन्य कारणों से यह परियोजना लंबे समय से लटकी रहे हैं। इससे लागत में भारी वृद्धि हुई तथा लाखों नागरिक स्वच्छ जल से वंचित रहे।

जल मंत्री ने कहा कि विरासत से मिली चुनौतियों से पार पाने के लिए हम दृढ़ संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 11 महीने में कई कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर में चंद्रावल परियोजना के शेष पैकेज को तुरंत आवंटित किया जिसकी कुल लागत 2406 करोड़ रुपये है। हमारी सरकार ने 1044 किलोमीटर नई पाइपलाइन डालने का काम मंजूर किया है। इक्की अंडरग्राउंड रिजर्वायर (यूजीआर) का निर्माण होगा, जिससे नौ विधानसभा क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दो तीन सालों में पुरानी पाइप लाइनों को बदला जायेगा।

# गलन वाली ठंड के बीच बूंदाबांदी मौसमी बदलाव के चलते बढ़ी ठंडक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार सुबह दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ली है। कई इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिली है। इस मौसमी बदलाव के कारण क्षेत्र में ठंडक बढ़ गई है, जो पहले से जारी कड़ाके की सर्दी के मौसम को और भी तीव्र कर रहा है।

राजधानी एकबार फिर कड़ाके की ठंड की चपेट में है। बीते दो दिन से दिल्ली में शीतलहर की स्थिति बनी थी। वहीं, शुक्रवार की सुबह दिल्ली-एनसीआर के मौसम ने अचानक करवट ली। दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में सुबह के समय हल्की बारिश देखने को मिली, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम और भी ठंडा हो गया। इस बारिश ने लोगों को सर्दी का अहसास और भी गहरा कर दिया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया। दिन का अधिकतम तापमान करीब 17 डिग्री और न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई। शाम और रात के समय हल्की धुंध छा सकती है।

आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में 10 से 12 जनवरी के बीच भी आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा। इन दिनों सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। अधिकतम तापमान 15 से 18 डिग्री और न्यूनतम 5 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। 13 और 14 जनवरी को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इन दिनों भी सुबह के वक्त हल्का से मध्यम कोहरा रहने का अनुमान है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव रहेगा। मौसम विभाग ने लोगों को सुबह के समय सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर वाहन चालकों को कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की स्थिति में सतर्क रहने को कहा गया है।

# आतिशी के बयान पर भाजपा पार्षदों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में गुरु तेग बहादुर पर कथित टिप्पणी को लेकर शुरू हुए सियासी घमासान की आग दिल्ली नगर निगम तक पहुंच गई है। शुक्रवार को एमसीडी हाउस में भाजपा पार्षदों ने दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के खिलाफ उनके उस बयान को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें कथित तौर पर गुरु तेग बहादुर जी का अपमान किया गया था। वहीं, आप पार्षदों ने कपिल मिश्रा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। एमसीडी सदन की बैठक में भाजपा के पार्षदों ने आतिशी की टिप्पणी को लेकर जबरदस्त हंगामा किया। हाथों में पोस्टर लेकर पार्षद नारेबाजी करने लगे। वहीं, आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने कपिल मिश्रा के खिलाफ नारेबाजी की और उनके त्यागपत्र की मांग की। आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बीच बैठक हंगामे में बदल गई और महापौर ने सदन की कार्रवाई 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

दिल्ली सरकार का आरोप है कि सदन के भीतर आतिशी द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा न सिर्फ असंसदीय थी, बल्कि सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली भी थी। दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष को लिखित रूप से तीन साफ मांगें रखी थीं। जिसमें नेता विपक्ष आतिशी की सदस्यता तत्काल रद्द करने के साथ उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराने की मांग की गई है।




दिल्ली भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना द्वारा सिख गुरू तेगबहादुर साहिब के अपमान के विरोध में आम आदमी पार्टी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए।

# तुर्कमान गेट मामले में पांच आरोपियों को राहत नही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामले में तीस हजारी कोर्ट में शुक्रवार को पांच आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने फिलहाल सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तारीख तय की है। यह मामला तब सामने आया था जब अतिक्रमण हटाने गई पुलिस पर भीड़ ने पत्थर फेंके थे, जिसमें पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और 50 से अधिक की पहचान कर ली है। मोहम्मद इमरान (36) नाम के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने अफान, आदिल, शाहनवाज, हमजा, अतहर और उबैद सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

वहीं दूसरी तरफ आज शुक्रवार को अतिक्रमण वाले इलाके में जुम्मे की नमाज हुई। तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद पर जुम्मे की नमाज भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच पढ़ी गई। बताया जा रहा है कि 30 से 35 लोगों ने फैज ए इलाही मस्जिद में की नमाज अदा की।

मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित दरगाह फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास मंगलवार को अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान शरारती तत्वों ने हिंसा कर दी थी। करीब 150 से 200 उपद्रवियों ने देर रात पुलिस पर पथराव कर दिया।

# दिल्ली विधानसभा परिसर में 'आप' का प्रदर्शन, कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा परिसर में आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा पर फर्जी और भ्रामक वीडियो फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की।

आप विधायक संजीव झा, जरनैल सिंह और कुलदीप कुमार ने सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक संजीव झा ने कहा कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक फर्जी वीडियो फैलाया गया, जिसमें गुरु साहिब का नाम जोड़ा गया। कपिल मिश्रा ने वीडियो का गलत ट्रांसक्रिप्ट लिखा और उसे जान बूझकर प्रसारित किया। यह बेहद शर्मनाक हरकत है।हमने मांग की है कि इस वीडियो पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए और इसे फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

उन्होंने आगे कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब तक इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए। पहले कहा गया था कि कार्रवाई होगी। हमें उम्मीद है कि अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के फर्जी वीडियो फैलाने की हिम्मत न कर सके। कपिल मिश्रा पर आरोप लगाते हुए 'आप' विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि उन्होंने एक वीडियो को एडिट कर प्रसारित किया, जिसमें मंत्री आतिशी कुछ कह रही हैं, लेकिन स्क्रीन पर अलग टेक्स्ट दिखाया गया। उन्होंने कहा, "यह साफ तौर पर गलत सूचना फैलाने का मामला है। कपिल मिश्रा के खिलाफ इस वीडियो को लेकर कार्रवाई होनी चाहिए। जिन्होंने भी यह वीडियो साझा किया है, उन सभी विधायकों पर भी कार्रवाई हो।" जरनैल सिंह ने कपिल मिश्रा के पुराने रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए कहा कि उनका नाम दिल्ली दंगों से जुड़ा रहा है, इसलिए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि पार्टी कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग पर कायम है।

# गुरुओं के अपमान पर भाजपा ने की कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के कथित बयान को लेकर सियासी घमासान लगातार तेज होता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों ने आतिशी पर तीखा हमला बोलते हुए न सिर्फ माफी, बल्कि कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामला सिख गुरुओं के सम्मान से जुड़ा होने के कारण और भी संवेदनशील हो गया है।

दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष आतिशी पिछले तीन दिनों से विधानसभा में उपस्थित नहीं हुई हैं। आतिशी दिल्ली में ही हैं और उन्हें यह एहसास भी है कि उनसे गलती हुई है, इसके बावजूद वे न तो सदन में आईं और न ही माफी मांग रही हैं। प्रवेश वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा की मांग है कि उन्हें माफ नहीं, बल्कि दंडित किया जाए। वहीं, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी पर दोहरे मापदंड अपनाने और अयोग्यता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब दो दिन पहले सदन में गुरुओं के सम्मान पर चर्चा हो रही थी, तब 'आप' नेताओं ने अशोभनीय टिप्पणियां कीं। सरकार ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी के बयान पर सफाई देने का पूरा मौका दिया, लेकिन 'आप' नेताओं ने चर्चा को प्रदूषण के मुद्दे की ओर मोड़ने की कोशिश की।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि विधानसभा में आतिशी द्वारा बोले गए शब्दों को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक आतिशी अपने पद से इस्तीफा नहीं देतीं। भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि आतिशी ने गुरु तेग बहादुर का अपमान किया है। इस्तीफा देना बाद की बात है, पहले उन्हें दरबार साहिब जाकर माथा टेकना चाहिए, सेवा करनी चाहिए, जूते पॉलिश करने, बर्तन धोने और कर सेवा करने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो देश के हिंदू और सिख समुदाय इसका विरोध करेंगे।

भाजपा नेता आदेश गुप्ता ने कहा कि गुरुओं के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी किसी भी सूरत में माफ किए जाने योग्य नहीं है और आतिशी को अपमानजनक टिप्पणी के लिए इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने बताया कि अध्यक्ष ने इस मामले में वीडियो सैंपल भेज दिया है और 15 दिन की समय-सीमा तय की गई है। 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट आने के बाद विशेष सत्र बुलाया जाएगा और आतिशी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली ने इसे बेहद दुखद बताते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा शर्मनाक और निंदनीय है, जो भारत की आध्यात्मिक विरासत में योगदान देने वाले महान संतों का अपमान है।

इस बीच भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने गुरु तेग बहादुर की 350वें शहीदी पर्व पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें न केवल दिल्ली, बल्कि पूरे देश से संगत ने भाग लिया और कार्यक्रम की व्यापक सराहना हुई। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विधानसभा की कार्यवाही को स्पष्ट करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के सम्मान में चर्चा की शुरुआत उन्होंने की थी और अंत में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबोधन दिया। इसके बाद जब मंत्री इंद्रजीत अगले विषय पर बोलने के लिए खड़े हुए, तभी आतिशी ने विपक्ष की ओर से बोलना शुरू कर दिया, जिससे विवाद की स्थिति बनी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विधानसभा में सरकार के 11 माह के कार्यकाल की उपलब्धियों को तथ्यात्मक आंकड़ों के साथ पेश करते हुए।

# धरने में नहीं, करने में विश्वास रखने वाली हमारी सरकारः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में अपनी सरकार के 11 माह के कार्यकाल की उपलब्धियों को सिलसिलेवार, तथ्यात्मक आंकड़ों व प्रखर विचारों से विस्तार से पेश किया, साथ ही पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के 11 वर्षों के शासन की विफलताओं, अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार की परत-दर-परत पोल भी खोलकर रख दी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उपराज्यपाल का अभिभाषण कोई संसदीय रस्म अदायगी नहीं है, बल्कि यह उस नए गवर्नेंस मॉडल का रोडमैप है, जिसमें दिल्ली को टकराव की राजनीति से निकालकर समन्वय, जवाबदेही और परिणाम आधारित शासन की ओर ले जाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में केंद्र सरकार, उपराज्यपाल, नगर निगम और विभिन्न एजेंसियां आपसी टकराव में नहीं, बल्कि दिल्ली के विकास के लिए एकजुट होकर काम कर रही हैं। सदन में मुख्यमंत्री भावुक भी हुई और कहा कि विपक्ष उनकी मानवीय भूल पर जानबूझकर छींटाकशी करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को यह स्वीकार नहीं हो पा रहा है कि आज दिल्ली की मुख्यमंत्री एक महिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यही वह मॉडल है, जिसे दिल्ली सरकार पूरे आत्मविश्वास के साथ जनता के सामने रख रही है। सरकार के निर्णयों में शोर नहीं, बल्कि समन्वय है; जहां घोषणाएं नहीं, बल्कि क्रियान्वयन है और जहां सत्ता प्रदर्शन नहीं, बल्कि सेवा का अभ्यास है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गांधी के सर्वोदय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय और अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्रवाद से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-विकसित दिल्ली' के संकल्प को साकार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी 2025 में जब उनकी सरकार बनी, तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो वर्षों के अंधकार के बाद दिल्ली में नई रोशनी की किरण आई हो।

# सोशल मीडिया पर हथियार दिखाने वाला आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दोस्तों व अन्य लोगों पर रौब झाडने के लिये सोशल मीडिया पर हथियार दिखाने वाले एक आरोपी मनीष उफ मिशु को द्वारका एएटीएस ने पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वह हथियार कहां से और किससे लाया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मनीष उर्फ मिशु नजफगढ़ के गैंगस्टरों से प्रभावित था। उसने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर भी हथियार के साथ अपनी तस्वीरें लगाई थीं। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार क निर्देशन में पुलिस टीम बदमाशों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से आरोपी के बारे में सोशल मीडिया पर हथियार दिखाने की जानकारी मिली थी। जांच में गैंगस्टरों से मिलने वालों के वेरिफिकेशन के दौरान,जांच टीम को आरोपी के बारे में जानकारी मिली,जिसको एक पुख्ता जानकारी के बाद उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर पता चला कि पढ़ाई छोडने के बाद वह ओम प्रकाश उर्फ काला और उसके भाई अमित उर्फ बागे के संपर्क में आया, जो न्यायिक हिरासत में हैं, क्योंकि वह नजफगढ़ और आसपास के इलाके के लोकल गैंगस्टर्स से प्रभावित था।

# तुर्कमान गेट पथराव मामले में एक और आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तुर्कमान गेट पर हुए पथराव मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 12 हो गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच, शुक्रवार की नमाज के मद्देनजर इलाके में और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मध्य) निधिन वाल्सन ने कहा, ''हमने मोहम्मद इमरान (36) को गिरफ्तार कर लिया है। विस्तृत जांच जारी है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।" कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। वरिष्ठ अधिकारी भी जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए। पुलिस के अनुसार, मस्जिदों और आसपास की गलियों के पास अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं और आवागमन को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर चौकियां स्थापित की गई हैं। वाल्सन ने बताया कि इलाके पर कड़ी नजर रखने के लिए ड्रोन निगरानी और सीसीटीवी निगरानी का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, ''स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। शुक्रवार की नमाज को देखते हुए एहतियात के तौर पर हमने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है।

# शिक्षा मंत्री ने दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव 2026 का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**नई दिल्ली।दिल्ली सरकार ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) के परिसर में दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव 2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सरकार ने छात्र उद्यमिता को बढ़ावा देने और दिल्ली को भारत की स्टार्टअप राजधानी के रूप में स्थापित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।छात्रों, मेंटर्स, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि एनएसयूटी जैसे संस्थान केवल शैक्षणिक शिक्षा के केंद्र नहीं हैं, बल्कि नवाचार और राष्ट्र निर्माण के सशक्त केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि आज के छात्र 'विकसित भारत' के शिल्पकार हैं और यह महोत्सव एक परिवर्तनकारी "कैंपस से मार्केट" आंदोलन की शुरुआत है।

भारत की स्टार्टअप यात्रा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत में केवल तीन यूनिकॉर्न थे और स्टार्टअप इकोसिस्टम सीमित था। आज भारत में लगभग 125 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 366 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इसके साथ ही देश में 1.97 लाख से अधिक डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने इस परिवर्तन का श्रेय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'नीतिगत ठहराव' से 'नीतिगत कार्रवाई' की ओर हुए निर्णायक बदलाव को दिया।सूद ने भारत के स्टार्टअप विकास की समावेशी प्रकृति पर भी जोर दिया और बताया कि आज लगभग 45 प्रतिशत भारतीय स्टार्टअप महिलाओं के नेतृत्व में हैं। उन्होंने उद्यमिता को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। यह परिवर्तन गहरे सामाजिक बदलाव की भी कहानी है। इस दौर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में हमारी समावेशन की कहानी शामिल है। यह वह तथ्य है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अक्सर रेखांकित करते हैं, यह दिखाने के लिए कि उद्यमिता सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त उपकरण है।

## डिलीवरी का आईफोन जबरन लूटा

**नई दिल्ली।** कापसहेड़ा इलाके में आरोपियों ने कैश ऑन डिलीवरी के बहाने आकर डिलीवरी बॉय से मोबाइल फोन जबरन छीन लिया। पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। जानकारी के मुताबिक पीडिघ्त अभिषेक (22) परिवार के साथ दुर्गा पार्क, सागरपुर में रहता है। फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय के तौर पर नौकरी करता है। वह शाहबाद मोहम्मदपुर स्थित फ्लिपकार्ट ऑफिस से आईफोन 14 मोबाइल फोन की डिलीवरी के लिए गोलकधाम मंदिर, बिजवासन गया था। यह डिलीवरी कैश ऑन डिलीवरी थी। शाम करीब 6 बजकर 25 मिनट पर जब बस स्टैंड के पास ग्राहक का इंतजार कर रहा था। बाइक पर दो युवक आए। उसने आरोपियों को मोबाइल फोन का डिब्बा दिखाकर रुपये मांगे। बाइक सवार बदमाशों ने जबरन डिब्बा छीना और फरार हो गए। आरोपियों का उसने काफी दूरी तक पीछा भी किया था। जिसके तुरंत बाद पुलिस को आपबीति बताई थी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या सीएसपी-केएसएफ_04_2025-26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य अभियंता/टीएसपी, उत्तर रेलवे, मुख्यालय कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली-110001 ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित निविदा आमंत्रित करते हैं:

| क्रम सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा दस्तावेज की कीमत (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) | अनुमानित निविदा मूल्य (रुपये में) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीएसपी-केएसएफ_03_2025-26 | नॉर्दर्न रेलवे, खालिसपुर-वाराणसी स्थित कंक्रीट स्लीपर प्लांट में दो वर्ष की अवधि के लिए स्टीम कोल बॉयलर का संचालन, धुलाई और रखरखाव, जिसमें स्टीम कोल की व्यवस्था भी शामिल है। | कुछ नहीं | 1,65,000/- | 82,49,028.48 | 04.02.2026 को 15:00 बजे | 24 माह |

नोटः- उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की संपूर्ण जानकारी "www.ireps.gov.in" वेबसाइट पर उपलब्ध है।

संख्याः सीएसपी-केएसएफ_04_2025-26 दिनांकः 08.01.2026 99/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लकड़ी तस्करों पर वन विभाग मेहरबान

## मामले की बारीकी से जांच जरूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** बढ़ापुर वन क्षेत्र से प्रतिबंधित खैर की लकड़ी से भरी स्कॉर्पियों कार पुलिस को हरेवली बैराज से मिलने के बाद पुलिस द्वारा भले ही कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। लेकिन इस तस्करी ने स्पष्ट कर दिया है कि इस लकड़ी की तस्करी करने वाले माफियाओं पर वन विभाग के कोई ना कोई कर्मचारी मेहरबान है। उक्त मामले की बारीकी से जाँच होने जरुरी है।

गौरतलब है कि मंगलवार देर रात्रि बढ़ापुर वन क्षेत्र से अवैध रूप से प्रतिबंधित खैर की लकड़ी से भरी स्कॉर्पियो तेज गति में जब हरेवली बैराज पर पहुंची घने कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर हरेवली बैराज के पौंड एरिया में कई फिट गहरी खाई में पानी में जा गिरी।

स्कॉर्पियो पलटने की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा हाइड्रा की मदद से स्कार्पियो को पानी से बाहर निकलवाया तो स्कॉर्पियो कार खैर की लकड़ी भरी निकली। रात के अंधेरे में बढ़ापुर वन क्षेत्र के वन अधिकारियों, बढ़ापुर व हरेवली चौकी पर तैनात पुलिस के नाक के नीचे इतनी बड़ी लकड़ी तस्करी होना अपने आप में सैकड़ों सवाल खड़े कर रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं इस तस्करी में वन विभाग के साथ-साथ पुलिस भी इन माफियाओं पर मेहरबानी कर रही हो, क्योंकि बढ़ापुर वन क्षेत्र मे वन विभाग की चौकियों के अलावा बैरियर लगे हुए है, जो रात को ज्यादातर बंद कर दिये जाते है, लेकिन बैरियर बंद होने के बाद प्रतिबंधित लकड़ियों से भरी गाड़ियों का बाहर निकलना अपने आप मे सवाल खड़े कर रहा है। जिला प्रशासन सहित अन्य अधिकारियों को चाहिए कि उक्त मामले में गोपनीय जांच कर इस तस्करी में शामिल वन कर्मचारियों पर कार्यवाही करे।

उधर खैर की लकड़ी से भरी स्कॉर्पियो पुलिस द्वारा कब्जे मे लेने के बाद वन विभाग को इस बात का पता चलते ही अपने विभाग की वाहवाही लूटने के चक्कर में वन विभाग के अधिकारी स्कॉर्पियो गाड़ी को कब्जे में लेने पुलिस के पास पहुंचे तो पुलिस ने मना कर देने से दोनों विभाग के अधिकारियों नोंकझोंक भी हुई थी। क्योंकि विभाग अपनी वाहवाही लूटना चाह रहे थे।

### उपनिरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** प्रतिबंधित खैर की लकड़ी से लदी स्कॉर्पियो के मामले मे उपनिरीक्षक अंकित सिंह की तहरीर मे संदिग्ध वाहन चेकिंग हेतु चौकी हरेवली बैरियर पर गश्त के दौरान बढ़ापुर की ओर से एक स्कॉर्पियो गाड़ी तेज गति से आती दिखाई देने पर पुलिस द्वारा टॉर्च से रुकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी मोड़कर वापस भागने का प्रयास किया। तेज गति के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इसी दौरान गाड़ी में सवार एक व्यक्ति जंगल की ओर भाग गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसके अंदर पीछे की सीट पर भारी मात्रा में लकड़ी भरी पाई गई। वन विभाग की टीम ने लकड़ी की पहचान प्रतिबंधित खैर के रूप में होने पर पुलिस ने मामला धारा 303(2), 317(2) बीएनएस एवं धारा 3/26/41/42 भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कर आरोपी चालक की तलाश मे लग गयी है। गाड़ी में लदी लकड़ी की गिनती करने पर 15 गिल्टे प्रतिबंधित खैर के पाए गए

### बरामद स्कार्पियो दिल्ली की निकली

**शेरकोट।** खैर की लकड़ी बरामद के मामले मे लकड़ी माफियाओं की एक ओर पोल उस समय खुली जब पुलिस ने जांच के दौरान गाड़ी से एक नंबर प्लेट बरामद हुई तो उस पर DL8CAC2915 नम्बर अंकित था। लेकिन चेसिस नंबर का मिलान करने पर गाड़ी का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर DL7CM0144 पाया गया। गाड़ी आरटीओ मयूर विहार दिल्ली से पंजीकृत है, जिसके स्वामी का नाम टिट्टू पुत्र सुरेश निवासी बदरपुर साउथ दिल्ली बताया गया है।

## विवेक सेन ने चुनावी वादा निभाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** चुनाव के दौरान किए गए वादों को अक्सर नेता भूल जाते हैं, लेकिन जो जनप्रतिनिधि अपने वचनों को निभाते हैं, वे लोगों के दिलों में विशेष स्थान बना लेते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण धामपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव कुंडीपुरा में देखने को मिला।

लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणों से किए गए वादे को पूरा करते हुए सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने गांव स्थित रविदास धर्मशाला पर गेट लगवाकर उसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सांसद एवं उनके प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के दौरान जनसंपर्क के समय सांसद चंद्रशेखर आजाद जब गांव पहुंचे थे, तब ग्रामीणों ने रविदास धर्मशाला में गेट लगाए जाने की मांग रखी थी। ग्रामीणों का कहना था कि गेट न होने के कारण असामाजिक तत्वों का आवागमन बना रहता था। सांसद ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए गेट लगवाने का आश्वासन दिया था। सांसद के प्रतिनिधि विवेक सेन गांव पहुंचे और अपने वादे के अनुरूप धर्मशाला पर गेट लगवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि समाज के प्रत्येक धार्मिक व सामाजिक स्थल को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सम्मानजनक बनाया जाए। जनसेवा ही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान शादाब, सलम, शहजाद, सुखवीर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### बुग्गी से टकराकर बाइक सवार की मौत

**नांगल सोती।** ग्राम कामराजपुर निवासी राकेश (50 वर्ष) बीती की देर शाम नांगल- चंदक मार्ग पर बरकातपुर मिल चौराहा की ओर से बाईक से अपने घर जा रहा था। कामराजपुर के समीप बुग्गी में बाईक की टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परि. जनों ने बालावाली गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

### निजी बैंकों के लिए परिसर चयन अभियान



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए परिसर चयन अभियान का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक तथा एनआईआईटी लिमिटेड के सहयोग से स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस चयन अभियान में बीबीए, बीकॉम, बीसीए एवं एमबीए पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजीव कुमार, अमित कुमार, डॉ. सुधांशु जैन (प्राचार्य-डिस्ट) तथा डॉ. विक्रम भारती (प्राचार्य-फार्मेसी) द्वारा किया गया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान नरेश कुमार (सहायक प्रबंधक), वैभव चौहान (दल प्रमुख) तथा रूपम (मानव संसाधन अधिकारी) उपस्थित रहे। चयन प्रक्रिया के उपरांत छह विद्यार्थियों का अगले चरण के लिए चयन किया गया।

### नुक्कड नाटक के माध्यम से किया प्रेरित



**चांदपुर।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा, जिसने विद्यार्थियों और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन के प्रति प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक का मंचन सनी कुमार के कुशल निर्देशन में किया गया। कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति और संवादों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे बचाव के उपायों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। नाटक के दौरान दर्शाया गया कि कैसे एक छोटी सी लापरवाही, जैसे बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना या वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना जानलेवा साबित हो सकती है। प्राचार्या प्रो. साधना ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि एक नागरिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा दूत बनने का आह्वान किया ताकि वे अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित सफर के लिए जागरूक कर सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, मौहम्मद आरिफ तथा मौ. सलीम आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**चांदपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखंड सभागार जलीलपुर में ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना निर्माण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक एवं सचिवों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया को समझाना था। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की गई। सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर आधारित 09 थीम पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के मुख्य चरण वातावरण निर्माण, पारिस्थितिकीय विश्लेषण, आवश्यकताओं की पहचान एवं उनका प्राथमिकीकरण, ड्राफ्ट प्लान का विकास, प्रशासनिक तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षक प्रीति, लोकेश द्वारा जन योजना अभियान पर चर्चा की। आपके द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर से 31 जनवरी के मध्य जन योजना संचालित की जाती है।

## बिना अनुमति चल रहा कार्यक्रम रूकवाया



**झालू।** मौहल्ला मिर्दगान में एक युवक के पुत्र के जन्मदिन के उपलक्ष में नहटौर रोड स्थित एक धर्मशाला में देर रात तक डीजे और बिना प्रशासनिक अनुमति के नृतकियों द्वारा नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। डीजे बजने से आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को डीजे पर तेज आवाज की शिकायत पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही झालू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यक्रम को बंद कराने का प्रयास किया। पुलिस के समझाने के बावजूद आयोजक पक्ष द्वारा कार्यक्रम जारी रखा गया। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज की गई तथा धक्का-मुक्की भी हुई। मामला बिगडता देख चौकी प्रभारी ने तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्यक्रम बंद कराया। आरोप है आयोजक कर्ता व कुछ अन्य लोगों ने पुलिस के साथ तीखी नोंकझोंक व धक्का-मुक्की की। कुछ लोगों ने मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने कहा कि आयोजक अरुण कुमार व अमन कुमार का शांतिभंग में चालान कर दिया है। उन्होंने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की व नोंकझोंक के आरोपों को गलत बताया है।

# शुगर मिल में ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

## सौ से अधिक खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग




शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** शुगर मिल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में पुष्प निकेतन स्कूल में एक दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल भावना और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-30 तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सिंगल्स एवं डबल्स मुकाबले आयोजित किए गए। विभिन्न वर्गों में पुष्प निकेतन स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। अंडर-14 ग्लर्स सिंगल्स में तनीषा सिंह ने प्रथम, परी सिंह ने द्वितीय तथा एंजेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स में रिचा राजपूत प्रथम, कनिष्का विश्नोई द्वितीय और प्रियांशी रानी तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-14 बॉयज वर्ग में आदित्य शर्मा ने प्रथम, वंश गुर्जर ने द्वितीय तथा सूर्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बॉयज वर्ग में आदित्य शर्मा प्रथम, दैविक द्वितीय और राघव तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-30 मेंस डबल्स में यश एवं सैफी की जोड़ी ने प्रथम, प्रणव एवं दैविक ने द्वितीय तथा जेद एवं शौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष युगल वर्ग में उत्कर्ष एवं जेद प्रथम, जैनुल एवं अरशद द्वितीय तथा अरशद एवं डॉ. शाहनवाज तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय के मैनेजर एवं मुख्य अतिथि विजय कुमार गुप्ता ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर स्टाफ सदस्य राजेश यादव, सुमित शर्मा, जयप्रकाश मिश्रा, गौरव तनेजा, भूपेंद्र राणा, रितेश बाला आदि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

# सांसद की नीतियों से प्रभावित होकर ली सदस्यता



आजाद समाज पार्टी की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह बैठक पार्टी के कैंप कार्यालय पर हुई।

यह सदस्यता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की नीतियों से प्रभावित होकर ली गई। उपस्थित लोगों ने आजाद के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद लगातार मुस्लिम, दलित, पिछड़े और मजलूम वर्गों की आवाज मजबूती से उठा रहे हैं, जिससे जनता में नया विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में चंद्रशेखर आजाद को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ. नसीम ने साहनपुर चेयरमैन और आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व मंसूरी पर भरोसा जताता है, तो नजीबाबाद की जनता उन्हें 2027 में विधायक चुनकर विधानसभा भेजेगी।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट कसीम ने किया, जबकि हाजी गफ्फार कुरैशी ने इसकी अध्यक्षता की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सुल्तान कुरैशी, नईम अहमद, बदरुद्दीन, डॉ. नसीम, असलम, रिजवान, डॉ. रईस, अख्तर, इंतजार, साबू, शोएब, शहजाद सहित अनेक कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# चिंतन शिविर में प्रयागराज पहुंचने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की आयोजित मासिक पंचायत में प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आंकू ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया।

बैठक में वक्ताओं ने निराश्रित गोवंशों को पकड़वाए जाने, विद्युत समस्याओं का समाधान, नगर पालि. का में साफ सफाई व्यवस्था, फुलसंदा में खराब सरकारी नलों को सही कराए जाने आदि की मांग की गई।

इसके अलावा वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 15 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार, मास्टर विजयपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, यशपाल सिंह, रोहित कुमार राणा, दीपक कुमार, पुनीत कुमार, नरेश कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** भाकियू कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत सहकारी गन्ना विकास समिति में हुई। पंचायत की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह ने की जबकि सफल संचालन राहुल चिकारा ने किया।

पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह ने कई विषयों पर चर्चा करते हुए किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई हुई। पंचायत में प्रयागराज में तीन दिवसीय चिंतन शिविर 16 से 18 जनवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में चलने का आह्वान किया गया। साथ ही चीनी मिलों द्वारा 14 दिन में किसान का गन्ना भुगतान किये जाने, आवारा पशुओं को पकड़वा कर गौशाला भिजवाने सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। किसान यूनियन कार्यकर्ताओं की सुविधा हेतु गन्ना समिति में अलाव आदि किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध न कराये जाने पर भी किसान नेताओं ने रोष जताया। पंचायत में उपस्थित तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, जिला उपाध्यक्ष उद्यान सिंह, मंडल महासचिव प्रिंस चौधरी, मोि. हत चौधरी, विजय प्रधान, नफीस सैफी, मेहताब अहमद, नेपाल प्रधान, चंद्रपाल सिंह, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि उपस्थित रहे।

## चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**नांगल सोती।** ग्राम लालपुर मान के पंचायत घर में आज चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बीडीओ दीपक तेवतिया, एडीओ राकेश कुमार को ग्रामीणों ने गांव में सफाई व्यवस्था दुरस्त न होने, पशुओं में टीकाकरण न कराये जाने व दूषित पानी की निकासी न होने की शिकायत की, कई किसानों ने किसान सम्मान निधि व पेंशन न आने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने खंबों पर लाइट लगवाने की ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह व बीडीओ से मांग की। ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने सभी समस्याओं का दो सप्ताह में समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राकेश कुमार सहित ब्लॉक के कई अधिकारी, ग्राम प्रधान गीता देवी, ग्राम पंचायत सचिव तरूण दोहन, शिवध्यान सिंह, जयपाल सिंह, अंकुर, रणवीर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** सड़क किनारे घूम रहे निराश्रित गौवंश को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार देने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। देर रात हुई इस घटना की सूचना मिलते ही गौ रक्षा के पदाधिकारियों ने गोवंश को पालिका की सम्मानपूर्वक निस्तारण कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रामसाहयवाला चुंगी के पास बीती देर रात गो रक्षा के पदाधिकारी दीपक शर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद गौवंश सड़क किनारे पड़ा हुआ था, जिससे आवागमन में भी परेशानी हो सकती थी। नगर पालिका की ओर से तुरंत जेसीबी मशीन मंगाकर ईदगाह के पास गड्ढा खुदवाया गया और नियमों के अनुसार मृत गौवंश का सम्मानपूर्वक निस्तारण कराया गया।

निस्तारण के दौरान प्रमोद कुमार, सोनू शर्मा सहित स्थानीय नागरिक दानिश अल्वी, नाजिम मलिक आदि मौजूद रहे। लोगों ने अज्ञात वाहन चालक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि निराश्रित पशुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाये तथा सड़क किनारे चेतावनी संकेतक लगाए जाये ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में किया प्रतिभाग

## प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि कॉलेज के प्रो. डॉ. अजय कुमार, प्रो. नायला नईम, प्रो. अंकित रंजन अग्रवाल एवं प्रो. गौरव गुप्ता ने 10 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "Human Values in Higher Education (ICHVHE-2025)" में प्रतिनिधि (Delegate) के रूप में सफल सहभागिता की।

यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विश्वव्यापी ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में मानवीय मूल्यों, नैतिकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन में विभिन्न देशों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने उच्च शिक्षा में मानवीय मूल्यों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता के उपरांत सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जो उनकी प्रतिबद्धता और वैश्विक स्तर पर शैक्षिक जुड़ाव को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव कुंवर उदयन वीरा एवं कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं रेडियो संदेश सचिव श्रीमति स्वाति वीरा महाजन ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल शैक्षणिक भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सहभागिता से शिक्षकों के ज्ञान, दृष्टिकोण एवं शिक्षण गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि होगी, जिससे विद्यार्थियों को भी लाभ प्राप्त होगा।

इस अवसर पर डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश अग्रवाल और सभी विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डा. शुएब अली खान, डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, डा. फैजल उज्जवल कुमार, डा. अभिषेक चौधरी, उज्जवल कुमार, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

# किसान नेता और उसके पुत्र सहित कई के खिलाफ रिपोर्ट



## क्रय केंद्र पर तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** क्षेत्र के एक किसान नेता और उसके पुत्र सहित कई लोगों पर तोड़ फोड़ करने, मारपीट करने सहित कई आरोपों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंडावर क्षेत्र में उत्तम शुगर मिल बरकतपुर का गन्ना क्रयकेंद्र है। इस क्रय केंद्र पर किरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डबासोवाला निवासी नितिन कुमार पुत्र पीतम सिंह तौल लिपिक है। तौल लिपिक नितिन कुमार ने मंडावर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि अमित कुमार निवासी लायकपुरी थाना मंडावर अपने ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना भरकर मंडावर ए गन्ना क्रयकेंद्र पर गन्ना तौलने आया था। जब अमित से तौल लिपिक ने बताया कि कांटा खराब हो गया है, इसी बात पर वह आग बबूला हो गया, जिसके बाद अमित ने गाली गलौच करते हुए किसान नेता वीर सिंह और उसके पुत्र हिमांशु कुमार, रामऔतार , नितिन कुमार और तीन चार लोगों को मौके पर बुला लिया, जिसके बाद सभी लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देते हुए तोड़ फोड़ की। उसने घटना की सूचना मिल के अधिकारियों और अन्य लिपिकों को दी, जिसके बाद अन्य मिल लिपिक और मिल अधिकारी मौके पर पहुंच गए वीर सिंह और उसके साथियों ने मिल अधिकारियों के साथ भी मारपीट की। तौल लिपिक नितिन की तहरीर पर वीर सिंह और उसके पुत्र हिमांशु कुमार निवासी गांव चमरौला थाना मंडावर, अमित कुमार, रामऔतार सिंह निवासी लायकपुरी, नितिन कुमार ग्राम मायापुरी थाना नांगल, तीन चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने रेकी करने के बाद महज कुछ ही मिनट में सोसाइटियों और बाजारों के आसपास खड़े दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को शुक्रवार को पकड़ा। इनमें एक नाबालिग है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के छह दोपहिया वाहन बरामद किए। अन्य वाहनों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि बीते दिनों थाना क्षेत्र से बाइक चोरी होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद एसीपी प्रवीण सिंह की अगुवाई में वारदात करने वाले गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई।

टीम में शामिल पुलिसकर्मी शुक्रवार को जब क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि सोम बाजार कट के पास दो लोग किसी वारदात को अंजाम देने की साजिश बना रहे हैं। उनके पास तमंचा और चाकू भी है। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों से पूछताछ करनी शुरू कर दी। शुरुआत में दोनों ने कुछ नहीं बताया। जब उनके पास से अवैध हथियार मिल गया तो वे टूट गए और पुलिस टीम को जानकारी दी कि वे वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं। बाइक चोरी करने के लिए दोनों रेकी कर रहे थे।

इसके बाद दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की छह बाइक बरामद की। आरोपियों ने सभी बाइक को थाना क्षेत्र में एक सुनसान जगह पर झाड़ियों में छिपाया हुआ था। आरोपी की पहचान कासगंज निवासी अमित राजपूत के रूप में हुई। वर्तमान में वह गढ़ी चौखंडी गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। 21 वर्षीय अमित ने आठवीं तक की पढ़ाई की हुई है। दूसरा आरोपी नाबालिग है। ऐसे में पुलिस ने उसकी पहचान उजागर नहीं की। दो साल से वारदात कर रहा था सरगना गिरोह का सरगना अमित राजपूत है। उसने नोएडा के कई थाना क्षेत्र में वारदातें की हैं। उसके खिलाफ सेक्टर-39 के अलावा सेक्टर-20 और सेक्टर-49 थाने में भी केस दर्ज हैं। अभी तक नोएडा के तीन थानों में अमित के खिलाफ पांच केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। अन्य जिलों के थानों से भी उसका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। उसने बरामद मोटरसाइकिलों में से पांच सेक्टर-39, 49 और सेक्टर-20 थानाक्षेत्र से चोरी की थीं। इस संबंध में पीड़ितों ने संबंधित थाने में केस भी दर्ज कराया था। अमित ने अपने कुछ अन्य साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने दूषित पानी की शिकायतों पर रैंडम जांच की शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एरिया पानी, सीवर व ड्रेन की रैंडम जांच शुरू हो गई है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वर्क सर्किल वाइज 8 टीमें बनाकर जांच शुरू करा दी है। लगातार चार दिन तक यह अभियान चलेगा। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण ने श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च लैब की भी दो टीमें तैनात की हैं। लैब की तरफ से रैंडम जांच शुरू कर दी गई है।

ग्रेटर नोएडा एरिया में दूषित जलापूर्ति की सप्लाई की शिकायतको गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने पूरे शहर में पानी के साथ ही सीवर व ड्रेन के कनेक्शन प्वाइंट, लाइनों में लीकेज, सीवर चोक व ओवरफ्लो और आदि की रैंडम जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इस पर तत्काल अमल करते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल-सीवर विभाग के सभी प्रबंधकों और सहायक प्रबंधकों की 8 टीमें बनाकर जांच शुरू करा दी गई है। टीम ने पहले दिन 20 से अधिक जगहों पर जांच की है। टीम पानी की जांच के लिए अपने साथ जांच उपकरण जैसे टीडीएस मीटर, पीएच व क्लोरीन किट साथ लेकर जा रही है। टीम को सप्लाई के पानी में ये सभी मानकों के अनुरूप ही मिले हैं। टीम ने सेक्टर-1, दो, 4, 16, 16बी, नॉलेज पार्क-3, इरोज संपूर्णनम सोसाइटी, ऐस सिटी, पंचशील हाइनिश आदि जगहों पर जांच की। इसके अतिरिक्त श्रीराम लैब की टीम ने डेल्टा वन के डी ब्लॉक, डेल्टा थ्री के एफ ब्लॉक, अल्फा वन के डी ब्लॉक, अल्फा टू, बीटा टू के एफ ब्लॉक, गामा वन, ईटा वन, थीटा, चाई फोर आदि जगहों पर यूजीआर, पंपिंग स्टेशन आदि से सैंपल लिए हैं। प्राधिकरण ने श्रीराम लैब की टीम से रिपोर्ट शीघ्र देने को कहा है। हालांकि लैब की तरफ से 10 से 12 दिनों में जांच प्रक्रिया पूरी होने की बात कही गई है।

**प्राधिकरण की अपील:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा एरिया में स्वच्छ जलापूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। अगर किसी एरिया में दूषित पानी के सप्लाई होने की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना शीघ्र प्राधिकरण के जल विभाग को दें। संपर्क के लिए वरिष्ठ प्रबंधक जल (9205691408) और प्रबंधक जल (8937024017) के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की टीम इसे शीघ्र दुरुस्त कराएगी। निवासियों से भी अनुरोध है कि पानी के मोटर को सप्लाई के टाइम में ही चलाएं।

## घर का ताला तोड़कर नगदी-गहने चुराए

**नोएडा।** सेक्टर पी-4 में बंद पड़े घर का ताला तोड़कर चोर नगदी और जेवरात चोरी कर ले गए। मकान मालिक अपने बेटे के पास हैदराबाद गए हुए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर पी-4 में सुरेंद्र कुमार खन्ना रहते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिनों पहले अपने बेटे के पास हैदराबाद गए थे। इसी बीच बदमाशों ने उनके मकान का ताला तोड़कर करीब दस हजार रुपये, चांदी के सिक्के, गहने और कपड़े आदि सामान चोरी कर लिया। पड़ोसी ने उनको फोन कर घटना की सूचना दी। अब इस मामले में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है।

# प्रॉपर्टी डीलर का रुपये से भरा बैग लेकर भागने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विदेशी मुद्रा में निवेश का झांसा देकर एक आरोपी ने सोनीपत निवासी प्रॉपर्टी डीलर को नोएडा बुला लिया। आरोपी उसे मोबाइल पर फर्जी मैसेज दिखाकर 10 लाख रुपये से भरा बैग लेकर भाग गयाद था। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना सेक्टर-20 पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 4.60 लाख रुपए नकद, 1 मोबाइल फोन बरामद तथा 2 लाख रुपये खाते में फ्रीज कराया है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सचिन रागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जनपद सोनीपत हरियाणा के रहने वाले हैं। पीड़ित के अनुसार 5 जनवरी की उनकी शिखर खुराना नामक व्यक्ति से बातचीत हुई। उसने फॉरेक्स कॉइन एक्सचेंज करने की बात की। पीड़ित 10 लाख रुपया लेकर विदेशी मुद्रा लेने के लिए डीएलएफ मॉल सेक्टर-18 में आया।



आरोपी ने उसकी कार में बैठकर बातचीत की। उसने विदेशी मुद्रा का स्क्रीनशॉट उसे दिखाया। जब वह स्क्रीनशॉट देख रहा था, इसी बीच आरोपी उसकी कार में रखें हुए 10 लाख रुपए से भरा बैग लेकर वहां से भाग गया।

पीड़ित के अनुसार जो स्क्रीनशॉट उसे दिखाया गया था वह फर्जी था। पीड़ित के अनुसार उसके बैग में उसका आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज भी थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने आरोपी से कई बार संपर्क किया लेकिन उसने बात नहीं किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर शातिर अभियुक्त शिखर खुराना पुत्र अजय खुराना को मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने फुटपाथ से गिरफ्तार किया गया है। शिखर मूलरूप से उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित वसुंधरा पार्क का रहने वाला है। वर्तमान में सेक्टर-151 स्थित एल्डीगो सोसाइटी में किराये पर रहता है।

## एक नजर

### चार और पार्कों को संवारा जाएगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर के चार और मुख्य पार्कों को संवारा जाएगा। प्राधिकरण ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है। इससे पहले चार पार्कों को संवारने के लिए टेंडर किया जा चुका है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-54 वेटलैंड पार्क, सेक्टर-15ए स्थित वाईआरएफ पार्क, सेक्टर-91 में औषधि पार्क और सेक्टर-18 स्थित सेंट्रल पार्क को संवारने का निर्णय लिया गया है। इनसे पहले इस सूची में सेक्टर-78 स्थित वेदवन पार्क, सेक्टर-50 मेघदूतम पार्क, सेक्टर-91 स्थित बायो डायवरसिटी पार्क और सेक्टर-137 स्थित डॉग पार्क को बेहतर करने का निर्णय लिया गया था। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये शहर के पुराने पार्कों मे से एक हैं।

इन जगह सुविधाएं खराब हो गई हैं, जिनको अब बेहतर किया जाएगा। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि फरवरी से इन पार्क को संवारने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### गिरते जनाधार के बीच बेवजए सआईआर का मुद्दा उठा रहा विपक्षः चिराग पासवान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष अपने गिरते जनाधार के बीच बेवजह एसआईआर का मुद्दा उठा रहा है और जनता में विपक्षी दलों के खिलाफ काफी आक्रोश है।

पासवान शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के एक्सपोर्ट मार्ट में आयोजित तीन दिवसीय खाद्य एवं पेय प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गौतम बुद्ध नगर आए थे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि देश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पहली बार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी यह कवायद हुई है और इस बार सिर्फ ऑनलाइन व्यवस्था हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपना जनाधार गिरने के बीच बेवजह एसआईआर को मुद्दा बना रहा है और जनता में विपक्षी दलों के खिलाफ काफी आक्रोश है।पासवान ने कहा कि विपक्ष के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर गलत शब्दों का इस्तेमाल किया जिसकी वजह से जनता ने उन्हें सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम से विपक्षी दलों को सबक सीखना चाहिए। खाद्य एवं पेय प्रदर्शनी में 120 से ज्यादा देशों के प्रमुख कारोबारी प्रतिष्ठान हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एसआईआर का मुद्दा पहली बार देश में नहीं हुआ है। इससे पहले भी यह हो चुका है, सिर्फ टेक्नोलॉजी में बदलाव हुआ है। पहले ऑनलाइन की व्यवस्था नहीं थी, अब इसमें ऑनलाइन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जनगणना के सुधार को लेकर इस प्रक्रिया का पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी ये लोग अगर एसआईआर पर सवाल उठाते हैं, तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चुनाव से पहले ही ये लोग हार के लिए बहाना ढूंढ रहे हैं।

### नेपाल हादसे में डॉक्टर प्रिंस अवाना की मौत, 10 मार्च को नोएडा में थी शादी, पूरे गांव में मातम

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-15 स्थित नया बांस गांव के रहने वाले एक छात्र की नेपाल में दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। वह नेपाल में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एक अस्प्यताल में इंटर्नशिप कर रहे थे। वहां वह एक सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। उनके शव को नेपाल से यहां लाया गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। छात्र का नाम प्रिंस अवाना है। 10 मार्च को उसकी शादी होनी थी।

प्रिंस के चाचा रवि अवाना ने बताया कि उनके भाई ने अपने इकलौते बेटे को एमबीबीएस की पढ़ाई कराने के लिए नेपाल भेजा था। प्रिंस फाइनल ईयर का छात्र था। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नेपाल स्थित एक अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहा था। अस्पताल से निकलते वक्त किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद उसको उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां भतीजे प्रिंस की मौत हो गई।

**शादी की तैयारियों में मशगूल थे घरवाले:** रवि अवाना ने बताया कि उनके बड़े भाई नेत्रपाल ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पैरामाउंट सोसायटी में परिवार संग रहते हैं। भतीजे प्रिंस की इंटर्नशिप पूरी होने वाली थी। उसके बाद वह ग्रेटर नोएडा लौटने वाला था। आने वाले 10 मार्च को उसकी शादी तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। परिवार में सभी लोग उसकी घर वापसी और शादी को लेकर बहुत खुश नजर आ रहे थे।

**स्कूटी को किसी वाहन ने मारी टक्कर:** 3 जनवरी की रात नेपाल के रूपलदेव (भुटवल के पास) एक अज्ञात वाहन ने प्रिंस की स्कूटी में टक्कर मार दी।

# एनईए चुनाव में विपिन मल्हन पैनल का निर्विरोध चुना जाना तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) के चुनाव में विपिन मल्हन के पैनल का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। विपक्ष में आए दोनों प्रत्याशियों ने शुक्रवार को नामांकन वापस ले लिए। चुनाव अधिकारियों की ओर से मल्हन के पैनल का के चुने जाने की घोषणा शनिवार दोपहर बाद की जाएगी। चुनाव अधिकारी प्रदीप मेहता ने बताया कि एनईए का चुनाव हर दो वर्ष में होता है। जनवरी 2026 में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। एक बार फिर एनईए चुनाव में विपिन मल्हन के पैनल का निर्विरोध आने का रास्ता साफ हो गया है।

एनईए के 160 पदों में से 156 पदों पर 158 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। सभी नामांकन फॉर्मों की जांच की गई। सभी नामांकन फार्म सही पाए गए। उन्होंने बताया कि शनिवार को सेक्टर-10 से मल्हन पैनल के विपक्ष में आए ओम प्रकाश और सेक्टर-67 से मल्हन पैनल के विपक्ष में आए संदीप विरमानी ने नामांकन फॉर्म वापस ले लिए। इससे मल्हन पैनल के सभी 156 उम्मीदारों का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया।

इसकी औपचारिक घोषणा शनिवार को दोपहर बाद की जाएगी। विपिन मल्हन का पैनल पिछले 15 वर्षों से लगातार एनईए के सभी पदों पर काबिज है। उनका एनईए में लगातार अब तक का सबसे लंबा कार्यकाल चलता आ रहा है।

## फिनटेक के लिए 12 जनवरी को बैठक होगी

**यमुना सिटी।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-11 में फिनटेक सिटी विकसित करने के लिए 12 जनवरी को दिल्ली के एक होटल में बैठक होगी। इसमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, स्टॉक एक्सचेंज और अन्य वित्तीय क्षेत्र से जुड़े दर्जनों प्रमुख संस्थानों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान यीडा के अधिकारी यमुना सिटी की भौगोलिक, औद्योगिक स्थिति और निवेश का खाका प्रस्तुत करेंगे। बताया जाएगा कि यमुना सिटी में फिनटेक सिटी स्थापना क्यों जरूरी है और इससे देश के वित्तीय व तकनीकी क्षेत्र को कैसे लाभ मिलेगा। अधिकारियों का उद्देश्य इन संस्थानों को यमुना सिटी में निवेश और संचालन के लिए आकर्षित करना है। यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-11 में करीब 500 एकड़ भूमि पर फिनटेक सिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब और इलेक्ट्रॉनिक्स हब विकसित करने की योजना बनाई है।

# स्कूल फ्रेंड बताकर ठगे 6.64 लाख

**■ मेडिकल इमरजेंसी बताया कारण, पैसे वापस करने के नाम पर भेजे फर्जी एसएमएस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर ठग ने खुद को सहपाठी होने का दावा करते हुए एक व्यक्ति से संपर्क किया। मेडिकल इमरजेंसी बताकर जालसाज ने विभिन्न बैंक खातों में 6.64 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। जालसाज ने पीड़ित को रकम वापस करने के नाम पर फर्जी एसएमएस भेजे। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी निवासी जय प्रकाश सैनी ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को सहपाठी अनिल सक्सेना होने का दावा किया। इस पर उन्हें संदेह हुआ, लेकिन जब उसने स्कूल के समय इस्तेमाल होने वाले उपनाम के बारे में बात की तो उन्हें विश्वास हो गया। उसने कहा कि उसका एक रिश्तेदार मेडिकल इमरजेंसी का सामना कर रहा है।

**क्यूआर कोड से स्कैन कर भेजे पैसे:** उसने बताया- बैंक की सीमा समस्या होने के चलते वह उन्हें रुपये ट्रांसफर नहीं कर पा रहा है। उसने शिकायतकर्ता से रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा। इसके लिए उसने क्यूआर कोड भेजा। पहला ट्रांजैक्शन करने के बाद शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एसएमएस प्राप्त हुआ। इससे पता चला कि जितनी रकम उन्होंने ट्रांसफर की थी, उतनी राशि उनके बैंक खाते में वापस ट्रांसफर कर दी गई है। एसएमएस प्राप्त होने पर उन्हें उस व्यक्ति पर भरोसा हो गया।

**सभी एसएमएस निकले फर्जी:** इसके बाद आरोपी लगातार उन्हें फर्जी एसएमएस भेजता रहा और पीड़ित से धीरे-धीरे करके कुल 6,64,237 रुपए विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। 12 नवंबर को पीड़ित ने जब अन्य बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करने की कोशिश की तो खाता खाली पड़ा था। बैंक से जानकारी करने पर पता चला कि उनके बैंक खाते में कोई रकम नहीं आई है। यानि सभी एसएमएस फर्जी थे।

# नोएडा पुलिस शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर की पुलिस ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के 26 थानों की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से दिसंबर की मूल्यांकन रिपोर्ट शुक्रवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है। पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतीपत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है, जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। इसके माध्यम से लोग अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि इस प्रणाली के तहत गौतमबुद्ध नगर का दिसंबर माह में प्रथम रैंक पर आना एक बड़ी उपलब्धि है। यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है। जब शिकायतों का समाधान जल्दी और सही तरीके से किया जाता है, तो नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। प्रथम रैंक नागरिक संतुष्टि का मापदंड भी है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस की तरफ से ऐसे ही सभी नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। प्रत्येक थाने को लगातार निर्देश दिए गए हैं कि एक पुलिसकर्मी शिकायतों के निस्तारण के लिए तैनात किए जाएं और जैसे ही यह शिकायतें प्राप्त हों, इसमें पीड़ित पक्ष को बुलाकर उसकी शिकायत सुनी जाए और उसका समाधान तुरंत किया जाए। जिन थानों की रैंक पहली आई है, उनके प्रभारियों को सम्मानित किया जाएगा। आईजीआरएस रैंकिंग में बीते एक साल से नोएडा पहले स्थान पर बनी हुई है।

**इन थानों की रैंक रही पहली:** सेक्टर बीटा टू, सेक्टर इकोटेक थर्ड, सेक्टर-20, सेक्टर-63, जेवर, सूरजपुर, दनकौर, सेक्टर-142, सेक्टर-49, बादलपुर, दादरी, कासना, बिसरख, रबुपुरा, सेक्टर-113, नॉलेज पार्क, फेज थर्ड, सेक्टर-39, फेज वन, सेक्टर-24, सेक्टर-126, सेक्टर इकोटेक वन, एक्सप्रेसवे, सेक्टर-58, और महिला थाना। वहीं, जारचा थाने की रैंकिंग 1400 के पार चली गई।

**शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया:** सबसे पहले वेबसाइट jan-sunwai-up-nic-in पर जाएं। शिकायत पंजीकरण विकल्प पर क्लिक करें। मैं सहमत हूं, चेकबॉक्स पर क्लिक करके आगे बढ़ें। अपना मोबाइल नंबर और कैप्चा दर्ज करें। प्राप्त ओटीपी दर्ज करें और सबमिट करें। इसके बाद नाम, पिता/पति का नाम, लिंग, और संबंधित विभाग चुनें। अपनी शिकायत एमएस वर्ड में पहले से टाइप करके रखें, फिर उसे कॉपी-पेस्ट करें या अपलोड करें। सभी जानकारी भरने के बाद संदर्भ सुरक्षित करें पर क्लिक करें। आपको एक रजिस्ट्रेशन नंबर मिलेगा, जिससे आप शिकायत की स्थिति ट्रैक कर सकते हैं। इस दौरान यह बात ध्यान देने वाली है कि लाल चिह्न वाले फील्ड अनिवार्य हैं। आप अपनी शिकायत का स्टेटस ओटीपी या रजिस्ट्रेशन नंबर से चेक कर सकते हैं और रिमाइंडर भी भेज सकते हैं।

# अवैध निर्माण करने पर आठ के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नगला वाजिदपुर गांव में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित जमीन पर अवैध निर्माण करने के मामले में एक्सप्रेसवे थाने में आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। वर्क सर्किल-9 के अवर अभियंता ने इस मामले में शिकायत दी थी। अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने पुलिस को शिकायत दी कि उनके सर्किल में नगला वाजिदपुर गांव भी आता है। गांव में प्राधिकरण की अर्जित जमीन है।

इस जमीन पर गांव के भंवर सिंह, राकेश, टीकम, अभिषेक, रिषभ, करनपाल, रोहित समेत आठ लोग बिना अनुमति के अवैध निर्माण करा रहे हैं। उनको कई बार चेतावनी और नोटिस दिए गए, लेकिन अवैध निर्माण नहीं रोका गया।

टीम ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य रोकना चाहा तो आरोपियों ने अभद्रता कर भगा दिया। चोरी छिपे अवैध निर्माण कार्य कराना जारी है। इससे शहर का सुनियोजित विकास प्रभावित हो रहा है और कुछ अन्य लोगों को अवैध निर्माण करने का हौसला मिल रहा है। नामजद आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई करना अतिआवश्यक है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवर अभियंता की शिकायत पर भंवर सिंह, राकेश, टीकम, अभिषेक, रिषभ, करनपाल, रोहित समेत आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी की तलाश की जा रही है। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार हैं।

# घायलों के लिए कैशलेस इलाज योजना से जुड़ने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए कैशलेस उपचार योजना के लिए 84 अस्पतालों के साथ शुक्रवार को बैठक की गई। आयुष्मान योजना के प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने अस्पतालों के प्रतिनिधियों को इस योजना के बारे में जानकारी दी। साथ ही, योजना से जुड़ने के निर्देश दिए। कैशलेस उपचार योजना के तहत दुर्घटना में घायल लोगों को डेढ़ लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज मिलेगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा की अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में जनवरी से अक्तूबर तक 431 की मौत हुई और 815 लोग घायल हुए। कई बार इलाज के अभाव और अस्पताल पहुंचने में देरी होने के कारण घायल व्यक्ति की मौत हो जाती है।

इस योजना से संबंधित प्रशिक्षण समेत अन्य कार्य होंगे। घायलों के इलाज में पुलिस की भी मदद ली जाएगी, ताकि मरीजों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सके। वहीं, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को भी राशि दी जाएगी। इलाज की समीक्षा जिला प्रशासन करेगा, इसके बाद रकम अस्पताल को मिलेगी। आयुष्मान योजना में शामिल सभी अस्पताल स्वतः इस योजना में शामिल माने जाएंगे। डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य घायलों को जल्द इलाज देकर जिंदगी बचाना है। इस योजना को लेकर ऑनलाइन बैठक की गई है। ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास है।

## लिफ्ट में महिला से चेन छीनने के प्रयास लोग चिंतित

**नोएडा।** ला रेजिडेंशिया सोसाइटी में गुरुवार को बुजुर्ग महिला से चेन छीनने के प्रयास से लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताई है। साथ ही, पुलिस से भी इस मामले को लेकर शिकायत की है। सोसाइटी निवासी सुमित जलोटा ने बताया कि बुजुर्ग महिला लिफ्ट से जा रही थीं। अचानक हेलमेट पहनकर आए बदमाश ने महिला को अकेला देखकर उनसे चेन छीनने का प्रयास किया। महिला के चिल्लाने पर वह डर कर भाग गया। इस घटना के बाद से सोसाइटी में डर का माहौल है। सोसाइटी के लोगों खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सोसाइटी निवासी अंकित ने बताया कि परिसर के अंदर सुरक्षाकर्मियों की संख्या कम है।

# पानी जांच के लिए बनी हाईपावर तकनीकी समिति

**■ पाइपलाइनों के रिसाव, जंग और सैंपल लेकर देगी रिपोर्ट, सड़क बुनियादी ढांचे में होगा सुधार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इंदौर में प्रदूषित पानी पीकर कई लोगों की मौत हो गई थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने जल विभाग के अधिकारियों की एक हाईपावर तकनीकी समिति गठित की है। यह समिति पाइप लाइनों में रिसाव और जंग लगने की समस्याओं की पहचान व जलाशयों और वॉटर एटीएम में पानी की शुद्धता की जांच करेगी।



समिति विभिन्न क्षेत्रों से सैंपल लेकर अपनी जांच विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपेगी। ताकि भविष्य में इंदौर जैसी घटना यहां न हो। गंगा जल परियोजना के संबंध में निर्देश दिए गए कि 80 क्यूसेक गंगा जल परियोजना से संबंधित कार्य जनवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाए। कार्यों की समीक्षा की दौरान सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एसीईओ वंदना त्रिपाठी और ओएसडी महेंद्र प्रसाद की सदस्यता वाली एक विशेष टीम गठित की गई है।

**15 दिन में कार्ययोजना तैयार करे:** सीईओ के निर्देश पर शुक्रवार को टीम ने मास्टर प्लान रोड-3 के पूरे स्ट्रेच का अचानक दौरा किया। वे 15 दिनों के अंदर इसके सुधार के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। तालाबों के निर्माण कार्य की धीमी गति पर सीईओ ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। तालाबों के निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने की अंतिम चेतावनी दी गई है।

**जन स्वास्थ्य अधिकारियों का रोका वेतन:** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए मॉडर्न 'मैकेनाइज्ड मशीनों' और नालों की सफाई के लिए 'मीडियम साइज' उपकरणों की खरीद के निर्देश जारी किए हैं। शहर में व्याप्त गंदगी को देखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के चार में से तीन सहायक परियोजना अभियंताओं उमेश चंद, राहुल गुप्ता और सुशील कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी इनका वेतन रोक दिया गया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जनपद को औद्योगिक विकास की दिशा में बढ़ाना है आगे:डीएम

## डीएम ने जिला उद्योग व व्यापार बंधुओं के साथ बैठक कर संबंधित विभागों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में निवेश मित्र योजना की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 2417 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 2112 आवेदन स्वीकृत तथा 162 आवेदन निरस्त किए गए। जिला. धिकारी ने निरस्त आवेदनों के कारणों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को किसी भी प्रकार की एनओसी, अनुमति अथवा विभागीय प्रक्रिया में अनावश्यक कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि बागपत को औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है, नए उद्योग लाने हैं और व्यापारियों को खुशहाल बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों पर खड़े भारी वाहनों को लेकर जिलाधिकारी ने आरटीओ एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से चालान व कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इंडस्ट्री बेल्ट संगठन द्वारा कब्रिस्तान की पैमाइश न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार, कानूनगो एवं लेखपाल की टीम गठित कर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र में पानी की टंकी को चालू कराए जाने की मांग पर बताया गया कि इसका एस्टीमेट भेजा जा चुका है तथा वित्तीय स्वीकृति हेतु पत्रावली कानपुर भेजी गई है। इस पर जिला. धिकारी ने शीघ्र स्वीकृति एवं कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जनपद में एक बड़े औद्योगिक क्षेत्र के विकास की मांग पर जिलाधिकारी ने सरक. ारी भूमि के चिन्हांकन हेतु उप जिलाधिकारी स्तर पर कार्रवाई प्रारंभ करने तथा सोमवार को इस संबंध में विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। टेक्सटाइल द्वारा 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की मांग पर विद्युत विभाग को आवश्यक समाधान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए नगर पालिका के साथ बैठक करने को कहा गया।

व्यापार संघ की बैठक एसडीएम बड़ौत की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें अधिशासी अधिकारी, जीएमडीआईसी, डीसी जीएसटी उपस्थित रहे। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने, कूड़े का निस्तारण स्वयं करने तथा सड़कों पर कूड़ा न फेंकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अस्पताल निर्माण को लेकर भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन भवनों के मानचित्र स्वीकृत नहीं हैं, वे अनिवार्य रूप से मानचित्र स्वीकृत कराएं तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यापार बंधु की बैठक में जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने की जानक. ारी दी गई। बताया गया कि आधार आधारित सत्यापन के माध्यम से 2. 5 लाख रुपये तक का पंजीकरण सरलता से किया जा सकता है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि सरकारी जीएसटी रिटर्न प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अनिवार्य रूप से दाखिल करें तथा हरन वितरण अधिकारी अपने वार्षिक आंकड़े जीएसटी विभाग को उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी, डीसीजीएसटी आरपी चौरसिया, एआईजी स्टांप शची कुमारी, अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व्यापार बंधु उपस्थित रहे।

## भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मनाई सर छोटू राम की पुण्यतिथि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने कैंप कार्यालय पर महान किसान नेता व समाज सुधारक सर छोटू राम की पुण्यतिथि मनाई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने बताया कि सर छोटू राम किसानों के मसीहा थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासनकाल में भी किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सुधारों और किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्त कराने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों ने युवाओं से सर छोटू राम के आदर्शों को अपनाने और किसानों के हक में काम करने का संकल्प लिया। आज के समय में भी सर छोटू राम की नीतियां और विचार उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस दौर में थे। इस दौरान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर, इंद्रपाल, कालूराम, नरेंद्र, नीटू, अमित कुमार, धर्मपाल, भीम सिंहविनोद कुमार, गौरव, सचिन आदि मौजूद रहे।

## नई सड़कों पर लोगों ने किया पूरी तरह अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील परिसर में बनी नई सड़क पर आने जाने वाले लोगों ने पूरी सड़क को अतिक्रमण बना दिया है। इसकी शिकायत कई बार तहसील क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने एसडीएम से की एसडीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस भेज कर सड़क से अतिक्रमण अभियान चलवा कर सड़क पर खड़ी गाड़ियों के चालान कटवाए इससे सड़क पर गाड़ी खड़ी करने वालों में हड़कंप मच गया। आंगन फागन में तुरंत वहां से लोगों ने अपनी गाड़ियां हटाई तब जाकर लोगों को सड़क से राहत मिली। दिल्ली बस स्टैंड चौकी प्रभारी ने पुलिस को साथ लेकर सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को मुक्त कराया और सड़क के पास तहसील परिसर के गेट के पास पुलिस टीम लगा दी गई ताकि कोई भी सड़क पर अतिक्रमण न कर पाए।



## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** ब्लॉक के गांव किरठल बिजलीघर के समीप गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के गांव और परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार लूम्ब गांव निवासी 22 वर्षीय इस्पाक पुत्र उमेद गुरुवार की रात रमाला से अपने गांव लूम्ब लौट रहा था। जैसे ही वह किरठल बिजलीघर के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े लोहे के विद्युत खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि इस्पाक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने युवक को सड़क पर पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस्पाक परिवार का इकलौता कमाने वाला था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### 23 जनवरी को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के संबंध में हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आयोजित की जाने वाली ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी के संबंध में अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मॉक ड्रिल के आयोजन स्थल के चयन, समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने, स्वयंसेवकों के चयन एवं निर्धारित समय पर मॉक ड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किया जाएगा, सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा। मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा बड़ी आग पर नियंत्रण तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपात चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा, पावर कारपोरेशन, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता रहेगी। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए। उक्त ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा के निर्देशन में कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल, डिप्टी कलेक्टर उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बागपत मनीष कुमार यादव सहीत संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश में है कानून का राज:जसवंत सैनी

**शाह टाइम्स संवाददातरा**

**बागपत।** शुक्रवार को बागपत पहुंचे राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने जी राम जी भारत सरकार की योजना को लेकर प्रेस वार्ता की। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां कि नहीं और जी राम जी योजना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना बहुत ही लाभकारी है और कल्याणकारी है।



राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने बागपत में मेरठ की घटना पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मेरठ में दलित युवती के अपहरण और उसकी मां की हत्या के मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा और युवती को बरामद किया जाएगा। सैनी ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और इस घटना का जल्द खुलासा होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है और दोषियों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों में कानून व्यवस्था कमजोर थी, जबकि वर्तमान सरकार में यह मजबूत है। उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान का भी जिक्र किया कि बहन-बेटियों के साथ अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जसवंत सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इससे पहले, राज्यमंत्री सैनी बागपत में श्जी राम जी भारत सरकारश की योजना को लेकर प्रेस वार्ता कर रहे थे, जहां उन्होंने योजना के लाभकारी और कल्याणकारी पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## महाराज अजितनाथ ने दिए मंगल प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के लोगों को संबोधित करते महाराज अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में मंगल प्रवचन देते हुए जैन संत आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि जिसके मन में वैराग्य की भावना का जागरण हो जाता है उसके जीवन में नियम से त्याग का आगमन नहीं होता तो समझना चांहए न तो उसका सम्यक ज्ञानाभ्यास है, न ही संवेग भावना है। यहाँ तीर्थकर प्रकृति के बन्ध की बात है। गृहस्थ जीवन में दान की पराकाष्ठा होती है। मुनि जीवन में त्याग की पराकाष्ठा होती है। दान की पराकाष्ठा होती है तो इतना पुण्याश्रव होता है कि गृहस्थ तीर्थकर प्रकृत का बन्ध करके किमिच्छक दान देने के योग्य हो जाता है। तीर्थकर प्रकृति की विशेषता है कि इस प्रकृति की उत्कृष्ट स्थिति बन्ध गृहस्थ ही करता है, मुनि नहीं। क्योंकि गृहस्थ समस्त क्रिया को कृत्यात्मक कर कर सकता है। इसलिए कृत्यात्मक कृत्य का फल ही उत्कृष्ट तीर्थकर पद का पात्र होता है। उन्होंने कहा कि दान और त्याग का अन्तर साक्षात् आहारचर्या के समय दष्टिगोचर होता है, जिस वक्त श्रावक के मन में दान का भाव आता है तो वह मुनिराज का पड़गाहन करने द्वार पर खड़ा हो जाता है। मुनिराज का पड़गाहन करता है ओर आहार करता है। तब देने वाले श्रावक का हाथ ऊपर होता है और मुनिराज का हाथ नीचे होता है जरा से ग्रास का दान उसे तुरन्त ऊँचा उठा देता है। पर श्रावक को दान का घमण्ड न हो जाये इसलिये आप देखियेगा मुनिराज ने त्याग कर दिया-सम्पूर्ण परिग्रह का तो वे पटे पर खड़े होते हैं श्रावक नीचे खड़ा होता है। यही तो दान की महिमा है और त्याग की गरिमा है।

## युवाओं के हितों के लिए कार्य कर रहे जयंत चौधरी:धीरज उज्जवल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बिजवाड़ा गांव में गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की बैठक हुई, जिसमें रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा रालोद पार्टी ही सभी वर्गों की सच्ची हितेषी पार्टी हैं। रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह किसान मजदूरों और नोजवानों के हितों के लिये कार्य कर रहे हैं।

रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्ज्वल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह युवाओं के ह्रदय सम्राट हैं। वे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को आगे बढ़ा रहे हैं और किसान हितों के लिये निरंतर संघर्षरत रहते हैं। वे युवाओं और खिलाड़ियों को मजबूत और उनका भविष्य संवारने के लिए कार्य कर रहे हैं। वह देश के ऐसे पहले सांसद हैं, जिन्होंने अपनी संपूर्ण सांसद निधि खेलों ओर खिलाड़ियों पर खर्च करने की घोषणा की। वे देश के युवा और खिलाड़ियों को मजबूत और विकसित करने तथा उनका भविष्य संवारने के लिए कार्य कर रहे हैं। सभा में उन्होंने गांव के करीब एक हजार जरूरत मंद लोगों को कंबल भी वितरित किये। सभा में बेद सिंह, राजू तोमर सिरसली, ओमपाल फौजी, रणबीर सिंह, लेखराज प्रधान, मोहनवीर उज्ज्वल, जगपाल सिंह, प्रभातशील, इकबाल सिंह, महक सिंह आदि उपस्थित रहे।



## ऑनलाइन गेम खेलते हुए किशोर ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऑनलाइन गेम खेलते हुए एक 15 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली। यह घटना उस समय हुई जब उसका परिवार एक निर्माण स्थल पर मजदूरी कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

किशोर एक कमरे में मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। कुछ देर बाद जब परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे, तो उन्होंने उसे फांसी के फंदे पर लटका पाया। बताया गया है कि किशोर लगातार मोबाइल पर गेम खेलता था। मृतक का परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश का निवासी है और बागपत में एक निजी अस्पताल के निर्माण कार्य में मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और स्थानीय लोग उन्हें सांत्वना दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किशोर ने यह कदम क्यों उठाया। इस घटना पर जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डा.अजय कुमार ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी है कि वे अपने बच्चों पर पूरी नजर रखें और देखें कि वे मोबाइल पर क्या कर रहे हैं। डा.कुमार ने कहा कि बच्चों को ऐसे गेम खेलने से रोकना चाहिए जिनसे उन्हें लत लग जाए। मनोचिकित्सक ने बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान देने की भी सलाह दी।



मृतक का फाइल फोटो

## रालोद ने मनाया राय का जन्मदिन



**नूरपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय का जन्मदिन मनाया गया। जिला महासचिव चौधरी अजयवीर एड. ने कहा कि डॉ. रामाशीष राय किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी रहे चुके हैं। डॉ. रामाशीष राय मूल रूप से देवरिया जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने पूर्व से लेकर पश्चिम तक पार्टी का संगठन मजबूती से खड़ा किया है। वह कुशल राजनीतिज्ञ के साथ ही कुशल संगठन संचालक है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल का जनाधार पूर्वांचल के कोने-कोने में बढ़ रहा है। इस मौके पर सरदार रविंद्र सिंह, मुकुल गुप्ता, अर्पित त्यागी, संदीप जोशी, मास्टर देवेंद्र सिंह, पीयूष चौधरी, मास्टर तेजपाल सिंह, मुजम्मिल मलिक आदि मौजूद थे।

## भाकियू की मासिक बैठक

**नूरपुर।** गन्ना समिति कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता राम सिंह प्रधान ने की व संचालन मोनू चौधरी ने किया। 16, 17 व 18 जनवरी को चिंतन शिविर प्रयागराज में चलने का आह्वान किया गया। अमरपाल चौधरी ने कहा कि किसानों को अपनी ताकत दिखानी है। इस मौके पर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गांव में गांव में सुरक्षा समिति बनाने की अपील की गई। पंचायत में संगठन विस्तार करते हुए अनिक चौधरी, मनोज सैनी व दिग्विजय सिंह चौहान ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, दिनेश चौधरी, सुशील शर्मा, रोहताश यादव, दुष्यंत यादव, नरेश चौधरी, मोहित. हत चौहान, बुध सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिवा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**नूरपुर।** सेंट मैरी इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के छात्र शिवा यादव ( 15 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश यादव का राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन होने से विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। शिवा यादव की इस उपलब्धि पर उसके माता-पिता ने विद्यालय परिवार, विशेष रूप से पीटीआई मास्टर मौहम्मद इरफान का आभार व्यक्त किया है। जिनके कुशल मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण से शिवा यादव ने बास्केटबॉल में उत्कृष्ट दक्षता प्राप्त की। प्रधानाचार्य शश्टर बंसी सहित समस्त स्टाफ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सेंट मैरी इंटर कॉलेज, नूरपुर का यह पहला छात्र है, जिसे बास्केटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त हुआ है। शिवा यादव की इस उपलब्धि से न केवल कॉलेज, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

## कटी हुई वोटों को मतदाता सूची में शामिल करने का कार्य करें: सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भाजपा जिला कार्यालय पर राज्यमंत्री जशंवत सैनी ने पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे नए वोट बनवाने और कटी हुई वोटों को मतदाता सूची में शामिल करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने जोर दिया है कि जिन वोटों को कटा गया है, उनके कारणों का पता लगाकर उन्हें मतदाता सूची में शामिल किया जाए।




शहर के चमरावल रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री व प्रभारी मंत्री जशंवत सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करतें हुए कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का कार्य करता है। प्रभारी मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन ने कार्यकर्ताओं से आहवान किया है कि वे इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं और सुनिश्चित करें कि सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। कहा कि यह कार्य लो. कतंत्र को मजबूत बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं से आहवान किया है कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को उत्सव के रूप में लें और जल्द से जल्द नई वोट बनवाने का कार्य करें।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अजय कुमार व पूत्रवधू शशि से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सुरेन्द्र पुत्र रामफल निवासी ग्राम शबगा थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पौत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पौत्र हर्ष कुमार व उसकी पत्नि रेनू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रेम सिंह पुत्र केहर सिंह मूल निवासी अग्रवाल मण्डी टटीरी निकट शिव मंदिर थाना व जनपद बागपत।

# 24 घंटे बाद हुआ दलित महिला सुनीता का अंतिम संस्कार

## प्रशासन के आश्वासन के बाद बनी सहमति, कपसाड़ गांव में बना रहा तनाव


पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे डीएम व एसएसपी।


महिला के शव के पास बैठी महिलाएं।


मृतक महिला के पति को सहारा देते बसपा नेता मोहित कुमार।


परिजनों से बात करते ठाकुर संगीत सोम।

- ठाकुर समाज के युवक ने किया प्रदेश को दहलाने वाला प्रयास
- दलित महिला की हत्या, व युवती के अपहरण से विपक्ष का भारी हंगामा


मृतक महिला का फाइल फोटो।


अपहृत युवती का फोटो।



मृतक महिला की अन्तिम यात्रा में कंधा देते बसपा नेता राकेश फलावदा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ठाकुर समाज के युवक द्वारा दलित समाज की बेटी के अपहरण के दौरान हमले का शिकार बनी महिला सुनीता का शुक्रवार देर शाम करीब 24 घंटे बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार से पहले पूरे दिन गांव में तनाव और हंगामे की स्थिति बनी रही। मामला संवेदनशील होने के चलते शासन से लेकर जिला प्रशासन तक पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रहा। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की सभी प्रमुख मांगों को लिखित रूप में पूरा करने का आश्वासन दिए जाने के बाद ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए सहमत हुए।

गौरतलब है कि गुरुवार सुबह थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में सुनीता पत्नी सतेन्द्र अपनी 20 वर्षीय बेटी रूबी के साथ खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही ठाकुर बिरादरी के युवक पारस ने अचानक फरसे से सुनीता पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि आरोपी उसकी बेटी रूबी को जबरन अपने साथ उठा ले गया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल सुनीता को खेत के रास्ते से उठाकर मोदीपुरम स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरुवार देर शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर फैलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने पुलिस पर बिना सूचना दिए शव को ले जाने का आरोप लगाया और अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए एंबुलेंस में तोड़फोड़ कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पारस सहित एक अन्य के खिलाफ हत्या, अपहरण समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पोस्टमार्टम के बाद देर रात महिला का शव गांव पहुंचाया गया। मामला दो जातियों से जुड़ा होने के कारण शुक्रवार सुबह से ही गांव में तनावपूर्ण माहौल बन गया। एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

जिलाधिकारी वी.के. सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा स्वयं गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से बातचीत कर अंतिम संस्कार कराने का प्रयास किया, लेकिन परिजन बेटी की बरामदगी और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। घंटों चली वार्ता के बावजूद सहमति नहीं बन सकी, जिसके चलते अधिकारी बिना सफलता लौट गए। दिनभर विभिन्न विपक्षी दलों के नेता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी गांव पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होगी, अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। देर शाम गांव पहुंचे सरधना से भाजपा पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम ने पीड़ित परिवार से अलग कमरे में महिला के पति और बेटे से लंबी बातचीत की। विधायक ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी और परिवार को न्याय दिलाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इसके बाद एडीएम सिटी ब्रजेश कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार को लिखित रूप में आश्वासन दिया कि उन्हें तत्काल 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराया जाएगा तथा बेटी की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। प्रशासन के इस लिखित आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। रात्रि करीब 7 बजे गमगीन माहौल में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सुनीता का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार संपन्न होने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। हालांकि, बेटी की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गांव में अब भी तनाव बना हुआ है।

# नफरत की आग में जली एक मां की जिंदगी

- पहले से रची गई थी खौफनाक साजिश
- कई दिनों से सुनीता से रंजिश पाले बैठा था आरोपी पारस

**शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स**

**सरधना।** महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण की वारदात के पीछे अचानक भड़का गुस्सा नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही नफरत और रंजिश सामने आ रही है। गांव कपसाड़ के ग्रामीणों के अनुसार आरोपी पारस के मन में मृतका सुनीता के प्रति कई दिनों से द्वेष और आक्रोश भरा हुआ था, जो गुरुवार को खौफनाक हिंसा में बदल गया।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी पारस पिछले कुछ समय से सुनीता और उसके परिवार को लेकर नाराज चल रहा था। गांव में कई बार उसे आपत्तिजनक ढंग से रूबी के आसपास मंडराते देखा गया था, जिस पर सुनीता ने सख्त एतराज जताया था। बताया जा रहा है कि इन्हीं टोकाटाकी और विरोध के कारण आरोपी के मन में सुनीता के प्रति नफरत गहराती चली गई।

### सुबह से ही हथियार लेकर घूम रहा था आरोपी

घटना वाले दिन गुरुवार सुबह से ही आरोपी पारस अपने साथ चादर में फरसा छिपाकर गांव में घूम रहा था। ग्रामीणों के अनुसार उसका व्यवहार असामान्य था और वह बार-बार खेतों की ओर आता-जाता दिखा। कई लोगों को उस वक्त अंदेशा भी हुआ, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वह इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देगा।


घटना का आरोपी पारस।

### बात करने से रोका तो भड़का आरोपी

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह रास्ते में आरोपी ने रूबी को रोककर उससे बातचीत करने का प्रयास किया। तभी उसकी मां सुनीता वहां पहुंच गई और उसने आरोपी को फटकार लगाते हुए बेटी से दूर रहने को कहा। इसी बात से आरोपी बुरी तरह तिलमिला गया। ग्रामीणों का कहना है कि उसी पल उसके भीतर पहले से पनप रही नफरत और गुस्सा हिंसा में तब्दील हो गया।

### ताबड़तोड़ वार कर मां को उतार दिया मौत के घाट

ग्रामीणों के अनुसार आरोपी ने अचानक चादर में छिपा फरसा निकाला और सुनीता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। सुनीता लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ी। वारदात इतनी निर्मम थी कि आसपास मौजूद लोग सन्न रह गए। आरोपी ने मौके का फायदा उठाते हुए रूबी को जबरन अपने साथ उठा लिया और फरार हो गया।

### पूर्व नियोजित साजिश की जांच में जुटी पुलिस

ग्रामीणों के बयानों के आधार पर अब यह आशंका भी जताई जा रही है कि वारदात पूर्व नियोजित थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के व्यवहार, उसकी गतिविधियों और पूर्व रंजिश के पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। ग्रामीणों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी कब से और किन परिस्थितियों में इस तरह की सोच पाल रहा था।

# दिनभर छावनी में तब्दील रहा कपसाड़, सभी सीमाएं रहीं सील


कपसाड़ गांव में तैनात अर्द्धसैनिक बल।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महिला की हत्या और उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण के बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को कपसाड़ गांव को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया। सुबह से ही पुलिस और सुरक्षा बलों ने गांव के सभी प्रवेश-पथ और सीमाओं को सील कर दिया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सके। गांव के बाहरी हिस्सों में आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) और स्थानीय पुलिस की कई टीमें तैनात रहीं। इसके अलावा दंगा नियंत्रण फोर्स, फायर ब्रिगेड और व्रज वाहन किसी भी स्थिति के अनुरूप तैनाती की गई थी। पुलिस प्रशासन ने गांव में किसी भी तरह की अफवाह फैलने और तनाव बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की थी।

सुबह से ही पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और पूछताछ शुरू कर दी गई थी। गांव में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति को आवश्यक कारण न होने पर रोका गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने गांव में स्थिति की निगरानी खुद की और सभी बलों को निर्देश दिए कि किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल कार्रवाई की जाए। दिनभर गांव में पुलिस और सुरक्षा बलों की चप्पे-चप्पे पर निगरानी रही। गांव के भीतरी इलाकों में पैदल और वाहन दोनों तरह के दल लगातार गश्त पर रहे। पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी लाभ उठाते हुए संदेहास्पद गतिविधियों पर नजर रखी। रात तक पुलिस की मौजूदगी और सीमाओं की निगरानी जारी रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है और किसी भी हाल में हिंसा को अंजाम नहीं दिया जाएगा।

# विपक्ष के हंगामे के बाद नेताओं को मिली गांव में एंट्री

**सरधना।** कपसाड़ गांव में हुई दुखद घटना के बाद पीड़ित महिला के घर जाकर उन्हें सांत्वना देने पहुंचे विपक्षी दल के नेता, जिनमें सपा विधायक अतुल प्रधान भी शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने गांव के बाहर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। पुलिस और नेताओं के समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही। पुलिस ने स्पष्ट कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता या समर्थक को गांव में तत्काल प्रवेश की अनुमति नहीं है, ताकि तनाव और बढ़ने से रोका जा सके। हालांकि विरोधी दलों के नेता इस निर्णय से नाराज दिखे और उन्होंने प्रशासन के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में पीड़ित महिला के पति सतेन्द्र और पुत्र नरसी भी शामिल हुए। स्थिति तनावपूर्ण होने पर प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप किया और बैरिकेडिंग हटाकर नेताओं को गांव में प्रवेश की अनुमति दी। गांव में प्रवेश करने के बाद विपक्षी दल के नेताओं ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और मदद का आश्वासन भी दिया। इस दौरान ग्रामीणों में भी भारी भावनात्मक तनाव था, कई लोग नेताओं और पुलिस के पास जाकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे थे। मौके पर



भारी पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। रात तक सभी दलों के नेता गांव में डेरा डाले रहे और अंतिम संस्कार के बाद ही गांव से रवाना हुए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बैरिकेडिंग और प्रवेश रोकने का निर्णय शांति बनाए रखने के लिए लिया गया था।

# सपा विधायक ने कराई अखिलेश यादव से फोन पर बात

- अतुल प्रधान ने की दो लाख की आर्थिक मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण के बाद पीड़ित परिवार की आर्थिक और मानसिक मदद के लिए समाजवादी पार्टी के सरधना विधायक अतुल प्रधान ने सक्रियता दिखाई। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से फोन पर बातचीत करवाई और पीड़ित परिवार से सीधे संपर्क कराया। अखिलेश यादव ने इस दौरान पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने पार्टी की तरफ से दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन भी दिया। सपा विधायक अतुल प्रधान ने भी अपनी ओर से परिवार को दो लाख रुपये नकद आर्थिक सहायता दी।


अखिलेश यादव की वार्ता कराते अतुल प्रधान।

# आज कपसाड़ आएंगे चंद्र शेखर आजाद: शाहजेब रिजवी

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के नेता शाहजेब रिजवी ने बताया कि दलित महिला की हत्या के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुत नाराज हैं और वह पूरे अमले के साथ सरधना पहुंच रहे थे लेकिन प्रशासन और क्षेत्र के हालात को देखते हुए उन्होंने शनिवार को आने का फैसला किया। शाहजेब ने बताया कि पीड़ित परिवार से मिलने के लिए प्रशासन ने विपक्ष को रोका था इसके बाद भीम आर्मी ने कड़ा विरोध किया जिसके चलते विपक्ष को पीड़ित परिवार से मिलने का मौका मिला। शहजेब रिजवी ने कपसाड़ गांव पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की वार्ता पीड़ित परिवार से कराई थी। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिलेंगे और उन्हें आर्थिक मदद की घोषणा भी कर सकते हैं।



# हत्यारा ठाकुर समाज का निकला तो बाबा के बुलडोजर का तेल खत्म: योगेश वर्मा

**सरधना।** पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने सरधना के गांव कपसाड़ पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। योगेश वर्मा के सामने मृतक महिला के पति फूट-फूट कर रोने लगे। इस दौरान योगेश वर्मा ने पीड़ित परिवार को गले लगाकर सहारा दिया और उनकी हिम्मत बनाई। इस दौरान योगेश वर्मा ने कहा कि दलितों पर ऐसा अत्याचार पहले कभी नहीं हुआ, ठाकुर समाज के अपराधी ने सारी हदें पार की हैं। जब बात अपने समाज की आई तो योगी के बुलडोजर का तेल खत्म हो गया है। बात बात पर अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की बात करने वाली सरकार की पुलिस के हाथ खाली हैं। अभी तक बुलडोजर कहीं दिखाई नहीं दिया। योगेश वर्मा ने कहा कि अब हमारा समाज चुप नहीं रहेगा। यह लड़ाई दलित अधिकारों और सम्मान की है, यह सरकार दलित विरोधी है।



# जाति नहीं, अपराध के हिसाब से मिले पारस को सजा: पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान

ग्राम कपसाड़ पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि यह अपराध क्षमा योग्य नहीं है अपराधी को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जिससे एक नजीर बने। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपराधी को उसकी जाति देखकर नहीं बल्कि अपराध देखकर सजा मिलनी चाहिए और उत्तर प्रदेश की सरकार यह काम करके दिखाएंगे। अपराधी किसी भी जाति और धर्म का नहीं बल्कि इसे जातिगत अपराध से नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ देखना चाहिए। संजीव बालियान ने साफ कहा कि वह अपराधियों को सख्त सजा दिलवाने का काम करेंगे और योगी सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखेंगे।

# दलितों पर ऐसा जुल्म कभी नहीं देखा: मुकेश सिद्धार्थ

**सरधना।** सपा के पूर्व दर्ज मंत्री मुकेश सिद्धार्थ सुबह पुलिस की बेरिकेटिड के बावजूद ग्राम कपसाड़ पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए कहा कि दलितों पर ऐसा जुल्म और अत्याचार पहले कभी नहीं देखा, यह हद है। उन्होंने कहा कि वह पहले भी जेल गए हैं अगर अपने समाज के लिए आगे भी जेल जाना पड़े तो वह तैयार हैं। ऐसा जुल्म करने वालों को सख्त सजा मिलनी चहिये।



## दलित समाज की महिला होने के कारण नहीं चला रहा बुलडोजर: शान मौहम्मद

आसपा नेता और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की राजनीति में सक्रिय रहने वाले शान मौहम्मद ने भी मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि यह घटना दलित समाज की महिला के साथ घटी है। अगर किसी बड़े समाज की महिला की हत्या होती और हत्यारा गिरफ्तार न होता तो अब तक बाबा जी का बुलडोजर चल गया होता। उन्होंने आरोपियों के घर को ध्वस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इसी गांव में कुछ ही माह पूर्व ठाकुर समाज के लोगों से झगड़ा करने वाले लोगों के घरों पर बाबा जी का बुलडोजर चला था लेकिन अब बाबा जी मौन हैं जो चौकाने वाला है।



## नेता नहीं, क्षेत्र की जनता का बेटा हूं: पूर्व भाजपा विधायक ठाकुर संगीत सोम

कपसाड़ गांव पहुंचे पूर्व भाजपा विधायक ठ. संगीत सोम ने पीड़ित परिवार के लोगों को सांत्वना देते हुए कहा कि वह क्षेत्र की जनता को परिवार की तरह मानतें है, विपक्ष इस मामले को जातियों में बांटने का काम कर रहा है, लेकिन विपक्ष इसमे सफल नहीं हो सकता। क्षेत्र के लिए वह नेता नहीं बल्कि एक बेटे के रूप में काम करने का प्रयास करते है। संगीत सोम के समझाने के बाद ही परिजन सुनीता के अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। संगीत सोम ने आश्वासन दिलाया कि जल्द ही आरोपी पकड़कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अगवा लड़की को सकुशल बरामद कराया जायेगा।



# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अय्यर को मंजूरी




● **भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को पसली में चोट लगी थी अपनी फिटनेस साबित करने के बाद वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे**

**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम टीम का हिस्सा बनने की मंजूरी मिल गई है।

वहीं सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। श्रेयस को 15 सदस्ईय दल में शामिल तो किया गया था लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर तय था। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित करने के बाद शुक्रवार को वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। वड़ोदरा में में होने वाले पहले एकदिवसीय से केवल दो दिन पहले वह टीम के साथ जुड़ेंगे। भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया में पसली में चोट लगी थी और इसके बाद वह पहली बार भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इस चोट के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज नहीं खेल पाए हैं। सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि गुरुवार की सुबह तिलक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई और शुक्रवार को वह हैदराबाद वापस जाएंगे। उनकी हालत स्थिर है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वह फिजिकल और स्किल ट्रेनिंग वापस शुरू करेंगे। ट्रेनिग पर वापस आने के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए आखिरी दो टी-20 में उनके खेलने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। मुंबई के लिए 82 और 45 रनों की पारियां खेलकर अय्यर ने वापसी के लिए मजबूत इरादे दिखाए हैं। चोट के कारण शार्दुल की अनुपस्थिति में उन्होंने मुंबई की कप्तानी भी की है। भारत की एकदिवसीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी सात जनवरी को वड़ोदरा पहुंच चुके है हैं। 15 सालों से अधिक के समय के बाद वड़ोदरा में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। नए बने कोटांबी स्टेडियम ने महिला वनडे और डब्ल्यूपीएल मैचों की मेजबानी की हैं। भारत की एकदिवसीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल।

# बीसीबी अधिकारी ने तमीम को कहा भारतीय एजेंट



● **नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई, इसके स्क्रीनशॉट तक से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं**

**ढाका, वार्ता।** पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल पर भारतीय एजेंट होने का आरोप लगाने वाली टिप्पणी के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष एम नजमुल इस्लाम विवादों में घिर गए हैं। नजमुल ने यह टिप्पणी तब की जब तमीम ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि आने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर आखिरी फैसला लेने से पहले बीसीबी को क्रिकेट को सबसे ऊपर रखते हुए प्राथमिकता देनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी बीबीसी के भारत न जाने के फैसले के बाद आई, जिसमें सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था, जब बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स से आने वाले आईपीएल से पहले बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से बाहर करने को कहा था। नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई है। इसके स्क्रीनशॉट तब से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इस बार बांग्लादेश के लोगों ने अपनी आंखों से एक और पक्के भारतीय एजेंट का उदय देखा। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने बीसीबी अध्यक्ष को पत्र लिखकर डायरेक्टर के सार्वजनिक माफी मांगने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीसीबी डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल के बारे में की गई टिप्पणी बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) के ध्यान में आई है। हम इससे हैरान, स्तब्ध और गुस्से में हैं। सीडब्ल्यूएबी ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश के इतिहास के सबसे सफल ओपनर, जिन्होंने 16 साल तक देश का प्रतिनिधित्व किया, उनके बारे में बोर्ड के एक अधिकारी द्वारा ऐसी टिप्पणी पूरी तरह से निदनीय है। न केवल इसलिए कि यह तमीम जैसे खिलाड़ी से संबंधित है, बल्कि देश के किसी भी क्रिकेटर के बारे में ऐसी टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं और पूरे क्रिकेट समुदाय का अपमान है। हम इस टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हैं। जब कोई जिम्मेदार बोर्ड डायरेक्टर सार्वजनिक मंच पर ऐसी टिप्पणी करता है, तो इससे बोर्ड अधिकारियों के कोड ऑफ कंडक्ट पर भी गंभीर सवाल उठते

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान के कप्तान होंगे महबूब

**काबुल, वार्ता।** महबूब खान जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से शुरू होने वाले 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे। महबूब खान के पास यूथ एकदिवसीय स्तर पर अफगानिस्तान टीम का काफी अनुभव है, उन्होंने 2024 और 2025 एशिया कप टूर्नामेंट में अपने देश की कप्तानी की है और उन्हें एक ऐसी टीम की कमान सौंपी गई है जो स्पिन-बॉलिंग टैलेंट से भरी हुई है। गेंदबाजी आक्रमण में सबसे खास नाम वाहिदुल्लाह जादरान का है। 18 साल के इस ऑफस्पिनर की काबिलियत इस बात से पता चलती है कि वह पिछले वर्ष आईएलटी-20 टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स के लिए सीनियर लेवल क्रिकेट खेल चुके हैं।

### सबालेंका व मुचोवा सेमीफाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल के रीमैच में मैडिसन कीज को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने वर्ल्ड नंबर 7 और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कीज को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया। इससे 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में सबा. लेंका का रिकॉर्ड 36 जीत और दो हार हो गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दो और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में एक खिताब शामिल है। मैच के बाद कोर्ट पर उन्होंने कहा कि यह जगह बहुत खास है। मैं हमेशा यहां बहुत अच्छा खेलती हूं और सेमीफाइनल में वापस आकर उत्साहित हूं। शनिवार के सेमीफाइनल में सबालेंका का मैच मुचोवा से होगा, जिन्होंने दिन में पहले पांचवें नंबर की रयबाकिना को हराया था। मुचोवा की दो घंटे चार मिनट में 6-2, 2-6, 6-4 की जीत ने रयबाकिना की 13 मैचों की जीत की लय को खत्म कर दिया।

# वावरिका को ऑस्ट्रेलिया ओपन वाइल्ड कार्ड मिला

● **मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने स्टैन वावरिका को सीजन के पहले बड़े टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया है।

सिडनी से वावरिका ने कहा कि यह बहुत बढ़िया है। मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं,ष जहां शनिवार को वह यूनाइटेड कप सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ स्विट्जरलैंड का नेतृत्व करेंगे। इस शानदार मौके के लिए टेनिस ऑस्ट्रेलिया और क्रेग टिली को विशेष धन्यवाद। मेलबर्न में पिछले 20 सालों की मेरी बहुत सारी अच्छी यादें हैं। जहां मैंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था, वहां वापस जाना हमेशा खास होता है। मैं इसके लिए सच में उत्सुक हूं। वावरिका का ऑस्ट्रेलियन ओपन में 43-18 का रिकॉर्ड है। 2014 में, उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना पहला बड़ा खिताब जीता था, ट्रॉफी के रास्ते में नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल को हराया था। यह 20वीं बार होगा जब वावरिका ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिगल्स में हिस्सा लेंगे। पिछले साल वह पहले राउंड में लोरेंजो सोनेगो से चार कड़े सेटों में हार गए थे। एटीपी रैंकिंग में नंबर 156 खिलाड़ी ने 2006 के बाद से टूर्नामेंट का सिर्फ एक एडिशन मिस किया है और कम से कम पांच बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं।

# पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में

**पुरुष युगल में सात्विक चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर हुई बाहर**



**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शुक्रवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु को तीसरी सीड जापान की अकाने यामागुची के रिटायर होने से सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया। यामागुची पहला गेम 21-11 से हारने के बाद मैच से रिटायर हो गईं।

सिंधु एक साल से ज्यादा समय बाद अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब सीजन के पहले मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिग वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची पहले गेम के बाद चोट के कारण रिटायर हो गईं। सिंधु गुरुवार को यामागुची की हमवतन टोमोका मियाजाकी पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर में पहुंची थीं, लेकिन यामागुची के खिलाफ मुकाबला इतना आसान होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन यामागुची अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिख रही थीं, क्योंकि सिंधु ने पहले गेम के इंटरवल में 11-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बीच में, पूर्व खिलाड़ी शॉट लगाने की कोशिश में चोटिल हो गईं, और उनके टखने में मोच आ गई। पहला गेम खत्म होने में थोड़ा समय लगा, सिंधु ने इसे सिर्फ 12 मिनट में 21-11 से जीत लिया।

इसके खत्म होने के तुरंत बाद, यामाग. ुची अंपायर के पास गईं और उन्हें मैच से रिटायर होने के अपने फैसले के बारे में बताया और सिंधु से हाथ मिलाया। सिंधु आखिरी बार दिसम्बर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सेमीफाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्होंने हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराया था और फिर फाइनल में चीन की वूओ लुओ यू को आसानी से हराकर खिताब जीता था। वह सिंधु की आखिरी जीत थी और वह मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी ई या छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी में से किसी एक का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिंधु, जो पैर की चोट के कारण बाहर थीं और अक्टूबर के बाद किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था, ने मियाजाकी पर अपनी जीत के बाद टॉप-लेवल प्रदर्शन बनाए रखने में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। इस बीच सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहिबुल फिकरी से 47 मिनट तक चले मुकाबले में 10-21, 21-23 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक-चिराग की हार के बाद अब टूर्नामेंट में सिंधु ही एकमात्र भारतीय चुनौती रह गई है। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी पहले ही हार गए थे।

# डब्ल्यूपीएल से भारतीय खिलाड़ियों में 'विनिंग माइंडसेट' आया है: हरमनप्रीत कौर

**कौर ने कहा: भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है**

**हमने वनडे विश्व का जीता, लेकिन अभी बहुत सी चीजें बाकी: मंधाना**



**मुंबई, वार्ता।** भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान और भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य टी-20 विश्व कप 2026 है और डब्ल्यूपीएल उस लक्ष्य तक पहु. चने का एक अहम रास्ता है। दोनों ने डब्ल्यूपीएल 2026 के उद्घाटन मैच से पहले बताया कि आने वाला यह सीजन किस तरह वनडे चैंपियन को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनने में मदद कर सकता है। मंधाना ने कहा कि अगर हम टी-20 विश्व कप जीतते हैं, तो बहुत बढ़िया होगा।

हमने वनडे विश्व कप जीता है, लेकिन टीम में अभी भी बहुत सी चीजें हैं, जिन पर हमें काम करना है। हम सच में ऐसा समय चाहते हैं, जब हम कह सकें कि 'हां हम दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम हैं। मुझे लगता है कि हमें अभी भी बहुत सुधार करना है। मुझे पूरा भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल इस अंतर को आने वाले सालों में कम करेगा। जब भी हम भारत के लिए खेलते हैं, हम हमेशा बात करते हैं कि हम सिर्ध एक या दो टूर्नामेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे साल दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम बनना चाहते हैं। मैं सोचती हूं कि हर डब्ल्यूपीएल हमें उस लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है। वनडे विश्व कप जीते हुए डेढ़ महीना ही हुआ है और डब्ल्यूपीएल उसी लय को आगे बढ़ाएगा। डब्ल्यूपीएल में लौटना हमेशा रोमांचक रहता है क्योंकि घरेलू खिलाड़ी, विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और यह अनुभव महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। तो मुझे भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल उस मोमेंटम को आगे ले जाएगा, जो हमें विश्व कप ने दिया और उम्मीद है कि यह हमेशा ऐसे ही चलता रहे। वहीं हरमनप्रीत ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी है कि भारतीय टीम में आ रही युवा खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ियों के लक्ष्य से जुड़ी हुई हैं और इसका श्रेय डब्ल्यूपीएल को जाता है, जिसने जीतने वाली सोच दी है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ एक विश्व कप से संतुष्ट नहीं हैं। हमारे पास इस साल और अगले दो-तीन साल में बहुत क्रिकेट है। हर बार जब हम मैदान पर जाते हैं, तो हम सबसे बेहतरीन माइंडसेट के साथ जाना चाहते हैं और वही माइंडसेट हमारे लिए सबसे जरूरी है। अच्छी बात यह है कि सिर्ध हम ही नहीं, बल्कि बाकी खिलाड़ी भी यही सोचते और बोलते हैं कि हम हमेशा चैंपियन बनना चाहते हैं। इससे दिखता है कि डब्ल्यूपीएल ने हम पर कितना बड़ा असर डाला है। हरमनप्रीत ने यह भी समझाया कि यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को दबाव में खेलने के लिए कैसे तैयार करता है। अब खिलाड़ी अपने कंफर्ट जोन में नहीं हैं। वे बहुत मेहनत कर रहे हैं। वे विदेशी खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ खेल रहे हैं, तो वे उनसे बहुत कुछ सीख रहे हैं।

# डु प्लेसिस-विस चमके, मैच रद्द

● **डुप्लेसिस व जेम्स विस ने आक्रामक शरुआत करते हुए 73 रनों की साझेदारी की ले खराब मौसम के चलते मैच रद्द हो गया**

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** वांडरर्स मैदान पर गुरुवार शाम पार्ल रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला खराब मौसम के कारण रद्द हो जाने के बाद जॉबर्ग सुपर किंगस (जेएसके) ने एसए20 तालिका में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

दोनों टीमों को दो-दो अंक मिले, जिससे सुपर किंगस के 17 अंक हो गए, जबकि रॉयल्स 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने रहे। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने साफ आसमान के बीच टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने बाद में कहा कि वह भी पहले बल्लेबाजी ही चुनते और उन्होंने शुरुआत में इसका भरपूर फायदा उठाया। डु प्लेसिस और नए ओपनिग साथी जेम्स विस ने आक्रामक शुरुआत करते हुए 7.3 ओवर में 73 रनों की साझेदारी की। इससे पहले एमआई केप टाउन के खिलाफ 32 रनों की तेज शुरुआत कर चुकी इस जोड़ी ने इस बार उसे और आगे बढ़ाया। पूरी तरह से गेंद को बीचों-बीच न लगाने के बावजूद डु प्लेसिस ने 24 गेंदों में 39 रन (6 चौके, 1 छक्का) ठोक दिए और रॉयल्स के किशोर तेज गेंदबाज नकोबानी मोकोएना को उनके बुलरिग डेब्यू पर कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने मोकोएना के पहले ओवर में दो चौके लगाए, जबकि अगले ओवर में तीन चौकों और एक छक्के के साथ रफ्तार और बढ़ा दी। उधर, विस ने भी बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फॉर्टुइन को एक छक्का और एक चौका जड़कर दबाव में रखा। पावरप्ले के अंत तक सुपर किंगस बिना विकेट खोए 64 रन बना चुके थे। हालांकि, सातवें ओवर में रॉयल्स ने अपने 'गोल्डन आर्म' सिकंदर रजा को गेंद सौंपी और जिम्बाब्वे के टी-20 कप्तान ने पहली ही गेंद पर असर दिखाया। उन्होंने शानदार ऑफ-स्पिनर से डु प्लेसिस को क्लीन बोल्ड किया। गेंद हवा में ड्रिफ्ट करती हुई अंदर आई, पिच पर पकड़ बनाकर घूमी और सीधे स्टंप्स से टकराई। इसके बावजूद जेएसके की रफ्तार थमी नहीं। मैथ्यू डी विलियर्स और विस ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 56 रन जोड़े। विस ने 33 गेंदों में अपना पहला एसए20 अर्धशतक पूरा करने के बाद एंकर की भूमिका निभाई, जबकि डी विलियर्स ने 22 गेंदों में तेज 30 रन बनाकर उन्हें भी पीछे छोड़ दिया। इस समय सुपर किंगस 200 के आसपास के स्कोर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रजा (2/26) ने फिर से हस्तक्षेप किया और डी विलियर्स को लॉन्ग-ऑफ बाउंड्री पर कैच कराकर प्रतियोगिता में सिर्फ तीन मैचों में अपना नौवां विकेट हासिल किया।

# सभी छह फ्रेंचाइचियों ने कोचों को नियुक्त किया

**लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने अपने पांचवें सीजन से पहले सभी छह फ्रेचाइजियों के लिए कोचिंग बेंच की पुष्टि कर दी है। लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है, क्योंकि पीडब्ल्यूएल 2026 में अपनी वापसी की तैयारी कर रही है। रिकॉर्ड तोड़ खिलाड़ी नीलामी के बाद फ्रेचाइजियों द्वारा अपने तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करना, पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों में संरचित तैयारी, प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन और एथलीट विकास पर पीडब्ल्यूएल के फोकस को दर्शाता है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत, पीडब्ल्यूएल 2026 का आयोजन 15 जनवरी से 2 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक टाई में पांच पुरुष और चार महिला भार वर्गों में कुल नौ मुकाबले होंगे। सात साल के अंतराल के बाद लीग की वापसी के साथ, सभी फ्रेच. इजियों में कोचिग नेतृत्व की गुणवत्ता और गहराई यह दर्शाती है कि मैट पर विश्वस्तरीय प्रतिभा को मैट के बाहर उतनी ही सक्षम मार्गदर्शन के साथ जोड़ा जा रहा है।

**दिल्ली दंगल वॉरियर्स: जगमिंदर सिंह बने कोच**-दिल्ली दंगल वॉरियर्स की कमान चीफ कोच के रूप में जगमिदर सिंह संभालेंगे, जो भारतीय कुश्ती के सबसे सम्मानित नामों में से एक हैं। दो बार के ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता जगमिदर ने कई पीढ़ियों के शीर्ष पहलवानों को गढ़ा है, जिसमें 2010 में सुशील कुमार को भारत का पहला पुरुष फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण दिलाने में उनकी अहम भूमिका शामिल है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में विक्रम शर्मा जुड़ेंगे, जो एक सफल अंतर्राष्ट्रीय ग्रीको-रोमन कोच और वर्ल्ड पुलिस गेम्स चैंपियन रह चुके हैं। यह जोड़ी नीलामी में स्टार खिलाड़ियों से सजी दिल्ली टीम को ओलंपिक स्तर की समझ और तकनीकी संतुलन प्रदान करेगी।

**महाराष्ट्र केसरी के कोच बने अनिल कुमार मान** -महाराष्ट्र केसरी ने चीफ कोच के रूप में अनिल कुमार मान की नियुक्ति की है। वह कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता रह चुके हैं और एक मेंटर के रूप में उन्होंने टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता रवि दहिया जैसे ओलंपिक पदकधारियों को तैयार किया है। सहायक कोच भारती बघेल हैं, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू प्रमाणित महिला कोच और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान हैं, जिन्हें जूनियर विश्व और एशियाई चैंपियनशिप का अनुभव है। यह जोड़ी चैंपियनशिप अनुभव और आधुनिक, खिलाड़ी-केंद्रित प्रशिक्षण प्रणाली का संतुलन दर्शाती है।

**हरियाणा थंडर्स: वीरेंद्र दहिया को कोच पद की जिम्मेदारी**-हरियाणा थंडर्स ने अपने कार्यक्रम की जिम्मेदारी चीफ कोच वीरेंद्र दहिया को सौंपी है, जो भारत की राष्ट्रीय महिला कुश्ती टीम के कोच हैं और महिला कुश्ती में देश के हालिया वर्चस्व के प्रमुख शिल्पकार माने जाते हैं। ओलंपिक, विश्व, एशियाई और कॉमनवेल्थ स्तर पर दशकों के अनुभव के साथ उनका नेतृत्व हरियाणा की महिला कुश्ती परंपरा के अनुरूप है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में एसबी प्रसाद होंगे, जो भारतीय वायुसेना के अधिकारी और अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय कोच हैं, विशेष रूप से अंडर-23 और सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

**पंजाब रॉयल्स: ग्रीको-रोमन में महारत**-पंजाब रॉयल्स की अगुवाई चीफ कोच हरगोबिद सिंह संधू करेंगे, जो साई में भारत के ग्रीको-रोमन के मुख्य राष्ट्रीय कोच और ओलंपियन हैं। उनके प्रशिक्षित पहलवानों ने कॉमनवेल्थ, एशियाई और विश्व स्तर पर पदक जीते हैं। उनके साथ सहायक कोच सोनू खत्री होंगे, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू लेवल 1 और 2 प्रमाणित राष्ट्रीय कोच हैं और रेलवे से जुड़े हुए हैं। उनका अनुभव आयु-वर्ग से लेकर सीनियर अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक फैला हुआ है, जिससे पंजाब की रणनी. तिक मजबूती बढ़ेगी।

**टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स: अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और अनुशासन**-टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स के चीफ कोच चंद्र विजय सिंह होंगे। दो बार पीडब्ल्यूएल खिताब जीत चुके सिंह एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच हैं और उन्होंने ओलंपिक, एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में उन्होंने अंडर-23 विश्व स्वर्ण पदक विज. ेताओं का मार्गदर्शन किया है।

**यूपी डोमिनेटर्स: विनोद कुमार मुख्य कोच**-यूपी डोमिनेटर्स के चीफ कोच विनोद कुमार होंगे, जो 1988 सोल ओलंपियन, पूर्व मुख्य राष्ट्रीय कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हैं। उनका करियर कई ओलंपिक चक्रों, एशियाई खेलों और कॉमनवेल्थ गेम्स की सफलताओं तक फैला है। उन्होंने दिसम्बर में आईपीएल नीलामी के लिए भी अपना नाम दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार्स बीबीएल में वापस लौटे

● **एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा मार्नस लाबुशेन और स्मिथ समेत कई खिलाड़ी वापसी करेंगे**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की एशेज जीतने वाली टेस्ट टीम के कई खिलाड़ी शनिवार से बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी करेंगे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एलेक्स कैरी (एडिलेड स्ट्राइकर्स), ब्रेंडन डॉगेट (मेलबर्न रेनेगेड्स), जोश इंगलिस (पर्थ स्कॉर्चर्स), उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन (ब्रिस्बेन हीट), टॉड मर्फी और स्टीव स्मिथ (सिडनी सिक्सर्स), साथ ही जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर (होबार्ट हरिकेंस) शनिवार से अपनी-अपनी टीमों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। माइकल नेसर (ब्रिस्बेन हीट) और मिशेल स्टार्क (सिडनी सिक्सर्स) भी बाद में लीग में शामिल होंगे। नेसर के 14 जनवरी से और स्टार्क के 16 जनवरी से उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस बीच, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन बीबीएल-15 में हिस्सा नहीं लेंगे। बोलैंड (मेलबर्न स्टार्स) और हेड (एडिलेड स्ट्राइकर्स) सभी पांच एशेज टेस्ट खेलने के बाद छोटे रिकवरी ब्लॉक से गुज. रेंगे, जबकि ग्रीन अभी भी बिना अनुबंध के हैं क्योंकि वह बड़ी पीठ की सर्जरी से रिकवर हो रहे हैं। बोलैंड ने एशेज सीरीज में सबसे अधिक 159-5 ओवर फेंके, जबकि हेड ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि सभी टेस्ट खिलाड़ी रिकवरी और आने वाले अंतर्राष्ट्रीय मैचों, जिसमें टी-20 विश्व कप भी शामिल है, की तैयारी के बीच संतुलन बनाने के लिए व्यक्तिगत प्रबंधन योजना का अनुसरण करेंगे, साथ ही जहां भी संभव होगा बीबीएल में हिस्सा लेने की भी अनुमति दी जाएगी।

# भाजपा नेता हत्याकांड में जुनावई पुलिस का कड़ा कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाजपा नेता हत्याकांड पर पुलिस ने हत्यारोपियो पर ओर शिकंजा कसा है। पुलिस नौ आरोपियो को गैंग स्टर एक्ट के तहत निरूद्व किया है।

**0 सभी नौ हत्यारोपियों को गैंग स्टर में किया निरूद्व**

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दबथरा निवासी भाजपा नेता गुलफाम सिंह यादव की चर्चित हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ा और कड़ा एक्शन लिया है। काफी समय तक सुर्खियों में रहे हत्याकांड में नामजद पूर्व सपा ब्लॉक प्रमुख रवि यादव, उसके पिता महेश यादव समेत कुल नौ हत्यारोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत निरूद्व किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आर्थिक लाभ के लालच में इस हत्या की बड़ी साजिश रची गई थी। आरोप है कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर जेल में बंद एक भाड़े के हत्यारे से खतरनाक कैमिकल से बना जहरीला इंजेक्शन तैयार करवाया। इसी जहरीले इंजेक्शन के जरिए बीजेपी नेता की हत्या करायी गयी। हत्याकांड के बाद से ही पुलिस लगातार इस मामले की गहन जांच कर रही थी। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने सभी नौ आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया से अनुमति मिलने के बाद अब इन आरोपियों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।





सम्भल। जिला बार एसोसिएशन कक्ष में अधिवक्ताओं के बीच अपने विचार रखते यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के उम्मीदवार एव पूर्व उपाध्यक्ष शाहनावाज राना एडवोकेट, इस दौरान शाहनवाज राना अधिवक्ताओं के चैंबर पर भी अपने चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे।

# सम्भल में शाहनवाज़ राना एड. का बार एसोसिएशन में हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0अधिवक्ताओं ने दिलाया भारी संख्या में प्रथम वरीयता के मतों के साथ समर्थन का भरोसा, पूर्व उपाध्यक्ष शाहनवाज राना ने पूर्व के कार्यकाल में किए कार्यों की दी जानकारी**

**सम्भल।** यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। सदस्य पद के लिए दूसरी बार मैदान में शाहनवाज राना को पूरे प्रदेश सर्मथन मिलने के साथ सम्भल की बार एसोसिएशन में जोरदार स्वागत हुआ और पूर्व की भांति इस बार भी अधिवक्ताओं ने प्रथम वरीयता के मतों के साथ समर्थन का भरोसा दिलाया।

उत्तर प्रदेश बार कौन्सिल के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शानवाज राना इस बार भी सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में है। उनके सदस्य पद के चुनाव मैदान में आने से अन्य प्रत्याशियों के होश उड़े हुए हैं। इस बार भी पूरे दमखम के साथ मैदान में शाहनवाज राना एडवोकेट को हर जगह भारी सर्मथन मिल रहा है। पूर्व की भांति इस बार भी प्रथम वरीयता के अत्याधिक मतों से जीत हासिल करने का पूरा भरोसा जताया जाने लगा है। शुक्रवार को सम्भल पहुंचे शाहनवाज राना एडवोकेट ने सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओं से सर्म्पक साधा। चैबर-चैम्बर पहुंचे शाहनवाज राना एडवोकेट को अधिवक्ताओं ने हाथों-हाथ लिया और उन्हे इस बार भी पर्व की भांति ओर भी अधिक प्रथम वरीयता के मतों के साथ सदस्य पद का चुनाव जिताने का पूरा भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके सम्मान में बार एसोसिएशन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने शाहनवाज राना एड. का सर्मथन किया। इस दौरान शाहनवाज राना ने अधिवक्ताओं की हर समस्या को अपनी बताते हुए निराकरण कराने का आशवासन देते हुए बताया कि पूर्व में बार कौन्सिल के उपाध्यक्ष रहते हुए उनके ही प्रयासों से मृत अधिवक्ता के परिवार को पांच लाख की राशि मंजूर हुई थी। जिसका लाभ आज भी अधिवक्ताओं को मिल रहा है। उन्होने कहा कि इस बार अधिवक्ताओं का प्यार और सर्मथन मिलने पर चुनाव जीतने पर अधिवक्ता हितों के अनेको कार्य कराये जायेंगे। इसके अलावा अधिवक्ताओं की हर समस्या को प्राथमिकता के साथ निराकरण हर हाल में कराया जायेगा। इस दौरान शाहनवाज, लकेश सिंह देवल, मुशर्रफ हुसैन, मौहम्मद अतीक, शकील अशरफी मौहम्मद साजिद, सादिक, अर्शी आदि अधिवक्ताओं ने उन्हे भारी मतों से जिताने का भरोसा दिया। जबकि तहसील पर डा. अमित कुमार उठवाल ने चैम्बरों पर पहुंचकर शाहनवाज राना को अधिवक्ताओं से सर्म्पक कराया। इस मौके पर बार के अध्यक्ष मौहम्मद इस्लाम, सचिव मौहम्मद उमर अल्वी, मौहम्मद ताहिर तारिक जिया सिददीक, परवेज आलम, अब्दुल जब्बार, चौ. नदीम, इकबाल अहमद, मौहम्मद अकरम, मौहम्मद नवाज, रफत अली, असद हुसैन, कमलेश रानी, सुरेन्द्र कुमार आदि अधिवक्तता मुख्य रूप से मौजूद रहे। ज्ञात रहे की यूपी बार काउंसिल का चुनाव चार चरणों में शुरू होना है जिसका पहला चरण 16-17 जनवरी, 20-21 जनवरी 27-28 जनवरी 30-31 जनवरी को होना है प्रत्येक चरण में दो-दो दिन मतदान के लिए निधारित किए गए है।

# तालाब की भूमि पर कब्ज़ा कर बना लिए पचास मकान

**0राजस्व विभाग की टीम ने नापजोख कर किये चिन्हित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



सम्भल- उप नगरी सराय तरीन में तालाब की भूमि पर बने मकानों की जांच करती राजस्व विभाग की टीम।

**0राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर की नापजोख**
**0अवैध रूप से बने मकानों को किया चिन्हित**
**0पेमाईश के दौरान मौजूद रहा पुलिस बल**
**0राजस्व विभाग भूमि खाली काराने को कर सकता है बड़ी कार्रवाई**

**सम्भल।** जिले में सरकारी व तालाब की भूमि पर किए गए अवेध कब्ज़ों की जांच में उप नगरी सराय तरीन में की नापजोख में तालाब की भूमि पर करीब 40 मकानों का अवैध निर्माण पाया गया। पुलिस ने मकानों को चिन्हित किया है।

राजस्व अभिलेखों के आधार पर टीम ने थाना हयातनगर क्षेत्रान्तर्गत सरायतरीन के वाजिदपुर सराय में तालाब की कुल 5 बीघा भूमि पर अवैधा कब्जों की शिकायत के बाद पैमाइश की कार्रवाई की। नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल के नेतृत्व में पहुंची टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में फीता डालकर नापजोख की, जो करीब दो घंटे तक चली। पैमाइश के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा रहे, हालांकि किसी भी तरह का कोई भी विरोध सामने नहीं आया। जबकि राजस्व अभिलेखों के आधार पर टीम ने तालाब की कुल 5 बीघा भूमि को चिन्हित किया। जांच में गाटा संख्या 332 में दर्ज तालाब की जमीन के एक हिस्से पर करीब 40 मकान बने हुए पाये गए। नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ये मकान 25 से 30 वर्ष पुराने प्रतीत हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पैमाइश के साथ-साथ मकान मालिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की भी गहनता से जांच की जाएगी। दस्तावेजों के अध्ययन के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, तालाब की भूमि पर अतिक्रमण के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है और नियमों के तहत आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जबकि अवैध कब्ज़ेदारों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अपनाकर बड़ी कार्रवाई किया जाने की चर्चायें तेज हो गयी हैं। पैमाइश के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

# इधर-उधर कचरा बीनने वाले निकले शातिर चोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0पुलिस ने चोरी का माल किया बरामद, दो गिरफ्तार**

**सम्भल।** इधर-उधर घूमकर कचरा बीनने वाले चोर निकले। पुलिस के प्रयासों से बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मध्य रात्रि चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौति देने वाले शातिर चोरों को चोरी के माल समेत धर दबौच लिया। घटना का अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) ने अनावरण किया।

अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के के विशनोई के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना बहजोई पुलिस टीम ने 08 जनवरी को ग्राम ढकारी क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी का लोहे का सामान बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे दिन में इधर-उधर घूमकर सूने स्थान और दुकानें चिन्हित करते थे। रात के समय मौका पाकर नकब लगाकर दुकानों व निर्माण स्थलों से लोहे का सामान चोरी कर लेते थे और आपस में उसे बांट लेते थे। लगभग तीन माह पूर्व ग्राम चौपा शेखपुर स्थित एक परचून की दुकान से रात्रि में सामान चोरी किया गया था। इसके अलावा 08 जनवरी को ग्राम ढकारी स्थित खेत में बने ट्यूबवेल से पंखे की कोनी और एक पाइप पुल करीब 20 किलो चोरी कर ले जाते समय ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी अभिषेक, लक्की को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक सब्बल लोहे का, एक पंखे की कोनी, एक पाइप पुल आदि बरामद किया है। दोनों के खिलाफ थाना बहजोई व थाना गुन्नौर में चोरी के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। टीम में थाना बहजोई के प्रभारी निरीक्षक संत कुमार, उपनिरीक्षक आकाश कुमार आदि शामिल रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-सपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते सईद अख्तर इसराईली।

### करैक्शन सूची वाले अपनी गलतियों का करा सकते हैं सुधार

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की बैठक में एसआईआर को लेकर चचा की गई। जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने अपने आवास पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का कार्य समाप्त हो गया है। बीलएओ द्वारा सूची जारी हो जायेगी। जिसमें सभी लोग अपना अपना नाम देख सकते है। जिनके नाम सूची में न होने पर करैक्शन जारी किया जायेगा। जिसमें सभी लोग अपनी मलतियों का समाधान करा सकते है। इस मौके पर नबील अहमद, मौ. आमिर, मौ. नदीम, रमीज राजा, डा. मुस्तफा आदि मौजूद रहे।

### चोर गाड़ी में भैंस डालकर फरार

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना बबराला के अंतर्गत चोर भैंस चोरी कर ले गये। पुलिस को पीड़ित ने घटना की सूचना दी है। जीतपाल पुत्र डालचन्द निवासी गांव फरीदपुर थाना बबराला ने बताया कि बीती रात को ढाई बजे के करीब मेरे घर से मेरी भैंस चोर गाड़ी लगाकर भैस लेकर जाने लगे तभी मेरी पत्नी ने मुझे उठाया और कहने लगी की चोर भैंस ले जा रहे है।तभी मैने शोर मचाया। कफी लोग एकत्रित हो गये।तब तक चोर भाग गये। हमने कई लोगों के साथ बाइक से पीछा किया लेकिन कोहरा होने के कारण गाड़ी नहीं पकड़ पाए।भैंस चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें।पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

### अधिवक्ताओं के बनवाये जायेंगे वेल्फेयर कार्ड

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद की प्रत्याशी राधा यादव ने कहा कि मैं निर्वाचित हो जाने के बाद सभी अधिवक्ताओ का इंश्योरेंस एवं मेडिक्लेम के लिए अधिवक्ताओं के लिए वेलफेयर कार्ड बनाया जाएगा। जिससे आयुष्मान कार्ड की तरह अधिवक्ता अपना इलाज हॉस्पिटल में करा सकेंगें। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को डेथ क्लेम के लिए सालों साल उनके स्वजन भटकते रहते हैं। वह एक माह के अंदर अधिवक्ताओं के बारिशों को धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं निर्वाचित हो जाने के बाद सरकार के समक्ष इस बात को रखूंगी कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।जिससे प्रदेश के अधिवक्ताओं को लाभ मिल सके। इंश्योरेंस के लिए बार काउंसिल में सबको लाभ मिलना चाहिए। लेकिन सभी अधिवक्ताओं को इंश्योरेंस का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव सुरेश कुमार यादव,श्रीकृष्ण भारद्वाज अवधेश यादव, पूर्व अधयक्ष सिविल बार जितेंद्र सिंह यादव मोहित यादव,भानु प्रकाश यादव, अवधोश यादव, कविता यादव,देव प्रकाश,मनोज यादव ,वीरेश,सोनू यादव, रागिव उल्लाह,महेंद्र सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

### वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने मनाया नववर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति बबराला की ओर से अध्यक्ष प्रिया के आवास पर नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समिति की सदस्याओं ने खेल प्रतियोगिता, गीत संगीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लता कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रियंका गुप्ता, कविता वार्ष्णेय, पूजा गौयल, मंजू, संध्या, अंजली, नर्मदा वार्ष्णेय, अंशु, अंजू आदि रहीं।

# विस्तारीकरण के बजट की मांग को रेलमंत्री से मिलेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चलाये जा रहें जागरूकता अभियान के अंतर्गत इतिहास संकलन समिति, संभल,, केमिस्ट एसोसिएशन संभल, हिंदू जागृति मंच, के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को पत्र ईमेल कर रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु रेल बजट मंजूर की जाने की मांग की। इस दौरान अजय शर्मा जी ने कहा कि हम अपने संगठनों के माध्यम से प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को पत्र ईमेल कर सम्भल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु रेल बजट मंजूर किये जाने की मांग करते हैं। इसके साथ साथ हम अपने संगठन द्वारा रेलमंत्री से मिलने को समय की मांग कर रहे हैं। हमें उम्मीद है रेलमंत्री हमें समय अवश्य देंगे। हम अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ रेलमंत्री से मिलकर रेल लाइन विस्तारीकरण को अपनी बात रखेंगे। सम्भल देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। संभल श्री कल्कि भगवान के अवतार के रूप में जाना जाता है संभल में लाखों की तादात में हिंदू श्रृद्धालु आते हैं जिन्हे आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है रेल लाइन का विस्तार कारण हो जाने से श्रृद्धालुओं को आने जाने में सुगमता रहेगी। शोभित गुप्ता ने कहा रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग लगभग पांच दशक से लगातार चली आ रही है। रेल बजट मंजूर किया जाना आवश्यक है।

# राष्ट्रीय खेलो में डीएवी स्कूल बबराला का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**




बबराला- राष्ट्रीय खेलों में विजयी पताका फहराये डीएवी स्कूल बबराला के बच्चे।

**बबराला।** 6 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक डीएवी प्रबंधन समिति द्वारा झारखंड की राजधानी रांची एवं उत्तराखंड की राजधानी हरिद्वार में आयोजित बालकों की राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, जनपद एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अंडर-14 वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में विद्यालय के अभिषेक कुमार एवं देव गौतम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किए। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में शिव प्रताप ने अंडर-19 वर्ग में लंबी कूद एवं तिकड़ी कूद में दो स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को विशेष गौरव प्रदान किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में आयुष कुमार ने चक्र क्षेपण में रजत पदक प्राप्त किया। अंडर-14 वर्ग में दक्ष कुमार ने भाला फेंक प्रतियोगिता में कांस्य पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त, बालकों की अंडर-14 फुटबॉल मैच में रोमांचक मुकाबले में डीएवी बबराला की टीम ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया तथा कुल सात रजत पदक अपने नाम किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. एस. प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि डीएवी के राष्ट्रीय खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें नेतृत्व एवं आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने भी सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# उत्कृष्ट व्यंगकार अतुल कुमार शर्मा को चॉंदी का मुकुट पहनाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**




सम्भल-व्यंगकार अतुल शर्मा को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित करते।

**सम्भल।** हिन्दू जागृति मंच ने संभल के उभरते व्यंग्यकार एवं उत्कृष्ट कवि अतुल कुमार शर्मा को चाँदी का मुकुट पहनाकर, श्रीमद् भगवद् गीता एवं शील्ड भेंट करके उनकी प्रतिभा को सम्मानित कर नमन किया।

दुर्गा कॉलोनी में सुनीता यादव के सभागार पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मंच के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी साहित्य जगत में अपनी दिव्य प्रतिभा के साथ उत्कृष्ट कवि, व्यंग्यकार, सफल साहित्यकार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर सम्भल की कीर्ति पताका फहराने वाले अतुल कुमार शर्मा सि)हस्त कवि हैं। हिन्दू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि अतुल कुमार शर्मा का काव्य पाठ समाज की विसंगतियों पर करारा प्रहार करते हुए सकारात्मकता का संदेश एवं सद्प्रेरणा प्रदान करता है। उनकी कविताएँ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए कुशल मार्गदर्शन भी देती हैं। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि अनेक सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के माध्यम से अतुल कुमार शर्मा समाज, राष्ट्र एवं धर्म के जागरण में सतत रुप से रत हैं। समारोह में उमेश श्रीमाली, पीयूष कुमार, अजय कुमार शर्मा, अरुण अग्रवाल, रुपाली गुप्ता, सुमन शर्मा, चारु यादव, सुनीता यादव, सुभाष मोंगिया, सुभाष चंद्र शर्मा, सुमन लता शर्मा ने व्यंग्यकार कवि अतुल कुमार शर्मा को उनकी अनगिनत उपलब्धियों के लिए चाँदी का मुकुट पहनाकर, स्मृति चिन्ह, कल्कि भगवान का चित्र एवं माल्यार्पण के साथ भावुक अभिनंदन व सम्मान किया। 4 जनवरी को आयोजित हुए निरंतर 16 घंटे तक चले राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव की सफलता का श्रेय भी अतुल कुमार शर्मा को दिया गया, जिसमें कई राज्यों के साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया था। समारोह की अध्यक्षता सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने की तथा संचालन सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

# ठंड से जन जीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** शुक्रवार को शीतलहर और कड़ाके की ठंड की चपेट में रहा। मौसम का यह तीखा मिजाज आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। बीते कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता महज 10 मीटर से भी कम हो गई है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं और आम लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। कल पूरे दिन धूप के दर्शन न हुए वही तेज ठंडी हवाओं ने परेशान किया। जनजीवन काफी अस्तव्यस्त रहा। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी रोज की अपेक्षा भीड़ कम दिखी। नगर के घनी आबादी वाले स्टेशन रोड,रेलवे रोड क्षेत्रों में सुबह-सुबह सन्नाटा पसरा रहा। लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। चाय की दुकानों पर भीड़ अधिक रही, जहां लोग गर्म चाय और नाश्ते के साथ ठंड से राहत तलाशते दिखे। घने कोहरे के चलते फसल पर पाला पड़ने की आशंका भी बढ़ गई है। आलू, सब्जी और सरसों की फसलों को नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। किसान खेतों में सिंचाई और धुआं करके फसल को बचाने के उपाय कर रहे हैं। भीषण ठंड और कोहरे के कारण लोग आवश्यक काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। बुजुर्गों और छोटे बच्चों को खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत पड़ रही है। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस से जुड़ी शिकायतों वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### फार्मर रजिस्ट्री के 90 प्रतिशत पूरे होने वाले गांव समीक्षा से हटेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढाने के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 278 राजस्व ग्राम ऐसे हैं जिनमें फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पूर्ण हो गयी है या 90 प्रतिशत पूर्ण हो गये हैं इनको समीक्षा से हटाया जा रहा है। पूर्ति विभाग को 103 गाँव दिये गये आज 64 गाँव शेष हैं। उन्होंने बताया कि 718 राजस्व ग्राम में फार्मर रजिस्ट्री लंबित हैं तथा 44 ग्राम राजस्व ग्राम चकबंदी वाले है। मुख्य विकास अधिकारी ने 718 राजस्व ग्राम में फार्मर रजिस्ट्री की क्या रणनीति है। उसके विषय में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप निदेशक कृषि ने बताया कि पूर्ति विभाग से संबंधित कोटेदारों द्वारा बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री में अन्य विभागों द्वारा सहयोग नहीं प्रदान किया जा रहा है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अन्य विभाग के कर्मचारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री पर कार्य किया जाएगा।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र बिलाल गलत संगत में पड़ गया है और गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ रहकर गलत कृत्य करता है। मैने बिलाल को बहुत समझाया, मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। इसलिए मैने मजबूर होकर बिलाल से अपने सम्बंध विच्छेद कर उसको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का बिलाल से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा है न आइंदा होगा। बिलाल अपने किसी भी कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**इंतेजार हुसैन पुत्र हाजी शफायतुल्ला**
नि. मौ. चौधरी सराय तह. व जिला सम्भल

# इटली की लुक्रेशिया माघ मेले में कर रही है भजन कीर्तन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर माघ मेला के दौरान इटली से आई 22 साल की लुक्रेशिया दिन-भर भजन-कीर्तन करती हैं। भारतीय संस्कृति में रमी लुक्रेशिया का कहना है कि महाकुंभ ने उनकी जिंदगी ही बदल दी है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था।

सनातन की शक्ति को समझकर उन्होंने इसे अपनाने का फैसला किया। विदेशी होकर भी भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से गहरा जुड़ाव और सबका ध्यान खींच रहा है। लुक्रेशिया सनातन धर्म अपना चुकी हैं। अपने गुरु मनमौजी राम पुरी से दीक्षा भी ले चुकी हैं। लुक्रेशिया महाकुंभ के दौरान भी प्रयागराज आई थीं। संगम लोअर मार्ग स्थित नेमिषारण्य आश्रम में रह रहीं लुक्रेशिया 'जय सियाराम', 'जय सीताराम' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ मंत्रोच्चार सीख रही हैं। भारतीय संस्कृति की तरफ उनका झुकाव, साधना और श्रद्धा के मेले में हर तरफ चर्चा हो रही है। मेले में साधु-संतों के साथ लुक्रेशिया भी साधना में लीन हैं। आश्रम में हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करती हैं। भक्ति गीतों व मंत्रों का अभ्यास करती हैं। विदेशी पहनावे के बावजूद उनके विचार और भाव पूरी तरह भारतीय सनातन संस्कृति में रचे-बसे दिखाई देते हैं। लुक्रेशिया ने कहा कि सनातन धर्म ने मुझे अंदरूनी शांति दी है। जीवन को समझने की नई दिशा दी है। मैं तीसरी बार भारत आई हूं। 2024 में मैंने राजस्थान की यात्रा की थी। जहां भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से मेरा गहरा जुड़ाव हो गया। इसके बाद साल 2025 में मैं महाकुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंचीं। विशाल जनसमूह और भव्य आयोजन को देखकर मैं अभिभूत हो गई। अब मैं माघ मेले के दौरान वह अपने गुरु के पास आई हूं। अब मैं दीक्षा लेकर सनातन परंपरा को करीब से समझ रही हूं। लुक्रेशिया ने कहा कि यह साल मेरे जीवन में एक नई और सकारात्मक शुरुआत लेकर आया है।

## इक्वाडोर में हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए

**क्विटो।** इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में मोकोली द्वीप पर एक निजी रिहायशी परिसर के अंदर बुधवार देर रात हुए हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए। गृह मंत्री जॉन रीमबर्ग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बंदूकधारी कई सुरक्षा घेरों को तोड़कर मोकोली गोल्फ क्लब के स्पोर्ट्स कोर्ट में जबरन घुस गए। कई गाड़ियों में आए हमलावरों ने पुलिस या सेना जैसी वर्दी पहनी हुई थी और उनके पास पिस्तौल और राइफलें थीं। रीमबर्ग ने इक्वाविसा टेलीविजन को बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि पीड़ित कॉम्प्लेक्स में मेहमान थे। तीनों का आपराधिक रिकॉर्ड था जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या और डकैती जैसे अपराध शामिल थे।

### भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का दावा

# वैश्विक अनिश्चितताओं से पार पा लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का मानना है कि तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी घरेलू मांग के दम पर आने वाले समय में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। गौरोवे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत दुनिया के कई अन्य देशों जितनी खुली अर्थव्यवस्था नहीं है।

यह बाहरी कारकों के प्रति उतना संवेदनशील नहीं है। यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत इस समय 'लाभ की स्थिति' में है। उल्लेखनीय है कि सरकार के पहले अग्रिम अनुमान के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की गुरुवार को जारी 'विश्व आर्थिक स्थिति एवं परिदृश्य' रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। साथ ही, अगले दो साल भारत के

**■ यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा**

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। संयुक्त राष्ट्र के अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत में पारिवारिक खर्च ऊंचा बना हुआ है, सार्वजनिक निवेश मजबूत है और ब्याज दर कम है। ये सभी कारक विकास को गति दे रहे हैं। हालांकि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर ऊंचे आयात शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का दबाव भी है। घरेलू चुनौतियों के बारे में गौरोवे ने कहा कि दुनिया के कई अन्य देशों की तरह भारत भी सार्वजनिक ऋण के ऊंचे स्तर की समस्या से जूझ रहा है। देश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने पर खर्च हो जाता है। इसके अलावा बेरोजगारी भी एक समस्या है। उन्होंने कहा कि ऋण के बोझ का असर हर देश पर अलग-अलग होता है, और भारत पर दूसरे दक्षिण एशिया देशों के मुकाबले दबाव कम है। कई देशों को इसके कारण अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मदद मांगनी पड़ी है। भारत सरकार का ऋण बनाम जीडीपी अनुपात पिछले वित्त वर्ष में 57 प्रतिशत से ऊपर था। सरकार ने इसे चालू वित्त वर्ष में 56.1 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया है। वित्त वर्ष 2018-19 में जीडीपी की तुलना में ऋण घटकर 48.9 प्रतिशत रह गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद यह बढ़कर 61.4 प्रतिशत पर पहुंच गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए बताया था कि कुल व्यय का 20 प्रतिशत हिस्सा सरकार ऋणों के ब्याज की अदायगी पर खर्च करेगी। गौरोवे ने कहा कि बदलती वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों में अब दुनिया के कई देश अपने इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्रों में विविधता ला रहे हैं जिसका फायदा भारत को मिल रहा है।

# ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत

## तेहरान में अशांति और हिंसा के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने देश के लोगों को संबोधित किया

**तेहरान।** तेहरान में अशांति के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने ट्रम्प को अमेरिका की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की नसीहत दी है। खामेनेई ने कहा कि प्रदर्शनकारी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी देश को बर्बाद कर रहे हैं। खामेनेई ने साफ कहा है कि देश विदेशियों के भाड़े के सैनिकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम नेता का यह ईरानी सरकारी टीवी की ओर से विरोध प्रदर्शनों पर एक रिपोर्ट में हिंसा भड़काने के लिए इजरायल और अमेरिका के 'आतंकी एजेंटों' को दोषी ठहराए जाने के बाद आया है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने रात भर देशभर में फैले प्रदर्शनों पर अपनी चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल के 'आतंकी एजेंटों' ने आगजनी की और हिंसा भड़काई। अपनी दैनिक सुबह की ब्रीफिंग में सरकारी टीवी ने कहा कि निजी कारों, बाइक, मेट्रो जैसे सार्वजनिक स्थानों, दमकल गाड़ियों और बसों में आग लगाई गई है। ईरान में बीते दो हफ्तों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। बढ़ती महंगाई और गिरती मुद्रा को लेकर जनता का आक्रोश फैल गया, जिसके बाद ईरान सरकार के खिलाफ लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। खामेनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश प्रदर्शनों के आगे नहीं झुकेगा। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक संबोधन में खामेनेई ने विदेशी समर्थित तत्वों पर देश को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि सभी को यह जान लेना चाहिए कि इस्लामी गणतंत्र



**■ दूसरे देश को खुश करने के लिए किए जा रहे प्रदर्शन**

हजारों सम्मानित लोगों के खून के दम पर सत्ता में आया है और यह उपद्रवियों के सामने पीछे नहीं हटेगा। राजधानी में जारी अशांति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें देश चलाना आता होता तो वे अपना देश ठीक से चलाते क्योंकि अमेरिका के भीतर ही कई समस्याएं हैं। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के हाथ 1000 से अधिक ईरानियों के खून से रंगे हुए हैं। उनके इस बयान को जून में ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका द्वारा किए गए हमलों के संदर्भ में देखा जा रहा है। खामेनेई ने अपने समर्थकों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए युवाओं से कहा कि अपनी तैयारी और एकता बनाए रखें क्योंकि एक एकजुट राष्ट्र किसी भी दुश्मन पर विजय प्राप्त कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ईरान में आर्थिक नीतियों को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। ईरान में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बीच कुछ प्रदर्शनकारी देश में शाह वंश की वापसी की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी निर्वासित युवराज रजा पहलवी के आह्वान का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। अशांत ईरान में प्रदर्शनकारियों ने 'पहलावी वापस आएंगे' के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्वासित युवराज रजा पहलवी अगले सप्ताह मार-ए-लागो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि अभी तक इस मुलाकात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ट्रम्प और पहलवी की मुलाकात यरुशलम प्रेयर ब्रेकफास्ट में होगी। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि स्वीडन प्रदर्शनकारियों की आवाज सुनता है और उनकी 'स्वतंत्रता के लिए साहसी लड़ाई' का समर्थन करता है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि ईरानी जनता एक बार फिर दमन के खिलाफ उठ खड़ी हुई है। हम उनकी आवाज सुनते हैं और स्वतंत्रता के लिए उनके साहसी संघर्ष का समर्थन करते हैं। स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य की स्पष्ट मांगों को हिंसा और दमन से लंबे समय तक चुप नहीं कराया जा सकता। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने भी ईरान के प्रदर्शनकारियों की प्रशंसा की। बेल्जियम पीएम ने कहा कि कई वर्षों के दमन और आर्थिक कठिनाइयों के बाद साहसी ईरानी स्वतंत्रता के लिए खड़े हो रहे हैं। वे हमारे पूर्ण समर्थन के पात्र हैं। हिंसा के माध्यम से उन्हें चुप कराना अस्वीकार्य है। राजधानी तेहरान के पूर्वी हिस्से में एक हिंसक घटना सामने आई। एक सरकारी इमारत में आग लगा दी गई।

## ट्रम्प का दावा: ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। यह ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर है। मशहद में इमाम रजा का पवित्र दरगाह भी है, जो शिया

**■ ईरान के 100 शहरों में 13 दिनों से महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन जारी, अब तक 45 की मौत**

मुसलमानों का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल माना जाता है। हालांकि, शहर पर कब्जे को लेकर ट्रम्प के दावे की पुष्टि नहीं हो पाई है। किसी भी भरोसेमंद रिपोर्ट में यह साबित नहीं हुआ है कि सुरक्षा बल पूरी तरह शहर छोड़ चुके हैं या मशहद पूरी तरह प्रदर्शनकारियों के कब्जे में चला गया है। ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए।

## कीव पर रूसी हमलों में चार लोगों की मौत 25 अन्य घायल

**कीव।** यूक्रेन पर पूरी रात रूस ने बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल से हमला किया जिसमें राजधानी कीव में कम से कम चार लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। कीव के अभियोजक कार्यालय ने कहा कि मृतकों में से तीन एक आवासीय परिसर के निवासी थे और चौथा 58 वर्षीय आपातकालीन चिकित्सा कर्मी था जिसकी सहायता प्रदान करने के दौरान मौत हो गई। कार्यालय ने यह भी कहा कि घायलों में चिकित्सा कर्मी, बचावकर्मी और एक पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इस हमले से कीव के सात जिले प्रभावित हुए, जिसमें दूतावास भवन, एक किंडरगार्टन और अन्य सुविधाओं सहित 19 अपार्टमेंटों को नुकसान पहुंचा। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने हमले में 242 ड्रोन और 36 मिसाइलें दागीं, जिनमें रूसी रॉकेट प्रक्षेपण परिसर, कपुस्टिन यार परीक्षण स्थल से दागी गई एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने इस हमले को अंजाम दिया, जिसमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का उपयोग किया गया, जो परमाणु पेलोड ले जाने में भी सक्षम है और इसका लक्ष्य यूक्रेन में महत्वपूर्ण सुविधाएं थीं।

# ट्रम्प बोले: मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल्स का राज चल रहा

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने शीनबाम से कई बार अमेरिकी सैनिक भेजकर कार्टेल्स को खत्म करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। शीनबाम ने जोर देकर कहा कि मेक्सिको एक

**■ जमीनी हमले कर इन्हें खत्म करेंगे, मेक्सिको की राष्ट्रपति बोलीं: अमेरिका कहीं का मालिक नहीं**

स्वतंत्र और संप्रभु देश है। यहां सहयोग तो किया जा सकता है, लेकिन हस्तक्षेप नहीं। उन्होंने ड्रग तस्करी रोकने में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग का जिक्र किया, लेकिन अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को सिरे से नकार दिया। ट्रम्प ने अक्टूबर 2025 में कहा था कि वो ड्रग तस्करी से निपटने के लिए मेक्सिको में अमेरिकी सेना और खुफिया अधिकारियों को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा अमेरिकी न्यूज चौनल एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट में किया गया था। रिपोर्ट में दो मौजूदा और दो रिटायर्ड अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस मिशन में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) भी शामिल हो सकती है। इन अधिकारियों के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन ने मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स को निशाना बनाने के लिए इस आपरेशन की प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस संभावित मिशन से जुड़ी शुरुआती ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। प्लान के मुताबिक, मेक्सिको की जमीन पर भी आपरेशन हो सकता है।

# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में कड़ाके की ठंड जारी

## तापमान में तेजी से गिरावट, द्रास का तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा



**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख इन दिनों शीत लहर के साथ कड़ाके की ठंड की गिरफ्त में है। पूरे क्षेत्र में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है और कई स्थानों पर मौसम का अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में इस मौसम की सबसे सर्द रात रिकॉर्ड की गई, जबकि द्रास न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस के साथ लद्दाख में सबसे ठंडा स्थान रहा। कड़ाके की ठंड के कारण श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील के किनारे बर्फ की चादरें जम गई है। विभाग के अनुसार कश्मीर घाटी, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 5.1 से नीचे है। अनंतनाग जलि के पहलगाम पर्यटक रिजॉर्ट में कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 9.2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया था। दक्षिण कश्मीर में, पुलवामा और शोपियां में क्रमशः शून्य से नीचे 7.5 और 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह जम्मू में तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटरा में 3.5, बनिहाल में शून्य से नीचे 0.9, बटोटे में 1.0, भद्रवाह में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री, कठुआ में 6.0, और पुंछ में 1.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा स्थान रहा। लेह में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि कारगिल में तापमान शून्य से नीचे 13.2 तक गिर गया।

# रूस का यूक्रेन पर 242 ड्रोन और 35 मिसाइलों में हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर गुरुवार रात बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक हमले में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 242 ड्रोन, 13 बैलिस्टिक मिसाइलें, एक ओरेशनिक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल और 22 क्रूज मिसाइलें दागीं।

हमले के बाद कई इलाकों में बिजली और हीटिंग सप्लाई बाधित हुई है। जेलेंस्की ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है और एनर्जी स्टाफ की बैठक बुलाकर मरम्मत और संसाधनों की समीक्षा की जाएगी। हमले में



**■ जेलेंस्की बोले: हमले 4 की मौत, दर्जनों घायल**

यूक्रेन स्थित कतर दूतावास की एक इमारत भी ड्रोन की चपेट में आई।

# अमेरिका दो रूसी नागरिकों को करेगा रिहा

## तीन भारतीयों समेत अन्य के भविष्य पर संशय बरकरार

**मास्को।** रूस ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अमेरिकी सेना ने जिस तेल टैंकर को अपने कब्जे में लिया था, उससे दो रूसी नागरिकों को रिहा करने के लिए अमेरिका मान गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है।

हालांकि, जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। मामले में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने बुधवार को उत्तरी अटलांटिक में रूसी झंडे वाले टैंकर 'मैरिनेरा' (पूर्व नाम बेला 1) को जब्त कर लिया था। इस जहाज पर कुल मिलाकर 17 यूक्रेनी, छह जार्जियाई, तीन भारतीय और दो रूसी नागरिक सवार थे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बताया कि उनके अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति



**■ जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है**

डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों रूसी नागरिकों को रिहा करने का फैसला लिया है। जखारोवा ने कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और अमेरिकी नेतृत्व का आभार जताते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वे अपने नागरिकों की जल्द घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि, रूसी बयान में भारतीयों या अन्य देशों के नागरिकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। रूसी विदेश मंत्रालय की यह बयान मास्को द्वारा वाशिंगटन से समुद्री नेविगेशन की स्वतंत्रता पर अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने और उसकी 'नव-उपनिवेशवादी' प्रवृत्तियों को सख्ती से खारिज करने के एक दिन बाद आई है। गुरुवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम वाशिंगटन से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नियमों का पालन करने और मैरिनेरा टैंकर जैसे जहाजों के खिलाफ अवैध कार्रवाई बंद करने की मांग करते हैं। दूसरी ओर, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने स्पष्ट किया कि टैंकर को अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में पकड़ा गया है।

# पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे: डेनमार्क

## कहा: हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं, ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

**कोपनहेगन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।

बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया

**■ यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था**



था और सैनिकों को समझ नहीं आया था कि क्या किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है। पिछले साल एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने बार-बार कहा है कि हमारा देश बिकाऊ नहीं है। 1951 का छोटा रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, जिसमें ग्रीनलैंड की सेमी-आटोनामस सरकार को शामिल किया गया, ताकि अमेरिकी सैन्य गतिविधियां स्थानीय लोगों को प्रभावित न करें। इस समझौते की शुरुआत दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुआ, जब डेनमार्क नाजी कब्जे में था और उसके वाशिंगटन दूत ने अमेरिका के साथ ग्रीनलैंड के लिए रक्षा समझौता किया। उन्हें डर था कि नाजी ग्रीनलैंड को अमेरिका पर हमले के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। उस समय अमेरिकी सैनिकों ने द्वीप पर कई आधार बनाए और जर्मनों को हटाया। युद्ध के बाद अमेरिका ने कुछ बेस अपने पास रखे, लेकिन कोल्ड वार खत्म होने पर ज्यादातर बंद कर दिए। अब अमेरिका के पास सिर्फ पिटुफिक स्पेस बेस बचा है, जो मिसाइल ट्रैकिंग करता है। डेनमार्क की भी वहां हल्की मौजूदगी है, जैसे डाग स्लेज वाली स्पेशल फोर्सेस। हाल में डेनमार्क ने अपनी बेस अपग्रेड करने का वादा किया है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है।




